





गायक जुबिन गर्ग का प्रबंधक व आयोजक गिरफ्तार
- 12



अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के प्रस्ताव पर हमास ने नहीं दिया जवाब
- 13



हम गेंदबाजों और बल्लेबाजों दोनों की मददगार पिचों पर खेलना चाहते हैं : गिल
- 14

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

आश्विन शुक्ल पक्ष दशमी 07:11 उपरांत एकादशी विक्रम संवत 2082

गुरुवार, 2 अक्टूबर 2025, वर्ष 4, अंक 51, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये

कन्या पूजन



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महानवमी पर गोरखपुर में कन्या पूजन किया। देवी स्वरूपा कन्याओं के पांव पखारे, अपने हाथों से भोजन परोसा और दक्षिणा-उपहार देकर उनका आशीर्वाद लिया।

## केंद्रीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 3 % बढ़ाया

नई दिल्ली, एजेंसी

मंत्रिमंडल के फैसले

- 1 करोड़ 18 लाख कर्मियों-पेंशनर्स को मिला दिवाली का तोहफा



केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दिवाली का तोहफा देते हुए बुधवार को लगभग 49.19 लाख केंद्र सरकार के कर्मचारियों और 68.72 लाख पेंशनभोगियों के महंगाई भत्ते (डीए) और महंगाई राहत (डीआर) में तीन प्रतिशत की वृद्धि की।

डीए और डीआर अभी तक मूल वेतन/पेंशन का 55 प्रतिशत था और इसमें तीन प्रतिशत की वृद्धि एक जुलाई, 2025 से प्रभावी है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी देते हुए कहा कि डीए और डीआर में वृद्धि के कारण राजकोष पर कुल मिलाकर 10,083.96 करोड़ रुपये का सालाना प्रभाव पड़ेगा।

### खुलेंगे 57 नए केंद्रीय विद्यालय

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 57 नए केंद्रीय विद्यालय (केवी) खोलने के लिए बुधवार को मंजूरी दी, जिससे 86 हजार से अधिक विद्यार्थी लाभान्वित होंगे। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इन 57 नए केंद्रीय विद्यालयों में से सात केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा और शेष राज्य सरकारों द्वारा प्रायोजित किए जाएंगे। नव स्वीकृत 20 केंद्रीय विद्यालयों को ऐसे जिलों में खोलने का प्रस्ताव है, जहां केंद्रीय सरकार के कर्मचारियों की महत्वपूर्ण संख्या के बावजूद वर्तमान में कोई केंद्रीय विद्यालय नहीं है।

### गेहूं का एमएसपी 160 रुपये बढ़ा

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने फसल विपणन सत्र 2026-27 के लिए गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 6 .59 प्रतिशत बढ़ाकर 2,585 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया। इस तरह गेहूं के एमएसपी में 160 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गई है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि कुसुम (सैफ्लावर) की एमएसपी में 600 रुपये जबकि मसूर में 300 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की गई है। रेपसीड एवं सरसों के लिए यह वृद्धि 250 रुपये है जबकि चने में 225 रुपये, जौ में 170 रुपये प्रति क्विंटल वृद्धि की गई है।

यह वृद्धि 7वें केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित स्वीकृत फॉर्मूले के अनुसार है। डीए और डीआर में यह बढ़ोतरी जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने के कुछ दिनों बाद हुई है। केंद्र वर्ष में दो बार डीए और डीआर में संशोधन करता है। मार्च में घोषित पिछला संशोधन एक जनवरी से प्रभावी था। केंद्र ने पिछले महीने रेलवे कर्मचारियों के लिए प्रदर्शन आधारित बोनस को मंजूरी दी थी।

**सूचना**

सभी सुधी पाठकों, अभिकर्ताओं और विज्ञापनदाताओं को विजयादशमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं। इस अवसर पर 2 अक्टूबर (गुरुवार) को कार्यालय में अवकाश रहेगा। अगला अंक 4 अक्टूबर (शनिवार) को प्रकाशित होगा।

– संपादक

## प्रतिबंधों-साजिशों के बावजूद संघ ने कभी कटुता नहीं दिखाई : मोदी

### आरएसएस की स्थापना के शताब्दी अवसर पर बोले प्रधानमंत्री

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की स्थापना की शताब्दी के अवसर पर बुधवार को आरएसएस की प्रशंसा की और कहा कि प्रतिबंधों और साजिशों के बावजूद संगठन ने कभी कटुता नहीं दिखाई क्योंकि यह राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत पर काम करता रहा। संघ के शताब्दी समारोह में भाग लेते हुए मोदी ने राष्ट्र निर्माण में संघ के योगदान पर प्रकाश डाला और कहा कि संघ जाति या पंथ के भेदभाव को दूर करके सद्भाव को बढ़ावा देने और एक समावेशी समाज का संदेश फैलाने के लक्ष्य के साथ देश के कोने-कोने तक पहुंचा है।

मोदी ने कहा कि संघ ने अंग्रेजों के अत्याचारों के खिलाफ लड़ाई लड़ी है। उनका एकमात्र हित हमेशा राष्ट्र के प्रति प्रेम रहा है। उन्होंने कहा कि संघ के स्वयंसेवकों ने स्वतंत्रता सेनानियों को शरण दी और इसके संस्थापक डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार भी स्वतंत्रता संग्राम के दौरान कई बार जेल गए थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि आरोप लगाकर और झूठे मामले दर्ज करके आरएसएस की भावना को कुचलने के कई प्रयास किए गए हैं। उन्होंने महात्मा गांधी की हत्या के बाद आरएसएस पर लगे प्रतिबंध का स्पष्ट संदर्भ देते हुए कहा कि आरएसएस ने अपने खिलाफ झूठे मामले दर्ज होने, प्रतिबंध लगाने और अन्य चुनौतियों के बावजूद कभी कटुता नहीं दिखाई, क्योंकि हम ऐसे समाज का हिस्सा हैं जहां हम अच्छे और बुरे, दोनों को स्वीकार करते हैं। उसका यही मंत्र रहा है कि जो अच्छा है, जो कम अच्छा, सब हमारा है।

मोदी ने कहा कि तत्कालीन आरएसएस प्रमुख माधव गोलवलकर को भी झूठे मामले में फंसाकर जेल भेज दिया गया था। फिर भी जब वह बाहर आए तो उन्होंने शांत मन से कहा कि कभी कभी जीभ दांतों के नीचे आकर दब जाती है, कुचल जाती है, लेकिन हम दांत नहीं तोड़ देते, क्योंकि दांत भी हमारे हैं, जीभ भी हमारी है।



नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी समारोह के दौरान विशेष डाक टिकट जारी करते प्रधानमंत्री मोदी।

- कहा-राष्ट्र निर्माण में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सराहनीय भूमिका, लोकतंत्र में अटूट विश्वास

### संघ के 100 साल पर डाक टिकट, सिक्का जारी किया

प्रधानमंत्री ने आरएसएस की स्थापना के 100 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में एक विशेष डाक टिकट और एक स्मारक सिक्का भी जारी किया। उन्होंने कहा कि 100 रुपये के सिक्के पर एक तरफ राष्ट्रीय चिन्ह है, तो दूसरी तरफ सिंह पर विराजमान भारत माता की छवि और स्वयंसेवक भक्ति और समर्पण के साथ उनके सामने नतमस्तक होते दिख रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार भारतीय मुद्रा पर भारत माता की छवि अंकित की गई है, जो अत्यंत गौरव और ऐतिहासिक महत्व का क्षण है।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक 'स्वयंसेवक' का लोकतंत्र और संवैधानिक संस्थाओं में अटूट विश्वास है, जिसने उन्हें चुनौतियों का सामना करने की शक्ति दी। उन्होंने कहा कि जब आपातकाल लगाया गया, तो इसी विश्वास ने प्रत्येक स्वयंसेवक को उसका सामना करने की शक्ति दी। मोदी ने कहा कि समाज के साथ एकजुटता और संवैधानिक संस्थाओं में आस्था - इन दो मूल मूल्यों ने स्वयंसेवकों को हर संकट में धैर्यवान और संवेदनशील बनाए रखा है।

**ब्रीफ न्यूज**

### वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने पर होगा जश्न

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूरे होने का जश्न पूरे देश में मनाया जाएगा। संविधान सभा ने बंकिमचंद्र चटर्जी द्वारा रचित 'वंदे मातरम्' को राष्ट्रीय गीत का दर्जा दिया था। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के दौरान इस गीत की भूमिका को ध्यान में रखते हुए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इसके 150वें वर्ष के उपलक्ष्य में देशव्यापी समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

### कांग्रेस अध्यक्ष खरगे को पेसमेकर लगाया

**बेंगलुरु।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को बुधवार को पेसमेकर लगाया गया। उनके बेटे और कर्नाटक के मंत्री प्रियंक खरगे ने बताया कि 83 वर्षीय खरगे को मंगलवार को शहर के एमएस रमैया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्हें पेसमेकर लगाने की सलाह दी गई थी। वह अब बेहतर हैं।

## आरबीआई ने रेपो रेट को 5.5 % पर स्थिर रखा

मुंबई, एजेंसी

- चालू वित्त वर्ष के लिए आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत किया



भारतीय रिजर्व बैंक ने उम्मीद के मुताबिक बुधवार को प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 5.5 प्रतिशत पर बरकार रखा। अमेरिकी शुल्क के प्रभाव के साथ-साथ पूर्व में नीतिगत दर में की गई कमी और हाल ही में कर दरों में कटौती के परिणामों पर अधिक स्पष्टता की प्रतीक्षा के साथ आरबीआई ने यह निर्णय किया। हालांकि, आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने आने वाले महीनों में अमेरिकी शुल्क के किसी भी प्रभाव से अर्थव्यवस्था को सहारा देने के लिए रेपो दर में कमी की संभावना का संकेत दिया। केंद्रीय बैंक ने मौजूदा परिस्थितियों पर गौर करते हुए चालू वित्त वर्ष के लिए आर्थिक वृद्धि के अनुमान को बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया। साथ ही खुदरा मुद्रास्फीति के अनुमान को घटाकर 2.6 प्रतिशत किया है।

छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने आम सहमति से रेपो दर को 5.5 प्रतिशत पर बरकरार रखने के पक्ष में मतदान किया। इसके साथ ही मौद्रिक नीति रुख 'तटस्थ' बनाए रखने का भी फैसला लिया। इसका मतलब है कि केंद्रीय बैंक आर्थिक स्थिति के हिसाब से नीतिगत दर में समायोजन को लेकर लचीला बना रहेगा। यह लगातार दूसरी बार है, जब रेपो दर को यथावत रखा गया है। इससे पहले, केंद्रीय बैंक के गवर्नर की अध्यक्षता वाली एमपीसी ने फरवरी से जून तक रेपो दर में एक प्रतिशत की कटौती की थी। मल्होत्रा ने अमेरिका के भारतीय आयात पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाने और एच1-बी वीजा मानदंडों को कड़ा करने का उल्लेख करते हुए कहा कि व्यापार संबंधी अनिश्चितताएं भी बढ़ रही हैं।

### रेपो दरों को स्थिर रखना विवेकपूर्ण कदम : मल्होत्रा

मल्होत्रा ने कहा कि नीतिगत कदमों के प्रभाव को समझने और अगला कदम उठाने से पहले चीजें अधिक स्पष्ट होने के लिए दरों को स्थिर रखना विवेकपूर्ण कदम है। एमपीसी के निर्णयों की घोषणा करते हुए उन्होंने कहा कि मौजूदा वृहद आर्थिक परिस्थितियों और भविष्य ने वृद्धि को और अधिक समर्थन देने के लिए नीतिगत गुंजाइश पैदा की है। एमपीसी ने इस बात पर भी गौर किया कि पूर्व में उठाए गए मौद्रिक नीति और हाल के राजकोषीय उपायों का प्रभाव अभी भी जारी है।

## दो किशोरों की हत्या के बाद किसान ने 3 परिजनों समेत लगाई आग

संवाददाता, बहराइच

सनसनी

- बहराइच में 6 लोगों की मौत से मचा हड़कंप, चार मवेशी भी जिंदा जले
- डीआईजी समेत पुलिस-प्रशासनिक अमले ने किया गांव का दौरा

**अमृत विचार :** जिले के निंदुनपुरवा टेपरहा गांव में बुधवार सुबह एक घर के अंदर छह लोगों के शव मिलने से सनसनी फैल गई। एक किसान ने दो किशोरों को खेत में लहसुन की बोवाई के लिए बुलाया। घर पहुंचकर किसान ने इन दोनों किशोरों की धारदार हथियार से हत्या कर दी और स्वयं पूरे परिवार और मवेशियों को बंद करके घर में आग लगा दी। जिससे किसान, उसकी पत्नी और दो बेटियों की जलकर मौत हो गई। चार मवेशी भी जिंदा जले हैं। अभी कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस ने फायर ब्रिगेड के साथ मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।

रामगांव थाना क्षेत्र के निंदुनपुरवा टेपरहा गांव में विजय कुमार मौर्य खेती और पशुपालन का काम करता था। बुधवार सुबह खेत में लहसुन की बोवाई के लिए विजय ने गांव के सूरज यादव (14) पुत्र लच्छी राम, शनी वर्मा (13) पुत्र ओमप्रकाश और किशन को घर बुलवाया। काम करने के बाद विजय ने किशन को किसी अन्य काम से बाहर भेज दिया। उसके कुछ देर बाद विजय के घर से आग की लपटें उठने लगीं, ग्रामीण दौड़ कर पहुंचे तो घर का दरवाजा अंदर से बंद पाया। सूचना पर दमकल के साथ पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो एक कमरे में सूरज व शनि की लाश पड़ी थी तथा दूसरे कमरे में विजय मौर्य (40) तथा कमरे की टांड़ पर पत्नी धीरज कुमारी (35), बड़ी बेटी प्रियांशी (8) और छोटी बेटी रियांशी (6) के झुलसे हुए शव पड़े थे। शनि के चाचा कुलदीप ने बताया कि दोनों किशोरों का गला और हाथ की तीन उंगलियां कटी हुई थीं। मौके पर पहुंचे डीआईजी देवीपाटन परिक्षेत्र अमित पाठक ने बताया कि घटना के सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति साफ हो सकेगी।

एसपी रामनयन सिंह ने कहा कि मौके से खून व सिंदूर का मिलना भी कई सवाल खड़ा करता है। पता चला है कि विजय मानसिक रूप से बीमार रहता था। आग लगाने से पहले उसने बाहर बंधे मवेशियों को भी अंदर कर लिया था, जिससे यह लगता है कि वह सब कुछ खत्म कर देना चाहता था। मौके पर जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी भी पहुंचे थे।

## मुठभेड़ में दो गैंगस्टर के पैर में लगी गोली, लूटी गन बरामद

कार्यालय संवाददाता, बरेली

बरेली बवाल

- दंगा कराने की कोशिश में लगे डॉ. नफीस, बेटे समेत 9 को भेजा जेल

**अमृत विचार :** शहर में हुए बवाल में अपराधी और गैंगस्टर भी शामिल हुए थे। पथराव और फायरिंग के दौरान एसपी सिटी मानुष पारीक के गनर से एंटी रायट गन लूटने वाले दो गैंगस्टरों की सीबीगंज पुलिस के साथ बुधवार सुबह मुठभेड़ हो गई। पुलिस ने दोनों के घुटने में गोली मारकर गिरफ्तार कर लिया। साथ ही लूटी हुई एंटी रायट गन भी बरामद की है। उधर, दंगा कराने की कोशिश में लगे तौकीर रजा के करीबी डॉ. नफीस खां और उनके बेटे समेत 8 और आरोपियों को जेल भेजा है। अभी तक कुल 82 उपद्रवी गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

आई लव मोहम्मद पोस्टर विवाद को लेकर आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां के आह्वान पर जुमे की नमाज के बाद शहर में विरोध प्रदर्शन कर रहे उपद्रवियों ने पुलिस पर पथराव और फायरिंग करते हुए दुकानों में तोड़-फोड़ की थी। बवाल में अपराधियों और गैंगस्टरों ने भी हाथ आजमाए थे। इसका खुलासा बुधवार की सुबह सीबीगंज पुलिस के साथ दो गैंगस्टरों से मुठभेड़ के बाद हुआ।

सीबीगंज पुलिस सूचना के आधार पर बंडिया नहर हाईवे पुलिया के पास वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी बीच दो बदमाश बाइक से आते दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो दोनों ने फायरिंग करना शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाशों के पैर में गोली जा घुसी। इसके बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान इस्लामनगर पंखा खेड़ा थाना मदनापुर शाहजहांपुर निवासी इदरीश और इकबाल के रूप में हुई। इदरीश पर गंभीर आरोपों में 20 और इकबाल पर 17 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

## फिलीपींस में भूकंप से 69 की मौत

- 6.9 रही तीव्रता, राहत कार्य और बचाव अभियान जारी

**मनीला, एजेंसी।** फिलीपींस के मध्य क्षेत्र में सेबू प्रांत में मंगलवार रात आए 6.9 तीव्रता के भूकंप में मरने वालों की संख्या बढ़कर 69 हो गई है।

फिलीपींस के नागरिक सुरक्षा कार्यालय (ओसीडी) के उप प्रशासक, सहायक सचिव बर्नार्डो राफेलिटो एलेजांद्रो ने बुधवार को बताया कि भूकंप के केंद्र बोगो सिटी में 30 लोग, मेडेलिन टाउन में 10, सैन रेमिगियो टाउन में 22, ताबोगोन टाउन में पांच, और सोगोद और ताबुएलान नगरपालिकाओं में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई है। पीड़ितों की मौत घरों और इमारतों के ढहने से मलबे में दबने और कुचले जाने के कारण हुई। कम से कम इसमें 147 लोग घायल हुए। एलेजांद्रो ने बताया कि मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है क्योंकि आपातकालीन कर्मचारी मलबे और ढही इमारतों में फंसे बचे लोगों के लिए खोज और बचाव अभियान जारी रखे हुए हैं।

## वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर 15.50 रुपये महंगा हुआ

**नई दिल्ली।** विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमत में बुधवार को तीन प्रतिशत से अधिक और वाणिज्यिक एलपीजी की कीमत में 15.50 रुपये प्रति सिलेंडर की वृद्धि की गई। तेल कंपनियों ने होटल और रेस्त्रां में इस्तेमाल होने वाले वाणिज्यिक एलपीजी की कीमत 15.50 रुपये प्रति सिलेंडर (19 किग्रा) बढ़ा दी। राष्ट्रीय राजधानी में वाणिज्यिक एलपीजी की कीमत अब 1,595.50 रुपये है। यह बढ़ोतरी छह महीने की कटौती के बाद हुई है, जिसमें पिछली कटौती एक सितंबर को 51.50 रुपये की थी। इन छह कटौतियों में अप्रैल से अब तक कीमतों में 223 रुपये प्रति सिलेंडर की कमी की गई है।

कसा शिकंजा

**राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट के अनुसार, यूपी में सांप्रदायिक दंगे शून्य**

## देश के मुकाबले उत्तर प्रदेश में अपराध एक चौथाई कम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- विभिन्न अपराध श्रेणियों में भी दर्ज की गई उल्लेखनीय कमी

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की क्राइम इन इंडिया 2023 के आंकड़ों के मुताबिक 2023 में यूपी में सांप्रदायिक एवं धार्मिक दंगों की संख्या शून्य रही है। यही नहीं पूरे देश के मुकाबले यूपी में अपराध एक चौथाई कम है। देश के सबसे बड़े राज्य में कुल अपराध दर राष्ट्रीय औसत से 25 फीसद कम रही, जो 448.3 के मुकाबले 335.3 रही। एनसीआरबी के आंकड़े साबित करते हैं कि 2017 के बाद उप्र. अब शांति व सामाजिक सद्भाव का गढ़ बन चुका है।

एनसीआरबी रिपोर्ट में यूपी में सांप्रदायिक दंगों की संख्या शून्य बताई गई, इसका कारण 2017 से प्रदेश में चली आ रही जीरो टॉलरेंस नीति को समझा जा रहा है। वहीं दूसरी ओर 2012-2017 के बीच पांच वर्षों की बात करें तो ये आंकड़े भयावह हैं।

आंकड़ों के अनुसार 815 दंगे हुए, जिनमें 192 लोगों की जान गई, जबकि 2007-2011 में 616 घटनाओं में 121 मौतें हुईं। इसके विपरीत, 2017 के बाद यूपी में कोई बड़ा दंगा नहीं हुआ। बरेली और बहराइच में दो हिंसक झड़पें हुईं, लेकिन राज्य सरकार ने 24 घंटे के भीतर शांति बहाल कर स्थिति को नियंत्रित किया। बरेली की घटना पर त्वरित कार्रवाई ने कानून-व्यवस्था को और मजबूती प्रदान की है।

### क्राइम रेट में उल्लेखनीय गिरावट

एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार, राज्य में विभिन्न अपराध श्रेणियों में राष्ट्रीय औसत से उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई। बलवा के मामलों में भारत में 39,260 मामले (क्राइम रेट 2 .8) के मुकाबले यूपी में 3,160 मामले (क्राइम रेट 1 .3) रहे, जो राष्ट्रीय औसत से आधी से भी कम है और यूपी को देश में 20वें स्थान पर है। वहीं अपहरण के मामले देश में 615 घटनाएं हुई जिसकी तुलना में यूपी में मात्र 16 घटनाओं के साथ देश में 36वें स्थान पर है। डकैती के मामलों में भारत में 3,792 (क्राइम रेट 0 .3) के मुकाबले यूपी में 73 मामले दर्ज हुए, जो इसे नियर जीरो क्राइम रेट की श्रेणी में लाता है। बड़ी जनसंख्या के बावजूद यह कमी योगी सरकार की सख्त नीतियों और त्वरित कार्रवाई का परिणाम है।

### महिला अपराध : सजा दिलाने में प्रथम

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी प्रदेशवासियों को शारदीय नवरात्र की पावन महानवमी एवं गुरुवार को मनाए जाने वाले विजयदशमी पर्व की हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि जीवन के किसी भी पक्ष में नारी शक्ति के बगैर सृष्टि की कल्पना ही नहीं की जा सकती। नारी शक्ति के प्रति सम्मान, सुरक्षा और स्वावलंबन के लिए इसी भाव के साथ अनेक कार्यक्रम चला रही है। इन कार्यक्रमों के परिणामस्वरूप सुखद तथ्य यह है कि आबादी के दृष्टिकोण से देश का सबसे बड़ा राज्य होने के बावजूद उत्तर प्रदेश में महिलाओं के प्रति अपराध न्यूनतम है। जबकि महिलाओं के प्रति होने वाले अपराध के मामले में सजा दिलाने में यह प्रदेश देश में नंबर वन है।

## न्यूज ब्रीफ

### विजय धर्म की ही होती है : राज्यपाल

अमृत विचार, लखनऊ : राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने विजय दशमी पर्व पर समस्त देश एवं प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई दी है। साथ ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर देश एवं प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने बुधवार को अपने बधाई संदेश में कहा कि विजय दशमी पावन पर्व हमें स्मरण कराता है कि असत्य कितना भी प्रबल क्यों न हो, अंतत: विजय सत्य और धर्म की ही होती है।

### विजयादशमी से मिलती है सदाचार की प्रेरणा : महाना

अमृत विचार, लखनऊ : विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने विजयदशमी (दशहरा) पर्व की प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि यह पर्व हमें यह प्रेरणा देता है कि जीवन में सदैव सत्य, नैतिकता और सदाचार के मार्ग पर चलकर ही वास्तविक सफलता प्राप्त की जा सकती है। साथ ही सभी नागरिकों के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और प्रगति की मंगलकामना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि यह पर्व प्रदेश में सामाजिक सद्भाव, भाईचारा और आपसी सौहार्द को और सुदृढ़ करेगा।

### सपा प्रमुख ने दी पर्व की बधाई

अमृत विचार, लखनऊ : सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने विजयादशमी पर्व की देशवासियों को बधाई दी, और कहा है कि विजयदशमी का दिन हमें अन्याय पर न्याय की विजय का संदेश देता है। साथ ही 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर शुभकामनाएं दीं।

### आरएसएस पर जातीय भेदभाव का आरोप

अमृत विचार, लखनऊ : आम आदमी पार्टी (आप) उप्र. के प्रभारी व राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने आरएसएस पर मनुवादी व्यवस्था और जातीय भेदभाव तथा छुआछूत की व्यवस्था में विश्वास रखने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि आरएसएस में 'राष्ट्रीय' शब्द लगा होने के बावजूद, यह संगठन देश की 85 प्रतिशत आबादी (दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों) का प्रतिनिधित्व क्यों नहीं करता है। साथ ही आश्चर्य है कि एक भी महिला को भी संघ का प्रमुख नहीं बनाया गया। आप सांसद ने बुधवार को जारी बयान में और कहा कि यह संगठन बाबा साहब भीमराव आंबेडकर और उनके संविधान के खिलाफ है। उन्होंने जनता से ऐसे संगठनों से सावधान रहने की अपील की।

# रोडवेज एसी बसों में 10 फीसद कम होगा किराया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- दशहरा व दीपावली पर योगी सरकार ने दिया तोहफा

अमृत विचार : राज्य सरकार ने प्रदेशवासियों को दशहरा और दीपावली पर तोहफ़ा दिया है। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) द्वारा संचालित सभी वातानुकूलित बसों के किराए में की गई लगभग 10 फीसद की कमी को अग्रिम आदेशों तक जारी रखा जाएगा।

परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि सरकार जनता को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इस निर्णय से यात्रियों को कम किराए में आरामदायक सफ़र की सुविधा मिलेगी। यह छूट जनरथ, पिंक, शताब्दी, वोल्वो, वातानुकूलित शयनयान जैसी सेवाओं पर लागू होगी। हालांकि, 1 जनवरी 2024 के बाद पंजीकृत नई वातानुकूलित बसों पर यह छूट लागू नहीं होगी।

**ये होगा किराया**

- 3*2 बस सेवा – 1.45 रु. प्रति किलोमीटर
- 2*2 बस सेवा – 1.60 रु. प्रति किलोमीटर
- हाई एंड (वोल्वो) बसें – 2.30 रु. प्रति किलोमीटर
- वातानुकूलित शयनयान – 2.10 रु. प्रति किलोमीटर

> निगम की सकल आय पर असर न पड़े, इसके लिए बसों पर तैनात चालक-परिचालकों को प्रेरित कर अधिक यात्रियों को आकर्षित करने के लिए विशेष काउंसिलिंग की जाएगी।
>
> – दयाशंकर सिंह, परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

## 2 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने मंदिरों में किए देवी मां के दर्शन

अमृत विचार, लखनऊ : इस बार पूर्वांचल के विंध्यवासिनी धाम से लेकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के शाकंभरी मंदिर तक सभी देवी मंदिरों में नवरात्र के नौ दिनों में ही लगभग 2 करोड़ भक्तों ने मां के दरबार में हाजिरी लगाई। इनमें से केवल विंध्यवासिनी धाम में ही 50 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने मां का आशीर्वाद लिया। वाराणसी में 51 शक्तिपीठों में गिने जाने वाले मां विशालाक्षी मंदिर में सामान्य दिनों की तुलना में नवरात्र पर भक्तों की संख्या कई गुना बढ़ गई। वहीं, पश्चिमी उप्र. का सहारनपुर जिला भी आस्था से सराबोर रहा। नवरात्रि के नौ दिनों में शाकंभरी धाम में लगभग 7 लाख और मां त्रिपुर बाला सुंदरी मंदिर में करीब 4 लाख श्रद्धालुओं ने मत्था टेका। बलरामपुर स्थित मां पाटेश्वरी मंदिर में इस नवरात्र करीब 6.50 लाख श्रद्धालु पहुंचे। सप्तमी से नवमी तक यहां सबसे अधिक भीड़ रही। प्रयागराज के मां अलोप शंकरी धाम में नवरात्र के दौरान करीब 12 लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे। सप्तमी, अष्टमी और नवमी पर प्रतिदिन ढाई लाख तक भक्त मां के दरबार में हाजिरी लगाने आए।

## गायत्री प्रजापति की हालत स्थिर

अमृत विचार, लखनऊ : किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में भर्ती पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति की तबीयत स्थिर बनी हुई है। सीटी स्कैन समेत दूसरी जरूरी जांचें कराई गई हैं।



डॉक्टरों की टीम उनकी सेहत की निगरानी कर रही है। जेल में हुए हमले के बाद घायल गायत्री प्रजापति को मंगलवार रात केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया। उनके सिर व हाथ में चोट लगी है। केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने बताया कि वर्तमान में वह पूर्णतः खतरे से बाहर हैं। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि गायत्री प्रजापति पर जेल में हुए हमले की निष्पक्ष न्यायिक जांच हो।

# हर भारतीय राष्ट्रहित की सोचे : होसबोले

## 'राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ : विचार यात्रा के 100 वर्ष' विशेषांक का विमोचन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने कहा कि राष्ट्रधर्म एक शाश्वत धर्म है। भारत में जन्मे प्रत्येक व्यक्ति का यह कर्तव्य है कि वह सोचे- राष्ट्र के लिये जीवन में किस क्षेत्र में हम क्या कर सकते हैं। राष्ट्रधर्म की शुरुआत संघ के स्वयंसेवकों ने समाज में वैचारिक परिवर्तन लाने के लिए की थी, न कि आर्थिक लाभ के लिए।

सरकार्यवाह बुधवार को गोमतीनगर स्थित भागीदारी भवन सभागार में आरएसएस की शताब्दी वर्षगांठ के अवसर पर राष्ट्रधर्म पत्रिका द्वारा आयोजित विशेषांक "राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ : विचार यात्रा के 100 वर्ष" के विमोचन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।



लखनऊ में राष्ट्रधर्म पत्रिका के नए विशेषांक का विमोचन करते सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले व अन्य।

पत्रिका की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि 1948-49 के कठिन दौर से लेकर अब तक इस पत्रिका ने हिंदुत्व के विचार को समाज में पहुंचाने का कार्य किया। आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद पत्रिका का प्रकाशन नहीं रुका क्योंकि इसके पीछे संकल्प था, समाज को विचार और दृष्टि देना। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विनोद सोलंकी ने भी अपने विचार रखे। की आत्मा जागृत रही। कार्यक्रम में अखिल भारतीय प्रचारक प्रमुख स्वांतरंजन, क्षेत्रप्रचारक अनिल, प्रांत प्रचारक कौशल, कैबिनेट मंत्री असीम अरुण, राष्ट्रीय सहसंगठन मंत्री संजय कुमार, आई.आई.एम कोलकाता के निदेशक प्रो. आलोक राय, महापौर सुषमा खर्कवाल, राष्ट्रधर्म के निदेशक मनोजकांत, सर्वेश दिवेदी व अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# वृद्धजनों को नहीं भरना होगा पेंशन फॉर्म

## जीवित प्रमाण पत्र देने के लिए नहीं जाना पड़ेगा कार्यालय : असीम अरुण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने कहा कि वृद्धजनों को पेंशन पाने के लिए फॉर्म भरने की आवश्यकता नहीं होगी। सरकार के पास सभी का डेटा उपलब्ध है। इतना ही नहीं, सेवानिवृत्त कर्मियों को हर वर्ष जीवित प्रमाण पत्र के लिए विभाग या ट्रेजरी कार्यालय के चक्कर भी नहीं लगाने पड़ेंगे।

समाज कल्याण मंत्री, समाज कल्याण विभाग व हेल्पएज इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार भागीदारी भवन में अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इसकी व्यवस्था कर रही है कि जैसे ही कोई व्यक्ति 60 वर्ष का होगा। उसकी पेंशन स्वतः बन जाएगी। आवश्यक दस्तावेज सीधे मोबाइल या नजदीकी साइबर कैफे से अपलोड किए जा सकेंगे। इस मौके पर असीम अरूण ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों को वृद्धजनों का सम्मानित करने की शपथ भी दिलाई गयी।



वृद्धजन को सम्मानित करते समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण।

## राज्यकर्मियों को मिल सकता है बोनस

अमृत विचार, लखनऊ : केंद्र सरकार की तर्ज पर योगी सरकार ने भी उत्तर प्रदेश के कर्मचारियों को बोनस देने की तैयारी में है। वित्त विभाग ने हरी झंडी दिखायी तो इस दीपावली पर राज्यकर्मियों के खाते में 3400 रुपये से 7000 रुपये तक की बोनस राशि आ सकती है। हालांकि, वित्त विभाग की ओर से मंजूरी लेने के बाद ही बोनस देने का डॉक्यूमेंट तैयार होगा। समझा जा रहा है कि अक्टूबर के दूसरे सप्ताह तक बोनस संबंधी आदेश जारी हो जाएगा।

# आरएसएस : सेवा, त्याग और राष्ट्र निर्माण की शताब्दी यात्रा



राजनाथ सिंह
रक्षा मंत्री

**27 सितंबर** 1925 को जब डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की स्थापना की थी, तब शायद ही किसी ने ऐसा सोचा होगा कि आगामी सौ वर्षों में यह संगठन इतना विशाल और प्रभावशाली बन जाएगा। बीते दस दशकों में आरएसएस ने भारत की सामाजिक बुनियाद को मजबूत किया है, उसकी संप्रभुता की रक्षा की है, कमजोर वर्गों को सशक्त बनाया है और भारतीय सभ्यता के मूल्यों को संजोए रखा है। वर्तमान में आरएसएस निःस्वार्थ सेवा का जीवंत प्रतीक बन गया है। आरएसएस के शताब्दी उत्सव के अवसर पर, उसकी यात्रा को पुनः याद करना उचित भी है और आवश्यक भी।

हाल ही में दिल्ली में हुए एक कार्यक्रम में सरसंघचालक मोहन भागवत ने संघ के समावेशी विचारों पर चर्चा करते हुए कहा धर्म व्यक्तिगत पसंद का विषय है; इसमें किसी तरह का प्रलोभन या जोर-जबरदस्ती नहीं होनी चाहिए। यह वक्तव्य संघ की मूल विचारधारा को प्रतिबिंबित करता है कि समाज में टकराव नहीं, सामंजस्य हो; बिखराव नहीं, एकता हो और केवल भौतिक वस्तुओं की प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि जीवन की सार्थकता पर बल हो। यह अत्यंत स्वाभाविक बात है कि संघ के अनुकरणीय योगदान के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 79वें स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से संघ को दुनिया का सबसे बड़ा गैर-सरकारी संगठन बताया और देशवासियों को संघ की सौ साल की भव्य, प्रेरणादायक और समर्पित यात्रा के बारे में याद दिलाया।

वर्ष 1947 में जब भारत स्वतंत्रता का उत्सव माना रहा था, तब विभाजन की त्रासदी की वजह से बहुत जनहानि हुई थी और लाखों लोगों को अपने घरों से विस्थापित होना पड़ा था। ऐसी भीषण परिस्थिति में आरएसएस के स्वयंसेवक एक अनुशासित, संगठित और निःस्वार्थ सेवकों के रूप में सामने आए। विभाजन से पहले भी आरएसएस के दूसरे सरसंघचालक गुरुजी (एम. एस. गोलवलकर) और संघ के कई वरिष्ठ नेताओं ने पंजाब के विभिन्न हिंसाग्रस्त क्षेत्रों का दौरा किया था और उन्होंने वहां के लोगों को आत्मरक्षा और राहत कार्यों के लिए संगठित किया था। स्वयंसेवकों की सेवा के कारण ही द ट्रिब्यून अख़बार ने अपनी एक रिपोर्ट में आरएसएस को 'The sword arm of Punjab' कहा था।

संघ द्वारा समाज-सेवा का कार्य विभाजन के बाद भी अनवरत जारी रहा। 1984 में जब सिख विरोधी दंगे भड़काए गए और हजारों सिखों की हत्या की गई, तब भी संघ स्वयंसेवक सिखों की रक्षा और राहत कार्यों के लिए सबसे आगे थे। लेखक खुशवंत सिंह ने इस बात की पुष्टि करते हुए कहा है कि श्रीमती इंदिरा गांधी की हत्या के बाद में हिंदू-सिख एकता बनाए रखने में आरएसएस ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

भारत के एकीकरण में संघ के योगदान से भी बहुत लोग अवगत नहीं हैं। कश्मीर से गोवा और दादरा नगर हवेली तक, संघ ने भारत की अखंडता को बनाए रखने में निर्णायक भूमिका निभाई है। जब पाकिस्तान समर्थित कबायली हमलावरों ने जम्मू-कश्मीर पर आक्रमण किया तो सरदार वल्लभभाई पटेल ने महाराजा हरि सिंह को विलय के लिए राजी करने हेतु गुरुजी की मदद मांगी थी। इसके बाद गुरुजी श्रीनगर गए और उन्होंने हरि सिंह को तत्काल विलय करने के लिए मनाने का प्रयास किया था। आरएसएस स्वयंसेवकों ने 1947-48 के युद्ध के दौरान सेना की सहायता भी की थी।

1954 में स्वयंसेवकों ने दादरा और नगर हवेली को पुर्तगाली शासन से मुक्त कराने में अग्रणी भूमिका निभाई। केआर मलकानी की पुस्तक 'दि आरएसएस स्टोरी' के अनुसार, 2 अगस्त 1954 को लगभग 200 आरएसएस स्वयंसेवकों ने नाना काजरेकर और सुधीर फड़के के नेतृत्व में दादरा और नगर हवेली को आज़ाद कराया। उन्होंने राइफल, ब्रेन गन और स्टेन गन से लैस 175 पुर्तगाली सैनिकों को खदेड़ दिया। इसी तरह, गोवा की आज़ादी के लिए आरएसएस ने भूमिगत स्वतंत्रता आंदोलनों में भाग लिया था।

आरएसएस ने हमेशा भारत को मजबूत करने के लिए कार्य किया है। 1975 के दौरान, संघ ने आपातकाल का मज़बूती से विरोध किया था। इसके खिलाफ लाखों स्वयंसेवक संगठित होकर भारत के संविधान की रक्षा के लिए खड़े हो गए। जनवरी 1976 में द इकोनॉमिस्ट ने अपनी एक रिपोर्ट में लिखा था- इस आंदोलन की मुख्य ताकत जनसंघ और उससे जुड़ा संगठन आरएसएस है।

वर्ष 1952 में स्थापित, अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम, आज देश का सबसे बड़ा आदिवासी कल्याण संगठन है। वर्तमान में यह संगठन देश के 323 ज़िलों की लगभग 52,000 बस्तियों और गांवों में 20,000 से अधिक परियोजनाएं चला रहा है।

महात्मा गांधी ने कई अवसरों पर संघ के अनुशासन और राष्ट्र सेवा की प्रशंसा की है। वर्ष 1934 में गांधीजी ने वर्धा में आरएसएस के एक शिविर का दौरा भी किया था, जहां उन्होंने संघ के अनुशासन, अस्पृश्यता के पूर्ण अभाव और उच्च सादगी की सराहना की थी। विभाजन की त्रासदी के दौरान, 16 सितंबर 1947 को गांधीजी ने दिल्ली में आरएसएस की एक सभा को संबोधित किया था। इस दौरान उन्होंने संघ की सेवा एवं बलिदान की भावना की प्रशंसा की थी। 30 जनवरी 1948 को गांधीजी की हत्या के बाद, आरएसएस ने श्रद्धांजलि स्वरूप अपनी सभी शाखाएं 13 दिनों के लिए स्थगित कर दी थीं। ऐसा संघ के इतिहास में सिर्फ एक बार हुआ है। आरएसएस ने 1946 में गुवाहाटी में पहली शाखा स्थापित की और तब से इस क्षेत्र को राष्ट्रीय धारा से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बहुत सी चुनौतियों के बीच, यहां संघ ने विद्यालयों, स्वास्थ्य शिविरों, आपदा राहत कार्यों और सामुदायिक निर्माण जैसे कार्यों के ज़रिए सामाजिक पूंजी को बढ़ाया है और लोगों के बीच विश्वास कायम किया है। कोविड-19 महामारी के दौरान भी संघ और उसके स्वयंसेवकों ने बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## 20 कृषि उत्पादों को मिल सकता जीआई टैग

अमृत विचार : अपने क्षेत्र के विशेष आलू, रेवड़ी, लड्डू समेत 20 कृषि एवं खाद्य प्रसंस्कृत उत्पादों को जल्द जीआई टैग मिलेगा। लखनऊ की रेवड़ी, संडीला का लड्डू, मलवां का पेड़ा, फर्रुखाबाद का फुलवा आलू, सीतापुर की मूंगफली, कानपुर का ज्वार, रामपुर व बाराबंकी का मेंथा, गोरखपुर का पनियाल फल, मऊ का गुड़, बुलंदशहर की अरहर दाल समेत 20 कृषि उत्पादों को जीआई टैग दिलाने के लिए व्यापारी व एफपीओ ने चेन्नई स्थित मुख्यालय पर आवेदन किए थे। जिन्हें जीआई में पंजीयन कराने के लिए कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार निदेशालय में पत्राचार किया है। जल्द इनमें कुछ मानक पर खरा उतरने वाले उत्पादों को पंजीकृत किया जाएगा।




# दशहरा व विसर्जन शोभा यात्रा आज, बदला रहेगा यातायात

## विसर्जन यात्रा मार्ग पर वाहनों को प्रवेश नहीं, पुलिस व पीएसी तैनात

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** दशहरा पर्व व दुर्गा पूजा प्रतिमा विसर्जन शोभा यात्रा को लेकर सभी तैयारियां कर ली गई है। शहर की सभी दुर्गा प्रतिमाएं बुधवार रात से जीआईसी के मैदान पर एकत्र होने लगीं, गुरुवार सुबह 11 बजे से विसर्जन यात्रा प्रारंभ होगी। इसको लेकर प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। शहर के कई इलाकों में यातायात डायवर्जन भी लागू किया है।

पूरे विसर्जन यात्रा मार्ग को छह जोन व 17 सेक्टर में बांटा गया है। प्रत्येक जोन का प्रभारी सीओ स्तर व सेक्टर का प्रभारी निरीक्षक स्तर के अधिकारी को बनाया गया है। साथ ही मजिस्ट्रेट की भी तैनाती की गई है। पूरे विसर्जन मार्ग पर जगह-जगह पुलिस व पीएसी के जवानों की तैनाती की गई है। मिश्रित आबादी वाले व संवेदनशील स्थानों पर अर्धसैनिक बलों की भी तैनाती की गई है। सीसीटीवी व ड्रोन के माध्यम से विसर्जन स्थल की निगरानी की जाएगी। नशे में हुड़दंग मचाने व महिलाओं के साथ अभद्रता करने वालों पर भी नकेल कसने की तैयारी की गई है। सादे कपड़ों में तैनात महिला व पुरुष पुलिसकर्मी तत्काल भीड़ से अलग करते हुए उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेगी। वहीं, सबसे संवेदनशील स्थान चौक इकदरे से रिकाबगंज मार्ग तक दुकानों के ऊपर भी सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया जा रहा है।





"शोभायात्रा के दौरान हुड़दंग मचाने वालों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई के लिए स्पेशल पुलिस टीम बनाई गई है। पूरी यात्रा की निगरानी ड्रोन व सीटीवी कैमरों से भी की जाएगी। विसर्जन स्थल पर एसडीआरएफ के साथ जल पुलिस, गोताखोरों की टीम भी लगाई गई है। संवेदनशील इलाकों में आरएएफ की तैनाती की गई है। -डॉ. गौरव ग्रोवर, एसएसपी।"

### शहर में छह स्थानों पर होगा रावण दहन

शहर में छह स्थानों पर आज रावण के साथ मेघनाथ व कुंभकर्ण के पुतले का दहन होगा। केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी केशव बिगुलर ने बताया कि इन स्थानों में कोठापार्चा, टकसाल (चौक), हैदरगंज, शंकरगढ़, साहबगंज व फतेहगंज शामिल है। बताया कि सभी स्थानों पर तैयारियां पूरी कर ली गई है।



### सहादतगंज हाईवे से होगा रोडवेज की बसों का संचालन

विसर्जन यात्रा को लेकर गुरुवार दोपहर दो बजे के बाद अयोध्या डिपो की बसों का संचालन सहादतगंज बाईपास से होगा। एआरएम आदित्य प्रकाश ने बताया कि जो बसें डिपो से निकल चुकी होगी वह वापसी में सहादतगंज तक ही आएंगी। दो बजे के बाद बाहरी बसें भी डिपो तक नहीं आएंगी।



### ऐसे रहेगा रूट डायवर्जन

- रीडगंज चौराहे से चौक की ओर नहीं जा सकेंगे वाहन।
- गुदरी बाजार (रामपथ) से चौक की ओर सभी प्रकार के वाहनों के प्रवेश पर रोक।
- रामपथ पर नियावा चौराहे तक ही आ-जा सकेंगे वाहन।
- देवकाली से फतेहगंज व रीडगंज की ओर सिर्फ ओवर ब्रिज तक जाएंगे वाहन।
- अयोध्या-लखनऊ हाईवे से नाका से फतेहगंज चौराहे तक आ जा सकेंगे वाहन।
- पुष्पराज चौराहे से सिविल लाइन चौराहे की ओर नहीं जा सकेंगे वाहन।
- तहसील तिराहे से ईदगाह तिराहे तक ही जा सकेंगे वाहन।
- सहादतगंज से रोडवेज की ओर नहीं आ जा सकेंगे वाहन।

## जीआईसी व घाट पर तैयारियां पूरी, मजिस्ट्रेटों की हुई तैनाती

अयोध्या कार्यालय।



निर्मली कुंड विसर्जन स्थल का निरीक्षण करते डीएम निखिल टीकाराम फुंडे, एसएसपी गौरव ग्रोवर व दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारी।

**अमृत विचार:** दुर्गा पूजा महोत्सव के समापन पर दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन दो अक्टूबर को किया जाएगा। जीआईसी में बैरीकेडिंग के साथ नंबरिग की व्यवस्था है। यहां लाइटें जगमगाने लगी है। निर्मलीकुंड में नदी में प्रतिमाओं का विसर्जन नहीं किया जाएगा। इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था के तहत गड्ढा खोदवाया गया है।

विसर्जन के लिए बुधवार देर रात प्रतिमाएं जीआईसी पहुंचना शुरू होंगी। यहां से गुरुवार को दोपहर गणमान्य लोगों की अगुवाई में शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा जीआईसी से फतेहगंज, चौक रिकाबंगज होते हुए कैंट क्षेत्र से होकर सरयू तट स्थित निर्मलीकुंड पहुंचेंगी। पूरे मार्ग पर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। शोभायात्रा के आगे-पीछे भी मजिस्ट्रेट तैनात रहेंगे।

मूर्तियों के विसर्जन स्थल पर नागरिक सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। छाया, पेयजल के साथ भंडारे के आयोजन की तैयारी है। विसर्जन के लिए प्लेटफार्म तैयार कर लिया गया है। परंपरागत विसर्जन स्थल निर्मली कुंड में पानी की कमी के चलते विकल्प तैयार किया गया है। छोटे आकार की प्रतिमाओं के लिए 200 मीटर लंबा और 10 मीटर चौड़ा अस्थायी कुंड बनाया जा रहा है। बड़ी प्रतिमाओं का विसर्जन निर्मली कुंड के मुख्य तालाब में किया जाएगा।

डीएम निखिल टीकाराम फुंडे, एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर और समिति अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने विसर्जन स्थल का किया निरीक्षण कर व्यवस्था को देखा। डीएम ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट व एनजीटी आदेश के चलते प्रतिमाएं सीधे सरयू नदी में प्रवाहित नहीं कर सकते हैं। इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। शोभा यात्रा के साथ विसर्जन की तैयारी पूरी कर ली गई है।

## एडीएम ने एसडीएम के साथ किया विसर्जन घाट का निरीक्षण

**सोहावल, अमृत विचार :** दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर बुधवार को अपर जिलाधिकारी अनिरुद्ध प्रताप सिंह ने उप जिलाधिकारी सोहावल सविता देवी के साथ ढेमवा घाट व मुबारकगंज के सिहोरघाट का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या न हो। बेहतर यातायात की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। एडीएम ने बताया कि ढेमवा घाट पर 100 से जायदा मूर्तियों का विसर्जन किया जाता है, इसके बाद अन्य घाटों पर क्रमवार विसर्जन होता है। उन्होंने पुलिस प्रशासन को निर्देश दिया कि किसी भी श्रद्धालु के साथ दुर्व्यवहार न हो। कानून-व्यवस्था का कड़ाई से पालन कराया जाए। उनके साथ सिंचाई विभाग के अधिकारी, एडीओ पंचायत, ग्राम विकास अधिकारी इच्छाराम प्रियदर्शी, मंगलसी प्रधान पति फूलचंद यादव, रौनाही प्रधान प्रतिनिधि खुर्शीद अहमद खान और राजस्वकर्मी मौजूद रहे।



विसर्जन स्थल का निरीक्षण करते एडीएम प्रशासन अनिरुद्ध प्रताप सिंह व एसडीएम सविता देवी।

## न्यूज ब्रीफ

### गांधी जयन्ती पर पैदल चाल प्रतियोगिता आज

**अयोध्या, अमृत विचार :** प्रदेश खेल निदेशालय के निर्देशन में क्षेत्रीय क्रीड़ा कार्यालय के तत्वावधान में गांधी जयंती के उपलक्ष्य में गुरुवार को डाभासेमर के डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में पैदल चाल प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी अनिमेष सक्सेना ने बताया कि सुबह साढ़े छह बजे शुरू होने वाली पैदल चाल प्रतियोगिता में किसी भी आयु वर्ग के बालक-बालिका, महिला व पुरुष प्रतिभाग कर सकते हैं। प्रतियोगिता के प्रथम छह विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

### एयरपोर्ट पर महिलाओं का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**अयोध्या, अमृत विचार :** महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट परिसर में महिलाओं के लिए विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, रक्तचाप, हीमोग्लोबिन, शुगर स्तर जैसी महत्वपूर्ण जांचें की गईं। साथ ही महिलाओं को स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता एवं जीवनशैली से संबंधित उपयोगी परामर्श भी दिया गया। डायरेक्टर विनोद कुमार ने बतायाशिविर का उद्देश्य महिला कर्मचारियों एवं यात्रियों को स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता प्रदान करना और समय-समय पर उनकी स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित करना था।

### सीनियर पुरुष फुटबॉल ट्रायल 6 को

**अयोध्या, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय के निर्देशन में क्षेत्रीय क्रीड़ा कार्यालय के तत्वावधान में जिला व मंडलीय सीनियर पुरुष फुटबॉल चयन ट्रायल 06 अक्टूबर को डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में होगा। आरएसओ अनिमेष सक्सेना ने बताया कि जिला स्तरीय ट्रायल सुबह नौ बजे व मंडलीय ट्रायल दोपहर 12 बजे होगा। चयनित मंडलीय टीम 10 अक्टूबर से अयोध्या में आयोजित प्रदेशीय समन्वय सीनियर पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी।

### तीन दिवसीय चिकित्सा शिविर आज से



**गोसाईगंज, अमृत विचार :** श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा गुरुवार से तीन दिवसीय चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसका शुभारंभ अयोध्या-अंबेडकरनगर के एमएलसी व पूर्व सांसद हरिओम पांडे, सहकारी समिति अयोध्या के अध्यक्ष अतुल सिंह संयुक्त रूप से करेंगे। सीएचसी गोसाईगंज के अधीक्षक डॉ. राणा रवि प्रकाश ने बताया कि शिविर में चिकित्सकों व स्वास्थ्यकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है।

### युवती लापता, केस दर्ज




**तारुन, अयोध्या। अमृत विचार :** थाना तारुन क्षेत्र के एक गांव में लापता हुई युवती के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। युवती के पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोमवार को लगभग 11 बजे उनकी बेटी गांव से एक किलोमीटर दूर खेत में बने टयूबवेल पर अपने बाबा को खाना देने गई थी। उसके बाद लौट कर नहीं आई। काफी खोजबीन की कहीं कोई पता नहीं चल सका है। थाना प्रभारी संदीप त्रिपाठी ने बताया कि पिता की तहरीर पर केस दर्ज कर मोबाइल सर्विलांस के सहारे तलाश जारी है।

## गांधी जयंती आज, होंगे विविध आयोजन, लगेगी विकास प्रदर्शनी

**अयोध्या, अमृत विचार :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती शहर से देहात तक विविध आयोजन होंगे। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी व सम्मान होगा। विकास प्रदर्शनी का आयोजन होगा। गांधी जयंती पर सुबह से देर शाम तक आयोजनों की लंबी श्रंखला है। साफ-सफाई श्रमदान, कार्यालय परिसर में स्थापित महापुरूषों व देश के स्वतंत्रता के लिए शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण, दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन, प्रातः नौ बजे सभी राजकीय भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। कार्यालयों, विद्यालयों, संस्थाओं में कार्यालयाध्यक्ष, संस्थाध्यक्ष महात्मा गांधी के चित्र का अनावरण एवं माल्यार्पण करेंगे। मलिन बस्तियों एवं कुष्ठ आश्रम अयोध्या में सफाई कार्यक्रम, डेंगू एवं चिकनगुनिया से बचाव के लिए शाम को मलिन बस्तियों में फागिंग व चूना छिड़काव कराया जाएगा। नया घाट व फटिक शिला व कुष्ठ आश्रम मोदहा खोजनपुर में स्थित कुष्ठ आश्रम के रोगियों को फल, वस्त्र वितरण होगा। प्रातः 10 बजे से तीन बजे तक गांधी पार्क में विकास प्रदर्शनी लगाई जाएगी। शाम को जिला कारागार में बंदियों को मिष्ठान वितरण, प्रत्येक गांव में सफाई अभियान चलाया जाएगा। विद्यालयों में संचार युग में गांधीवाद की प्रासंगिकता पर निबंध लेखन, भाषण और चित्रकला प्रतियोगिता व स्वच्छता पर गांधी जी के विचार, चित्रकला, निबंध प्रतियोगिता का आयोजन होगा।

## मरीज को घोषित किया मृत, तीमारदारों ने काटा हंगामा

अयोध्या कार्यालय

- जिला अस्पताल के फार्मासिस्ट व सुरक्षा कर्मियों से गाली-गलौज का भी आरोप
- पुलिस ने दोनों पक्षों को कराया शांत, इमरजेंसी ओपीडी के बाहर रहा अफरा-तफरी का माहौल

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में मरीज को मृत घोषित किए जाने पर तीमारदारों ने जमकर हंगामा काटा। घंटों अफरा-तफरी का माहौल रहा। आरोप है कि तीमारदारों ने इलाज में लापरवाही बता गाली-गलौच भी की। काफी देर तक अफरा तफरी का माहौल रहा। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत कराया। परिजनों ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर शव को साथ ले जाने की मांग की है।



जिला अस्पताल में घंटों नोकझोंक हुई। अमृत विचार

थाना पूराकलंदर के मलिकपुर निवासी राम नवल (71) पुत्र हरि प्रकाश की तबीयत बिगड़ने पर परिजन उन्हें लेकर जिला चिकित्सालय की इमरजेंसी ओपीडी में लेकर पहुंचे थे। ईएमओ ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद मौके पर मौजूद फार्मासिस्ट ने नाम व पता पूछना चाहा तो तीमारदारों ने डॉक्टर समेत फार्मासिस्ट और सुरक्षा गार्डों के साथ गाली गलौज करने लगे। फार्मासिस्ट उपेंद्र मणि ने बताया कि मामले की सूचना चौकी प्रभारी रिकाबगंज रघुवीर को दी गई। वह सिपाहियों के साथ पहुंचे और दोनों पक्षों को शांत कराया। चिकित्सक ने शव का पोस्टमार्टम कराने की बात कही, लेकिन तीमारदार नहीं मानें। अस्पताल प्रशासन ने फिर से पुलिस से हस्तक्षेप की मांग की। चौकी इंचार्ज रघुवीर ने बताया कि राम नवल की मौत अस्पताल में लाते समय ही हो गई थी। वह खेत में बांस की लकड़ी काटने गए थे। हंगामा करने वालों में कुछ युवा शामिल थे। उन्हें समझा दिया गया। परिवार की ओर से लिखित में पत्र देकर शव ले जाने की मांग की गई थी। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय चौधरी ने बताया कि डॉक्टर ने चेकअप के बाद मृत घोषित कर दिया गया था। इस संबंध में जब तीमादारों से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन फोन नहीं लगा।

## होटल, गेस्ट हाउस व होम स्टे को किया जा रहा सूचीबद्ध

- अब रोज होगी इनकी जांच, ठहरे लोगों का होगा सत्यापन

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार:** रामनगरी में पर्यटन बढ़ोतरी के साथ सुरक्षा मजबूत करने के लिए प्रशासन ने होटल, गेस्ट हाउस, होम स्टे और धर्मशालाओं को नए सिरे से सूचीबद्ध करना शुरू कर दिया है। अब इन स्थानों पर रोज पुलिस व खुफिया एजेंसियों द्वारा जांच की जाएगी। यहां ठहरे पर्यटकों व तीर्थयात्रियों का आधार कार्ड, पहचान पत्र से सत्यापन अनिवार्य होगा। इस कदम का उद्देश्य सुरक्षा के साथ अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाना है। अयोध्या कोतवाल मनोज शर्मा ने बताया कि यह अभियान दीपोत्सव, कार्तिक पूर्णिमा मेला व नवंबर माह में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में होने वाले समारोह आदि को लेकर चलाया जा रहा है। नए सिरे से भी होटल आदि को सूचीबद्ध किया जा रहा है। बताया कि सभी के मालिकों को सख्त हिदायत दी गई है कि वह बिना पहचान पत्र के किसी भी यात्री या स्थानीय लोगों को कमरा न दे। ऐसा पाए जाने पर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## हिट एंड रन के 9 मामलों में दी जाएगी प्रतिपूर्ति

अयोध्या कार्यालय

- जिला स्तरीय समिति की बैठक में दी गई स्वीकृति

**अमृत विचार:** हिट एंड रन मोटर एक्सीडेंट स्कीम-2022 के तहत जिले के नौ मामलों में प्रतिपूर्ति दिए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। यह स्वीकृति जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे की अध्यक्षता में बुधवार को हुई जिला स्तरीय समिति की बैठक में दी गई। एक मामले को त्रुटि के कारण रोक दिया गया। इस पर रिपोर्ट मांगी गई है।

भारत सरकार से सड़क दुर्घटना (हिट एंड रन) के मामलों में प्रतिपूर्ति दिए जाने की व्यवस्था है। इससे संबंधित आवेदनों पर विचार के लिए डीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति गठित की गई है। इस समिति की बैठक में कुल 10 मामले प्रस्तुत किए गए। समिति में विचार के बाद नौ मामलों में प्रतिपूर्ति दिए जाने की संस्तुति कर दी गई लेकिन एक मामले में तकनीकि कमी के चलते इसे रोक दिया गया। समिति सरोज पत्नी स्व. शिवराम निवासी सरायसागर महराजगंज, तहसील सदर से किए गए आवेदन को आवेदन और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के नाम में अंतर के कारण रोक दिया। पोस्टमार्टम में मृतक का नाम शिवकुमार लिख दिया गया है। इस पर रिपोर्ट मांगी गई है। इसके अलावा द्रोपदी निवासी ऐमी आलापुर तहसील सदर, सरोज कुमारी पत्नी स्व. प्रवीण कुमार निवासी इटवा भीटी अंबेडकरनगर, आनंद कुमार शुक्ल निवासी मोहम्मदपुर बेला बीकापुर, सीताराम निवासी परमानंदपुर तारून बीकापुर, नाजबानो निवासी जलालाबाद हरीपुर सोहावल, चंद्रावती निवासी दोस्तपुर रग्घूत तहसील सोहावल, प्रदीप कुमार निवासी सिधौना, कुमारगंज, गीतादेवी निवासी पिठला, कुमारगंज और राजपती निवासी ग्राम इनायतनगर तहसील मिल्कीपुर के आवेदनों को स्वीकृत करते हुए प्रतिपूर्ति दिए जाने का आदेश दे दिया गया। प्रतिपूर्ति के रूप में प्रत्येक को दो लाख रुपये प्रदान किए जाएंगे।

### डांडिया उत्सव



रामनगर में आयोजित डांडिया उत्सव में महिलाओं ने अपनी रंग-बिरंगी पोशाकों और उत्साहपूर्ण नृत्य से माहौल को जीवंत कर दिया। पारंपरिक गहनों और चमकीले लहंगों में सजी महिलाएं, डांडिया स्टिक्स के साथ तालमेल में थिरकती नजर आईं। उनकी ऊर्जा और उत्साह ने हर किसी को मंत्रमुग्ध कर दिया। ढोल की थाप और लोक संगीत की मधुर धुनों पर नाचते हुए, उन्होंने संस्कृति और एकता का सुंदर संदेश दिया। यह उत्सव न केवल नृत्य का, बल्कि सामाजिक समरसता और खुशी का भी प्रतीक बन गया। ● अमृत विचार


**कवायद** | वीआईपी व अन्य लोगों को वाहनों को खड़ा करने के लिए स्थान किए जा रहे चिह्नित

## दीपोत्सव पर पार्किंग व यातायात व्यवस्था को लेकर मंथन शुरू

### शहर में जाम न लगे इसके लिए बनाया जा रहा है प्लान

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** दीपोत्सव पर अयोध्या में पार्किंग और यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस बार भव्य आयोजन को देखते हुए शहर में जाम की स्थिति से बचने के लिए विशेष योजना बनाई जा रही है। वीआईपी और आम लोगों के वाहनों के लिए अलग-अलग पार्किंग स्थल चिह्नित किए जा रहे हैं।



यातायात पुलिस ने वीआईपी वाहनों की पार्किंग के लिए विद्युत उपकेंद्र राम की पैड़ी के आसपास की जगहों को चिन्हित किया है। साथ ही अन्य वाहनों के लिए हनुमान गुफा, साकेत पेट्रोल पंप, रामसेवकपुरम के पास खाली जगहों पर मंथन किया जा रहा है। इन स्थानों पर हाईवे से आने वाले वाहनों को खड़ा कराने की योजना है। अयोध्या शहर से आने वाले वाहनों को उदया चौराहे के पास, दर्शननगर की ओर से आने वाले वाहनों को विद्याकुंड स्थित एक महाविद्यालय में, महोबरा की ओर से आने वाले वाहनों को आरओबी के दक्षिणी दिशा व उदासीन आश्रम के पास खाली स्थान पर खड़ा कराने की योजना बनाई जा रही है। मुख्य मार्गों पर बैरिकेडिंग, ट्रैफिक डायवर्जन और अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने की भी योजना है।

"दीपोत्सव के दौरान लाखों श्रद्धालु अयोध्या पहुंचते हैं। इसलिए यातायात और पार्किंग की पुख्ता व्यवस्था जरूरी है। हर संभव उपायों पर मंथन किया जा रहा है। गत वर्ष में किए गए इंतजाम को नए सिरे से परखा जा रहा है। -एपी सिंह, एसपी यातायात।"

## आरएसएस का विजय दशमी उत्सव आज

**अयोध्या, अमृत विचार:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्षों की यात्रा पूरी होने पर गुरुवार को रामकथा पार्क में शताब्दी वर्ष व विजय दशमी उत्सव मनाया जाएगा। महानगर संघ चालक विक्रमा प्रसाद व कार्यवाह देवेन्द्र ने बताया कि समारोह में संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले मुख्य अतिथि होंगे। भगवान श्री ऋषभ देव जन्मभूमि दिगम्बर जैन तीर्थ अयोध्या के पीठाधीश संत रवींद्र कीर्ति स्वामी कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। कार्यक्रम में विश्व शांति और मानव कल्याण के उद्देश्य से 3000 स्वयंसेवकों का पथ संचलन रामकथा पार्क से तुलसी उद्यान होते हुए रामजन्मभूमि मंदिर के मुख्यद्वार के सामने बिड़ला मंदिर तक होगा।

## पांचों एफआरयू को मिलीं आधुनिक प्रसव टेबल

अयोध्या कार्यालय

- यह कदम स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में एक मील का पत्थर :सीएमओ


**अमृत विचार:** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुशील कुमार बानियान ने जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। जिले के एफआरयू में 15 आधुनिक प्रसव टेबलें उपलब्ध कराई गई हैं, जो गर्भवती महिलाओं के लिए प्रसव प्रक्रिया को सुरक्षित और सहज बनाने में कारगर सिद्ध होंगी।

सीएमओ डॉ. सुशील कुमार बानियान ने बताया कि यह कदम प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में एक मील का पत्थर है। रुदौली, सोहावल, मिल्कीपुर, बीकापुर और पूराबाजार को एफआरयू का दर्जा प्राप्त है। इन केंद्रों पर न केवल सामान्य प्रसव की सुविधा उपलब्ध है, बल्कि आवश्यकता पड़ने पर सिजेरियन प्रसव भी कराया जाता है। प्रत्येक एफआरयू के लिए तीन-तीन कुल 15 अत्याधुनिक प्रसव टेबलें भेजी गई हैं। ये टेबलें न केवल तकनीकी रूप से उन्नत हैं, बल्कि माताओं और नवजातों की सुरक्षा को प्राथमिकता देती हैं। सीएमओ डॉ. सुशील कुमार बानियान ने बताया कि यह पहल जिले में सामान्य और सिजेरियन प्रसव की बढ़ती संख्या को देखते हुए उठाई गई है। इन आधुनिक टेबलों के उपयोग से प्रसव प्रक्रिया में जोखिम कम होगा और स्वास्थ्यकर्मियों को बेहतर ढंग से कार्य करने में सहायता मिलेगी।

### अग्रणी है रुदौली सीएचसी

सिजेरियन प्रसव कराने में विशेष रूप से रुदौली सीएचसी इस दिशा में अग्रणी है। यहां मंगलवार को एक विदेशी महिला का सिजेरियन प्रसव सुरक्षित कराया गया है। यहां सबसे अधिक प्रसव कराए जा रहे हैं, जो इस केंद्र की दक्षता और समर्पण को दर्शाता है। अन्य एफआरयू भी इस दिशा में तेजी से प्रगति कर रहे हैं। इन आधुनिक सुविधाओं के साथ अयोध्या अब मातृत्व की यात्रा को और अधिक सुरक्षित और सम्मानजनक बनाने की दिशा में कदम बढ़ा रही है।


नाका चुंगी


लाजपत नगर


चौक

नवरात्रि के नौवें व अंतिम दिन महानवमी पर्व पर रामनगरी के दुर्गा पूजा पंडालों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। अमृत विचार

# महानवमी पर दुर्गा पूजा पंडालों में उमड़ी भीड़

## दिन भर चला कन्या पूजन व हवन भंडारे का दौर, देवीय मंदिरों में व्रती महिलाओं ने हवन कर किया व्रत का पारण

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** नवरात्रि के नौवें व अंतिम दिन बुधवार को महानवमी पर्व पर रामनगरी के दुर्गा पूजा पंडालों व देवीय मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मां दुर्गा के नौवें स्वरूप, सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना के लिए मंदिरों और पंडालों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। जगह-जगह कन्या पूजन, हवन और भंडारे का दौर दिनभर चलता रहा। जिसने इस पर्व को और भी भक्तिमय बना दिया। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए, ताकि भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।


**सुरक्षा सख्त, वरिष्ठ अधिकारियों के साथ थाना चौकी पुलिस लगातार कर रही है गश्त, एंटी रोमियो स्क्वायड भी सक्रिय**

बड़ी देवकली मंदिर में हवन पूजन करते श्रद्धालु।

महानवमी के अवसर पर शहरों और कस्बों में सजे दुर्गा पूजा पंडालों में शाम को लोग परिवार के साथ दर्शन पूजन के लिए निकले। चौक, फतेहगंज, नाका, रिकाबगंज, सिविल लाइन, मोदहा, नियावा, साहबगंज, रीडगंज, देवकाली-बेनीगंज मोड़ समेत अयोध्या धाम में रेलवे स्टेशन, रायगंज, श्रृंगार हाट, संस्कृत महाविद्यालय हनुमानगढ़ी समेत अन्य स्थानों पर सजे पंडालों में मां दुर्गा की भव्य प्रतिमाओं व रंग-बिरंगी सजावटों ने सभी का मन मोह लिया। भक्तों ने मां दुर्गा की आराधना की और उनके दर्शन के लिए लंबी-लंबी कतारें लगाईं। कई स्थानों पर भक्तों ने मां को चुनरी चढ़ाई और विशेष पूजा-अर्चना की। कन्या पूजन का आयोजन भी बड़े उत्साह के साथ किया गया, जिसमें छोटी कन्याओं को मां दुर्गा का स्वरूप मानकर उनकी पूजा की गई और उन्हें भोजन, वस्त्र व दक्षिणा भेंट की गई।

हवन और भंडारे के आयोजन ने भी इस पर्व को सामाजिक एकता का प्रतीक बनाया। मंदिरों और पंडालों में हवन का धुआं और मंत्रोच्चार वातावरण को और पवित्र बना रहे थे। बड़ी व छोटी देवकाली, पाटेश्वरी, हट्ठी महारानी समेत अन्य देवीय मंदिरों व्रती महिलाओं ने मंदिरों में हवन कर अपने नवरात्रि व्रत का पारण किया। भंडारों में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया और सामूहिक भोज में हिस्सा लिया। कई स्थानों पर सामाजिक संगठनों और स्थानीय लोगों ने मिलकर भंडारे का आयोजन किया, जिसमें हजारों लोगों ने भोजन ग्रहण किया।

### सुरक्षा सख्त, पैदल गश्त कर रहे अधिकारी

नवरात्र के अंतिम दिन शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में सुरक्षा घेरा सख्त रहा। थाना-चौकी पुलिस पंडालों और मंदिरों के आसपास लगातार गश्त करती दिखी। आईजी प्रवीण कुमार, एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर, एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था को परखते रहे। भीड़भाड़ वाले इलाकों में सादे कपड़े में पुरुष व महिला पुलिसकर्मियों के साथ एंटी रोमियो स्क्वॉयड मनचलों पर नजर रखते रहे। एसपी सिटी ने बताया कि सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन के माध्यम से भी भीड़ पर नजर जा रही है। भीड़ के चलते शहर के प्रमुख इलाके चौक, रिकाबगंज, फतेहगंज, नाका, रीडगंज, देवकाली समेत अन्य इलाकों में शाम के बाद वाहनों का प्रवेश रोका गया है।



# नवरात्र में कन्या पूजन से आती है सुख शांति और समृद्धि : वेद प्रकाश


- बोले-नगर विधायक, परिवार समेत किया 101 कन्याओं का पूजन

जयपुरिया स्कूल में कन्या को भोजन कराते नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता साथ में निदेशक विशाल गुप्ता।

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** नवरात्र में कन्या पूजन का विशेष महत्व है। ऐसी मान्यता है कि इन दिनों में छोटी कन्याएं देवी दुर्गा के नौ स्वरुपों का प्रतिनिधित्व करती हैं। इस पूजन से घर-परिवार व समाज में सुख शांति और समृद्धि आती है। यह बातें नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्त ने बुधवार को कहीं। वह सहादतगंज राजकीय पॉलीटेक्निक के पीछे स्थित सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल में कन्या पूजन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अपनी पत्नी नर्वदा गुप्ता, स्कूल के निदेशक विशाल गुप्ता, पुत्रवधू अनीता गुप्ता, नेहा मित्तल, पौत्र सुशांत मित्तल के साथ 101 कन्याओं के चरण पखारकर पूजन किया। उन्हें उपहार भी वितरित किया। स्कूल के निदेशक विशाल गुप्ता ने बताया कि स्कूल में कन्या पूजन का यह पांचवां वर्ष है। कन्याओं का विधिवत पूजन कर प्रसाद भोग लगाया गया। स्कूल के प्रशासनिक अधिकारी सतीश कुमार गुप्ता ने बताया कि इस समारोह में स्कूल के कर्मचारियों की बच्चियों को ही आमंत्रित किया जाता है। इस अवसर पर स्कूल की समन्वयक डॉ. प्रगति श्रीवास्तव, प्रदीप यादव, फजलुर्रहमान, अजय जायसवाल सहित अन्य मौजूद रहे।

# विधायक ने लिया मां भगवती का आशीर्वाद


दुर्गा पूजा पंडाल में दर्शन करने पहुंचे गोसाईगंज विधायक अभय सिंह।

गोसाईगंज, अयोध्या

**अमृत विचार:** शारदीय नवरात्र महोत्सव के अवसर पर पहुंचे गोसाईगंज विधायक अभय सिंह ने पूजा पांडालों में मां भगवती का प्रणाम कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष हेमन्त गुप्ता, प्रशांत गुप्ता सहित समिति के पदाधिकारियों के साथ रामबली से तेलियागढ़ नाका चुंगी तक भ्रमण किया। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि उत्कर्ष शेखर जायसवाल, सभी सभासद गण, केंद्रीय समिति के सर्वेश कुमार, रामेश्वर नाथ, अरुण कसौधन, अवधेश स्वर्णकार आदि मौजूद रहे।

# स्वदेशी अपनाना आत्मनिर्भरता की ओर पहला कदम

**मवई,अयोध्या:** अमृत विचार। भाजपा रुदौली नगर मंडल द्वारा बुधवार को रुदौली डाक बंगला में आत्मनिर्भर भारत कार्यशाला का आयोजन किया गया। विधायक रामचंद्र यादव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए स्वदेशी अपनाने का आह्वान किया।कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आत्मनिर्भर भारत अभियान को सफल बनाने की जिम्मेदारी प्रत्येक कार्यकर्ता की है। स्वदेशी को अपनाना आत्मनिर्भरता की ओर पहला कदम है। हमें संकल्प लेना होगा कि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे गांव-गांव और घर-घर जाकर लोगों को स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग के लिए प्रेरित करें। कार्यशाला में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पंडाल के बगल बार बालाओं के अश्लील डांस का वीडियो वायरल

मिल्कीपुर, अयोध्या

- खंडासा बाजार का मामला, आपत्तिजनक गानों पर ठुमके लगाती दिखीं युवतियां

**अमृत विचार:** खंडासा बाजार में दुर्गा पूजा के दौरान बार बालाओं के अश्लील डांस का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में पांच बार बालाएं आपत्तिजनक गानों पर ठुमके लगाती दिख रही हैं। यह घटना दुर्गा पंडाल के ठीक बगल में हुई, जबकि कार्यक्रम स्थल पुलिस चौकी खंडासा से कुछ ही दूरी पर था। जिला प्रशासन और पुलिस ने नवरात्रि से पहले बैठकों में अश्लीलता न परोसने और उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी थी। अमृत विचार वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।


युवतियों का डांस करने का वायरल वीडियो का स्क्रीनशॉट।

लोगों में इस बात को लेकर रोष है कि दुर्गा पंडाल के पास ऐसा कार्यक्रम हुआ और पुलिस चौकी इतनी करीब होने के बावजूद किसी ने हस्तक्षेप नहीं किया। इस मामले को लेकर स्थानीय लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। खंडासा चौकी प्रभारी मनोज कुमार त्रिपाठी ने बताया कि उन्हें इस वायरल वीडियो या अश्लील डांस के बारे में कोई जानकारी नहीं थी और न ही किसी ने इसकी सूचना दी थी। आयोजकों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है और यदि नियमों का उल्लंघन पाया जाता है तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# रेवतीगंज बाजार में हुआ रामलीला का मंचन

मिल्कीपुर, अयोध्या।

**अमृत विचार :** हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के रेवतीगंज बाजार में बाबा गोमती प्रसाद गोस्वामी मेमोरियल श्रीरामलीला समिति द्वारा आयोजित रामलीला मंचन का शुभारंभ स्थानीय कलाकारों ने मंगलाचरण के अंतर्गत संकटमोचन श्री हनुमान जी की आरती से किया। मंचन में सबसे पहले राम-सुग्रीव मित्रता और बालि वध का प्रसंग प्रस्तुत किया गया।


हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के रेवतीगंज बाजार में रामलीला में मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

श्रीराम का गिरि प्रवर्षण पर निवास तथा सुग्रीव का राज्याभिषेक लक्ष्मण जी द्वारा किया जाना दर्शाया गया। आगे की कड़ी में पवनपुत्र हनुमान का लंका गमन, राक्षसियों का वध, लंकिनी पर प्रहार, अशोक वाटिका विध्वंस, अक्षय कुमार वध और रावण से संवाद के उपरांत लंका दहन का प्रसंग मनमोहक रूप में प्रस्तुत हुआ। मंचन में हनुमान जी माता सीता का पता लगाकर प्रभु श्रीराम के पास लौटते हैं और वानर सेना सहित लंका की ओर प्रस्थान होता है। इसी क्रम में विभीषण की शरणागति, समुद्र पर सेतु निर्माण और रामेश्वरम की स्थापना दिखाई गई। इसके बाद लंका युद्ध का भी शानदार मंचन हुआ। रामलीला में लक्ष्मण-मेघनाथ का भीषण युद्ध दर्शाया गया, जिसमें मेघनाथ के वीरघातिनी शक्ति प्रहार से लक्ष्मण जी मूर्छित हो जाते हैं। तत्पश्चात सुखेन वैद्य द्वारा बताए अनुसार पवनपुत्र हनुमान संजीवनी बूटी लेकर आते हैं और लक्ष्मण जी पुनः जीवित हो उठते हैं। समिति के उपाध्यक्ष सुखीराम चौरसिया ने बताया कि रामलीला मंचन का प्रत्येक प्रसंग भक्तिमय वातावरण में स्थानीय कलाकारों द्वारा जीवंत किया जा रहा है, जिससे दर्शक भाव-विभोर हो उठे।

# फंदे से लटका मिला युवक का शव

**मवई, अयोध्या। अमृत विचार :** बाबा बाजार थाना क्षेत्र के अमौनी गांव में बुधवार सुबह गांव के बाहर एक युवक का शव रस्सी के सहारे पेड़ से लटका मिला। मृतक की पहचान रामचंद्र पुत्र राम नारायण निवासी अमौनी घाट के रूप में हुई है। थाना प्रभारी शैलेंद्र कुमार आजाद ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है। हालांकि, वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। मृतक के पिता ने पुलिस को इस संबंध में लिखित सूचना दी है। घटना के पीछे क्या कारण है, यह अभी साफ नहीं हो सका है। पुलिस जांच में जुटी है।

# चेतन चौहान अवॉर्ड के लिए आवेदन आज तक

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय के निर्देशन में क्षेत्रीय क्रीड़ा कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार चेतन चौहान अवार्ड के लिए नामांकन गुरुवार तक होगा। आरएसओ अनिमेष सक्सेना ने बताया कि दो अक्टूबर मध्यरात्रि तक चेतन चौहान फाउन्डेशन की वेबसाइट पर अहर्ता पूरी करने वाले खिलाड़ी चेतन चौहान अवार्ड 2025 के लिए आवेदन कर सकते हैं।

# वायरल कमजोर, गले की खराश ने पकड़ा जोर

अयोध्या कार्यालय

- मौसम में आए बदलाव ने बढ़ा दी लोगों की परेशानी, तापमान में हो रहा उतार-चढ़ाव

**अमृत विचार :** मौसम के बदलाव के साथ ही सर्दी, खांसी और गले की खराश की समस्या ने लोगों को परेशान करना शुरू कर दिया है। हालांकि वायरल बुखार का असर धीरे-धीरे कम हो रहा है, लेकिन गले का संक्रमण और मौसमी बीमारियां अब भी लोगों को अपनी चपेट में ले रही हैं। जिला अस्पताल में रोज ऐसे मरीजों की संख्या बढ़ रही है। फिजिशियन डॉ. प्रशांत द्विवेदी के अनुसार गले का संक्रमण आमतौर पर पांच से सात दिनों में ठीक हो रहा है, बशर्ते मरीज समय पर इलाज शुरू करें और सावधानी बरतें।

डॉ. द्विवेदी ने बताया कि मौसम में ठंडक बढ़ने और तापमान में उतार-चढ़ाव के कारण यह समस्या ज्यादा देखी जा रही है। खासकर बच्चे और बुजुर्ग इसकी चपेट में जल्दी आ रहे हैं। उन्होंने सलाह दी कि लोग गर्म पानी का सेवन करें, गरारे करें और ठंडे पदार्थों से परहेज करें। इसके अलावा, मास्क का उपयोग और भीड़-भाड़ वाली जगहों से दूरी बनाए रखना भी जरूरी है। धूल और प्रदूषण से बचने के लिए चेहरा ढककर बाहर निकलने की सलाह दी जा रही है। कहा कि पर्याप्त नींद, संतुलित आहार और नियमित व्यायाम से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाई जा सकती है। मरीजों को बिना चिकित्सक की सलाह के एंटीबायोटिक्स लेने से बचना चाहिए, क्योंकि यह वायरल संक्रमण में असर नहीं करता।

# अनाथ भाइयों की मदद को आगे आए समाजसेवी

मिल्कीपुर, अयोध्या।

**अमृत विचार :** हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के ग्राम पंचायत आदिलपुर पूरे सुकई में चार अनाथ भाइयों का जीवन बदहाली में गुजर रहा है। लगातार बारिश के कारण इनका मिट्टी का मकान ढह गया, जिसके बाद से परिवार खुले आसमान और एक जर्जर छप्पर के सहारे जिंदगी जीने को विवश है। स्वर्गीय कृष्ण कुमार मिश्रा के पुत्र ललित कुमार मिश्रा, अपने तीन छोटे भाइयों के साथ पांच वर्षों से अनाथ जीवन बिता रहे हैं।


गरीब परिवार को आर्थिक मदद को पहुंचे समाजसेवी अमरनाथ तिवारी।

जानकारी मिलने पर अयोध्या के वरिष्ठ समाजसेवी अमरनाथ तिवारी ने सहयोग का हाथ बढ़ाया। उन्होंने परिवार को नकदी सहायता उपलब्ध कराई और बच्चों की पढ़ाई-लिखाई से लेकर टिनशेड मुहैया कराने तक का आश्वासन दिया। अमरनाथ तिवारी ने कहा कि समाज में कोई भी बच्चा अनाथ होकर बेसहारा न रहे, यह हमारी साझा जिम्मेदारी है। मैंने संकल्प लिया है कि इनके लिए छत की व्यवस्था के साथ बच्चों की पढ़ाई और भविष्य सुरक्षित करने का हरसंभव प्रयास करूंगा। क्षेत्र के लोगों ने उनके प्रयास की सराहना की है।

# पल्लवी सोनी को मिली पीएचडी की उपाधि

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** डॉ. शाकुंतला मिश्र राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ के 12वें दीक्षांत समारोह में डॉ. पल्लवी सोनी को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। यह सम्मान उन्हें राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप व पूर्व मुख्य आयुक्त (दिव्यांगजन) डॉ. एस गोविंदराज की उपस्थिति में मिला। डॉ. सोनी "पारंपरिक कुम्हारों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति, संघर्ष और पॉटरी का बदलता स्वरूप (उत्तर प्रदेश के संदर्भ में)"। पर शोधकार्य किया है। उनका मानना है कि इस शोध के निष्कर्ष न केवल कुम्हार समुदाय के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होंगे, बल्कि पारंपरिक पॉटरी कला को नई पहचान और सम्मान भी दिलाएंगे। उन्होंने अपनी उपलब्धि का संपूर्ण श्रेय अपनी माता पूर्णिमा सोनी एवं पिता पत्रकार राजेंद्र सोनी को दिया।



**महिला अपराध** हत्या, दुष्कर्म, अपहरण पर पुलिस की त्वरित कार्रवाई

# अयोध्या में 285 अपराधी सलाखों के पीछे, पांच लोगों को हुई सजा




अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अयोध्या में जनवरी 2025 से अब तक महिला उत्पीड़न से जुड़े 285 मामलों में 285 आरोपियों की गिरफ्तारी हुई व पांच को सजा भी दिलाई गई। इनमें हत्या, रेप, अपहरण और दहेज मृत्यु जैसे गंभीर अपराध शामिल हैं। सरकार का साफ संदेश है कि महिला अपराध से संबंधित आरोपियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

पुलिस ने दर्ज किए गए सभी मामलों में तेजी से कार्रवाई की है। हत्या, दुष्कर्म, अपहरण और दहेज मृत्यु जैसे मामलों में आरोपी जेल भेजे गए। सभी आरोपियों को अदालत में हाजिर कराकर न्यायिक प्रक्रिया को गति दी गई ताकि पीड़ित महिलाओं को जल्द न्याय मिल सके। शारदीय नवरात्र के दौरान चल रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान को अयोध्या में और गति दी गई है। महिला पुलिस टीमें लगातार सार्वजनिक स्थलों, स्कूल-कॉलेजों, दुर्गा पंडाल, और भीड़-भाड़ वाले इलाकों में अभियान चलाकर महिलाओं और बालिकाओं को आत्मरक्षा, हेल्पलाइन नंबरों और कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक कर रही हैं।

### महिला सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता : एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर


पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर ने बताया कि योगी सरकार की मंशा के अनुरूप पुलिस हर स्तर पर सख्ती बरत रही है। महिला सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी अपराधी को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। बताया कि अयोध्या पुलिस ने वर्ष 2025 में अब तक 285 आरोपियों को जेल भेजकर यह साबित किया है कि महिलाओं की गरिमा और सम्मान से खिलवाड़ करने वालों की जगह केवल सलाखों के पीछे है।

## न्यूज ब्रीफ

### रंजिश में दबंगों ने युवक को जमकर पीटा

**सम्मनपुर, अंबेडकरनगर।** सम्मनपुर के रामपुर मंगुराडिला गांव का अनीस गौड़ अपने घर के सामने दरवाजे पर बैठा था। आरोप है कि मंगलवार रात करीब सात बजे गांव के बृजेश वर्मा, रवींद्र वर्मा, परशुराम वर्मा, पुष्कर वर्मा अपने कुछ अन्य साथियों के साथ आए और युवक को दरवाजे से खींचकर पीटना शुरू कर दिया। दबंगों ने लाठी और डंडों से युवक को इस कदर पीटा की उसके दोनों पैर और एक हाथ टूट गए। चीख-पुकार से ग्रामीणों को एकजुट होता देख सभी आरोपित भाग निकले। बताया जाता है कि युवक और आरोपितों के बीच पुरानी रंजिश है। दबंगों के कहर से गरीब परिवार डरा सहमा है। गंभीर रूप से घायल युवक का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। थाना अध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि घायल के मां सती देवी की तहरीर पर मामले में चार आरोपितों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### चोरी हुई बाइक के साथ युवक गिरफ्तार

**सम्मनपुर, अंबेडकरनगर।** अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के न्योतरिया ओवर ब्रिज के पास से जल जीवन मिशन योजना में लगी वेलस्पन प्राइवेट लिमिटेड संस्था की एक बाइक मंगलवार शाम को चोरी हो गई थी। बाइक में जीपीएस सिस्टम लगा था। शिकायत पर पुलिस जीपीएस के आधार पर चोर की तलाश में ढूंढते-ढूंढते सम्मनपुर के सुलेमपुर दयालपुर गांव के पास स्थित एक पोल्ट्री फार्म पर पहुंची। यहां चोर अपने एक मित्र के साथ छिपा था। पुलिस ने चोर और बाइक को अपने कब्जे में ले लिया। गांव के पास चोर पकड़े जाने की सूचना पर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। पकड़े गए चोर की पहचान रंजीत निवासी सिकंदरपुर थाना सम्मनपुर के रूप में हुई है। थाना अध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस ने चोरी हुई बाइक के साथ आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### युवती को भगा ले गया शादीशुदा युवक

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी : अमृत विचार :** कोतवाली नगर क्षेत्र में एक गांव से नाबालिग युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों का आरोप है कि गांव का ही एक शादीशुदा युवक उसे भगा ले गया। जानकारी के अनुसार एक व्यक्ति ने कोतवाली नगर पुलिस को पत्र देकर बताया कि उनकी 17 वर्षीय बहन गत 27 सितम्बर को सुबह करीब 10 बजे अपने मामू के घर जाने की बात कहकर निकली थी। काफी देर बाद जब वह घर नहीं लौटी तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। इसी दौरान ग्रामीणों से पूछताछ करने पर पता चला कि गांव का ही सुल्तान महौत पुत्र स्व. इरफान महौत जो पहले से शादीशुदा है, युवती को अपने साथ ले गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की है।

# महिला पहलवानों ने कुश्ती में बढ़ाया देश का गौरव : बृजभूषण

**दंगल प्रतियोगिता में बोले, पूर्व सांसद व भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष**

**वाराणसी व कानपुर पहलवान की कुश्ती बराबरी पर छूटी**

पूराबाजार, अयोध्या।

**अमृत विचारः** देश की महिला पहलवानों ने कुश्ती में विश्व स्तर पर परचम लहरा कर सदैव देश का गौरव बढ़ाया है। ये बात सरायराशी में आयोजित दो दिवसीय कुश्ती दंगल प्रतियोगिता में बुधवार को मुख्य अतिथि भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने महिला पहलावानों का उत्साहवर्धन करते हुए कही। उन्होंने हनुमान जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कुश्ती का शुभारंभ किया।



महिला पहलवानों का परिचय करातीं विशिष्ट अतिथि राज्य महिला आयोग की सदस्य रीतू शाही व मौजूद अन्य लोग।

विशिष्ट अतिथि राज्य महिला आयोग की सदस्य रीतू शाही ने वा राणसी की महिला पहलवान लक्ष्मी व कानपुर की महिला पहलवान ज्योति की कुश्ती का शुभारंभ कराया, जो बराबरी पर छूटी। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए सरकार सदैव तत्पर है तथा उनके प्रगति के लिए दर्जनों जन कल्याणकारी योजनाएं शुरू की गई हैं, जो फलीभूत भी हो रही हैं। प्रतियोगिता आयोजक रणधीर सिंह लल्ला ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता भगवान बक्श सिंह, प्रमुख संघ के जिला अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह, भाजपा महानगर महिला मोर्चा की महामंत्री स्वाति सिंह, प्रधानाचार्य अविचल सिंह, जिला पंचायत सदस्य राजमणि यादव, समाजसेवी शमशेर सिंह सहित भारी संख्या में क्षेत्रीय गणमान्य व कुश्ती प्रेमी मौजूद रहे।

# हत्या के मामले में दो को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



**अमृत विचार :** न्यायालय ने शराब पिलाकर हत्या करने के प्रकरण में 2 दोषियों को आजीवन कारावास व 12-12 रुपये जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई है।

थाना देवा पर हत्या के सम्बन्ध में पंजीकृत भादवि से सम्बन्धित शत्रोघ्न पुत्र रामअवतार व विनोद रावत पुत्र रामचन्द्र रावत निवासी मुजफ्फरमऊ थाना देवा को हत्या की धाराओं में न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या-1 द्वारा दोष सिद्ध करते हुए आजीवन कारावास व अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। संक्षिप्त विवरण के अनुसार 12 मई 2017 को थाना देवा पर वादी रेशू कुमार पुत्र शिवरतन निवासी मुजफ्फरमऊ थाना देवा ने अभियुक्तगण के विरुद्ध वादी के पिता को बहला फुसला कर शराब पिलाकर हत्या कर देने के सम्बन्ध में सूचना दी। इस सूचना के आधार थाना देवा पर भादवि पंजीकृत किया गया। तत्कालीन विवेचक उपनिरीक्षक बीडी तिवारी द्वारा साक्ष्य संकलन कर एवं विवेचना पूर्ण कर अभियुक्त के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया।

# मूर्ति विसर्जन स्थलों का किया निरीक्षण

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला और पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर ने बुधवार को सीओ अकबरपुर नीतीश तिवारी, संबंधित खंड विकास अधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ अकबरपुर स्थित गायत्री मंदिर घाट तथा श्रवण क्षेत्र धाम में मूर्ति विसर्जन स्थलों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने साफ-सफाई प्रकाश व्यवस्था और जल सुरक्षा से संबंधित विभिन्न बिंदुओं का अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विसर्जन स्थलों पर समस्त व्यवस्थाएं समय से पूर्ण रखें। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त हो, विसर्जन स्थल और घाटों की साफ-सफाई निरंतर बनी रहे तथा जल सुरक्षा के दृष्टिगत नाव, गोताखोर और आवश्यक उपकरण उपलब्ध रहे।



मूर्ति विसर्जन स्थलों का निरीक्षण करते जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला और साथ में एसपी अभिजित आर शंकर। अमृत विचार

**सुरक्षा व्यवस्था में न बरते लापरवाही :** पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर ने अधिकारियों को हिदायत दी कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। उन्होंने पुलिस बल को संवेदनशील स्थानों पर सतर्क निगरानी रखने, सीसीटीवी कैमरों की सक्रियता सुनिश्चित करने तथा ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने कहा कि विसर्जन के अवसर पर जनपद में शांति, सौहार्द और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी।

# गांधी जयंती पर होंगे विविध कार्यक्रम

संवाददाता, अंबेडकरनगर

- **सुबह 6:30 बजे गांधी आश्रम अकबरपुर से नगर क्षेत्र के छात्र-छात्राओं और अध्यापकों द्वारा निकाली जाएगी प्रभात फेरी**

**अमृत विचार।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती गांधी जयंती पर जनपद में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला के निर्देशन और अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता की देखरेख में होगा।

कार्यक्रम के तहत सुबह 6:30 बजे क्षेत्रीय गांधी आश्रम अकबरपुर से नगर क्षेत्र के छात्र-छात्राओं और अध्यापकों द्वारा प्रभात फेरी निकाली जाएगी। प्रभात फेरी का समापन गांधी आश्रम पर होगा। सुबह 7:30 बजे गणमान्य नागरिकों द्वारा क्षेत्रीय गांधी आश्रम अकबरपुर में स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर किया जाएगा। सुबह 8 बजे सभी सरकारी, गैर सरकारी कार्यालयों, संस्थानों पर राष्ट्रीय ध्वज कराया जाएगा। समस्त सरकारी कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थाओं तथा अन्य संस्थाओं में कार्यालय अध्यक्ष द्वारा महात्मा गांधी तथा लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर का अनावरण और माल्यार्पण पश्चात गांधी के जीवन वृत्त, दर्शन, कार्यों पर चर्चा की जाएगी। सुबह 8:45 बजे एकलव्य स्टेडियम पर 03 किलोमीटर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सभी आयु वर्ग के लोग भाग ले सकते हैं। विभिन्न आयु वर्ग की प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। सुबह 10 बजे जिला पंचायत सभागार में महात्मा गांधी के जीवन वृत्त पर गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। वहीं सभी शैक्षणिक संस्थाओं में महात्मा गांधी के जीवन दर्शन पर प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। क्षेत्रीय गांधी आश्रम पर 1 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से 2 अक्टूबर को 12 बजे तक सूत कताई यज्ञ व खादी प्रचार अभियान।

नगर पालिका परिषद, नगर पंचायतों द्वारा नगर क्षेत्र में तथा ग्राम पंचायतों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई अभियान संचालित किया जाएगा। अस्पतालों में मरीजों को फल वितरण किया जाएगा। वृद्धाश्रम और अन्य स्थानों पर विशेष सहयोगात्मक कार्यक्रम होंगे।

# छात्राओं ने सीएचसी का किया भ्रमण

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** कन्या सीनियर बेसिक विद्यालय जलालपुर की छात्राओं ने मिशन शक्ति अभियान के आखिरी दिन कन्या सीनियर बेसिक विद्यालय की छात्राओं ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालपुर का भ्रमण किया।

स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार त्रिपाठी ने समस्त छात्राओं का स्वागत किया। तत्पश्चात दन्त, आई, कुष्ठ, क्षय, कैंसर, होमियोपैथी आदि विभागों से परिचित कराया। विभिन्न रोगों विशेष कर कुष्ठ रोग, क्षयरोग, कैंसर के लक्षण और उपचार के लिए जागरूक किया। कुत्ते और सांप के काटने पर तत्काल इलाज की व्यवस्था की जानकारी दी। बच्चियाँ ने सभी विभागों में जाकर जानकारी इक_ी की। आपातकालीन सेवा विभाग में प्रभारी विशेषज्ञ डाक्टर ने इमरजेंसी सेवा और सुविधा और इक्विपमेंट के रखरखाव के बारे में बताते हुए छात्राओं के प्रशनों के उत्तर देकर संतुष्ट किया।



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालपुर का भ्रमण कर जानकारी हासिल करतीं छात्राएं।

अदीफा अशरफ ने दंत चिकित्सक डॉ. प्रीति सिंह से दंत से सम्बन्धित पायरिया, कैलकुलस आदि के बारे में पूछा। युसरा हबीब ने प्रश्न किया कि इमरजेंसी में मरीज भर्ती कैसे कराया जाता है। काव्या गौड़ ने जानना चाहा कि सामान्य रोगी के इलाज के लिए क्या प्रकिया है। सभी छात्राएं पहली बार अस्पताल जाकर और डाक्टर्स के मृदु व्यवहार और सहयोगात्मक रवैये से बहुत प्रभावित हुईं।

# स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुंचाएं

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** एनटीपीसी टांडा में स्वच्छोत्सव पहल के तहत बुधवार को प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सुबह 06:45 बजे सरयू गेस्ट हाउस से प्रारंभ होकर सरयू घाट तक संपन्न हुआ। इस अवसर पर एनटीपीसी टांडा के कार्यकारी निदेशक जयदेव परिदा, अजय सिंह यादव महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण, राम नारायण त्रिपाठी महाप्रबंधक ईंधन प्रबंधन, एससी सिंह महाप्रबंधक सतर्कता सहित वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने स्वच्छता संबंधी नारों के माध्यम से स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।



प्रभात फेरी में मौजूद एनटीपीसी टांडा के कार्यकारी निदेशक जयदेव परिदा।

- **एनटीपीसी टांडा में स्वच्छता को लेकर निकाली गई प्रभात फेरी**

प्रभात फेरी के उपरांत सभी प्रतिभागियों ने सरयू घाट की सामूहिक सफाई की और स्वच्छता का संदेश व्यवहार में उतारने का उदाहरण प्रस्तुत किया। अपने प्रेरणादायी संदेश में परिदा ने कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का कार्यक्रम न होकर हमारे जीवन की आदत और संस्कृति का हिस्सा बनना चाहिए। जब तक हम स्वयं, अपने परिवार और अपने कार्यस्थल को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी नहीं निभाएंगे, तब तक स्वच्छ भारत अभियान की सफलता अधूरी रहेगी। स्वच्छ परिसर, स्वच्छ वातावरण और स्वच्छ विचार ही हमें एक स्वस्थ और प्रगतिशील समाज की ओर ले जाते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि प्रत्येक कर्मचारी और नागरिक का यह नैतिक कर्तव्य है कि वह न केवल अपने आस-पास सफाई रखे, बल्कि दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करे। सामूहिक प्रयासों से ही हम एक स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर परिसर तथा पर्यावरण का निर्माण कर सकते हैं। कार्यक्रम ने स्वच्छता के महत्व को पुनः रेखांकित किया और सभी को प्रेरित किया कि वह इसे एक निरंतर चलने वाला अभियान बनाकर समाज में स्वच्छता की अलख जगाएं।

# अंतर्राष्ट्रीय ट्रेड शो में जनपद के 50 से अधिक निवेशक हुए शामिल

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश अंतर्राष्ट्रीय ट्रेड शो ग्रेटर नोएडा में आयोजित हुआ। जिसमें जनपद के ओडीओपी एक जनपद एक उत्पाद के तहत चार उद्यमी मेसर्स श्री इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर संध्या श्रीवास्तव, मेसर्स टांडा टेक्सटाइल एसोसिएशन के प्रोपराइटर कासिम अंसारी, मेसर्स आदर्श सिलाई कढ़ाई के प्रोपराइटर रामरती, मेसर्स मोहम्मद जावेद ब्रदर्स के प्रोपराइटर मोहम्मद जावेद ने अपने उत्पादों के स्टॉल लगाकर जनपद के उत्पाद को दर्शाते हुए जनपद की वस्त्र निर्माण क्षमता को प्रदर्शित करते हुए मान सम्मान बढ़ाने का काम किया है। जिसमें बी2बी और बी2सी मीटिंग के माध्यम से जनपद के उत्पाद को सैम्पल के तौर पर विदेशी क्रेता को दिखाया गया और बायर्स द्वारा जनपद के उत्पाद को आर्डर करने का आश्वासन भी दिया गया। साथ ही साथ जनपद से 50 से अधिक निवेशक ट्रेड शो में पहुंचकर वहां पर वैश्विक स्तर के क्रेताओं के साथ समन्वय स्थापित किए गए हैं, जिससे वह अपने-अपने उत्पादकों को निर्यात करने के लिए बायर्स को चिन्हित कर सकें।



अंतर्राष्ट्रीय ट्रेड शो में मौजूद जनपद के उद्यमी। अमृत विचार

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के लिए 579 जोड़ों का लक्ष्य

संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत इस बार जनपद को 579 जोड़ों के विवाह का लक्ष्य मिला है। यह लक्ष्य समाज कल्याण निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा निर्धारित किया गया है।

जिला समाज कल्याण अधिकारी विक्रम कौशल ने बताया कि योजना के तहत बड़ी संख्या में लोग आवेदन कर रहे हैं। अब तक 1400 से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं, जबकि निर्धारित लक्ष्य 579 जोड़ों का है। उन्होंने बताया कि शासनादेश के अनुसार सामूहिक विवाह में शामिल होने वाली कन्याओं को वैवाहिक उपहार सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए जेम पोर्टल के माध्यम से फर्मों का चयन किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि उपहार सामग्री उपलब्ध कराने के लिए बिड आमंत्रित की गई है और इसमें भाग लेने की अंतिम तिथि 8 अक्टूबर तय की गई है। इच्छुक फर्मों से अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने की अपील की है, जिससे योजना का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके।

# परम फाउंडेशन के शिविर में हुआ रक्तदान

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर परम फाउंडेशन के संस्थापक और समाजसेवी धीरेंद्र पांडेय और विनय पांडेय के आह्वान पर बुधवार को जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का नेतृत्व सीएमएस पीएन यादव और रक्त केंद्र प्रभारी एएम त्रिपाठी ने किया।

परम फाउंडेशन द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में कुल 10 रक्तवीरों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में रामानुज मिश्र, जितेंद्र तिवारी, प्रशांत तिवारी, अमन तिवारी, नीरज राजभर और तालिब सहित कई लोग शामिल रहे। परम फाउंडेशन के संस्थापक धीरेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि रक्तदान महादान है। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया। वहीं भाजपा जिला मंत्री विनय पाण्डेय ने कहा कि परम फाउंडेशन द्वारा किया गया रक्तदान किसी जरूरतमंद की जान बचाने में सहायक होगा। सीएमएस पीएन यादव और रक्त केंद्र प्रभारी एएम त्रिपाठी ने फाउंडेशन की इस पहल की सराहना किया।




रक्तदान करते भाजपा जिला मंत्री विनय पांडेय व साथ में फरम फाउंडेशन के अध्यक्ष धीरेंद्र पांडेय, जिला अस्पताल के सीएमएस पीएन यादव व ब्लड बैंक प्रभारी एएम त्रिपाठी।

**जाना हाल** मालीपुर के भिस्वा चितौना गांव में छात्रा की हत्या के बाद लगातार राजनीतिक दलों का पीड़ित परिवार के घर पहुंचने का सिलसिला है जारी

# कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल व सपा सांसद ने पीड़ित परिवार को दी सांत्वना

**जलालपुर, अमृत विचार।** मालीपुर के भिस्वा चितौना गांव में मृतक छात्रा के घर पर राजनीतिक दलों का दौरा लगातार जारी है। बुधवार दोपहर कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल पीड़ित परिवार से मिला और परिजनों का हाल-चाल जाना। इस दौरान मलिहाबाद के पूर्व विधायक इंदल कुमार रावत ने सरकार द्वारा दी जा रही सहायता को पर्याप्त न बताते हुए अतिरिक्त मदद दिलाने की मांग की है।

कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल में कृष्ण कुमार यादव, जिला अध्यक्ष अशोक सिंह, रामकुमार पाल, सुनील मिश्रा, मेराजुद्दीन, राजबहादुर मिश्रा, राजकुमार अग्रहरि, आरपी कौशल, विजय शंकर तिवारी, अशोक सत्यार्थ, मुन्नीलाल, जसराज गौतम समेत तमाम नेता मौजूद रहे। इसके बाद समाजवादी पार्टी के सांसद लाल जी वर्मा भी गांव पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर सांत्वना दी और उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान की। मालीपुर थाना क्षेत्र के भिस्वा चितौना गांव में छात्रा की हत्या के बाद लगातार राजनीतिक दलों का पीड़ित परिवार के घर पहुंचने का सिलसिला जारी है। बुधवार को बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल भारी संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे।



छात्रा की हत्या के बाद पीड़ित परिवार से बातचीत करता कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल।



बसपा प्रदेश अध्यक्ष विश्नाथ पाल व साथ में जिलाध्यक्ष सुनील सावंत। अमृत विचार

बसपा प्रदेश अध्यक्ष ने परिवारजनों से करीब 20 मिनट तक बातचीत कर उनका हालचाल जाना और हर संभव सहयोग का भरोसा दिया। इस दौरान उन्होंने पीड़ित परिवार के सामने ही पुलिस अधीक्षक से फोन पर वार्ता कर मामले में निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि मामले में संलिप्त सभी लोगों पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। तभी पीड़ित परिवार को न्याय मिल सकेगा।

**बसपा प्रदेश अध्यक्ष ने पीड़ित परिवार को दी आर्थिक सहायता :** बसपा प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने परिवार को आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया। उनके साथ बसपा जिला अध्यक्ष सुनील सावंत, दिलीप विमल, राम नयन निर्दोष, चुन्नीलाल गौतम, समीर चौधरी, डॉ. दयाराम राजभर, राजेश कुमार गौतम, राज बहादुर, दिनेश भारती, अभिषेक पाल, तिलकधारी गौतम, संदीप, सुरेंद्र कुमार और कार्यकर्ता मौजूद रहे। घटना के पांचवें दिन भी गांव में पुलिस बल और मीडिया का जमावड़ा बना हुआ है। दिनभर विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता पीड़ित परिवार से मिलने आते रहे।

# पुलिस ने दो युवकों को ड्रोन के साथ पकड़ा

संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार।** जपपद के जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के अरई गांव में बुधवार को दो युवक ड्रोन उड़ाते हुए देखे गए। ग्रामीणों ने उन्हें पकडक़र पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने पूछताछ के बाद उन्हें छोड़ दिया।

ग्रामीणों ने दिन में कम ऊंचाई पर उड़ते ड्रोन को देखा। पीछा करने पर पता चला कि ड्रोन दो किलोमीटर से अधिक दूरी से संचालित किया जा रहा था। ग्रामीणों ने मौके पर मौजूद दोनों युवकों को पुलिस की मदद से पकड़ लिया। कोतवाली लाए जाने पर युवकों ने अपनी पहचान अंकित कुमार और मोहित दुबे निवासी जनपद आजमगढ़ के रूप में बताई। अंकित कुमार ने खुद को ड्रोन पायलट बताते हुए कहा कि वह भारत सरकार के उपक्रम के तहत मैपिंग का कार्य कर रहे हैं जो विकास कार्यों के लिए किया जा रहा है। युवकों के पास से एक चारपहिया वैन भी मिली, जिस पर आधुनिक ड्रोन स्प्रे सेवा लिखा हुआ था। कोतवाल संतोष कुमार सिंह ने बताया कि जांच में युवकों द्वारा किया जा रहा सर्वे कार्य सही पाया गया। पुष्टि होने के बाद दोनों युवकों को रिहा कर दिया गया है।

न्यूज ब्रीफ

### अपहरण व पॉक्सो एक्ट का वांछित गिरफ्तार

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** करीब पांच दिन पहले जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र की एक किशोरी के अपहरण व पॉक्सो एक्ट के दोषी को सेमरी बाजार चौकी इंचार्ज ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा जहां से उसे जेल भेजने की कार्यवाही हुई। पकड़े अभियुक्त की पहचान सूरज निवासी उमरा थाना हलियापुर जनपद सुलतानपुर के रूप में हुई है।

### ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आज आएंगे

**चांदा, सुलतानपुर, अमृत विचार :** गुरुवार को अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (रा.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं यू.पी. रत्न पंडित राजेंद्र नाथ त्रिपाठी छतौना पहुंच रहे हैं। विशेष आगमन पर वे सोशल मीडिया की लोकप्रिय इनफ्लुएंसर पल्लवी मिश्रा को सम्मानित करेंगे। उक्त जानकारी महासभा (रा.) के प्रभारी जयशंकर त्रिपाठी ने दी।

### नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** अखिल भारतीय भगवान परशुराम एकता समिति व कटका क्लब सामाजिक संस्था के संयुक्त तत्वाधान में पौध रोपण व निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन गायत्री मंदिर गुप्तारगंज में किया गया। शिविर का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि त्रिनेत्र पांडेय ने फीता काटकर किया। उन्होंने ने बताया कि शिविर में गरीब और वंचित वर्ग के मरीजों की आँखों की जाँच मुफ्त की जाएगी। मोतियाबिंद के मरीजों का ऑपरेशन भी नि:शुल्क होगा। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष ऋषभदेव शुक्ला ने कहा कि मरीजों को अस्पताल में ठहरने, भोजन और आने-जाने की सुविधा भी मुफ्त मिलेगी।

# मुठभेड़ में 2 आरोपियों के पैर में लगी गोली

## सोमवार की रात पटेल चौक पर हुए गोलीकांड में 3 लोग हुए थे घायल, 3 नामजद व 2 अज्ञात पर केस दर्ज

कादीपुर, सुलतानपुर


**अमृत विचार:** मंगलवार रात कस्बे के पटेल चौक पर हुए गोलीकांड मामले में पुलिस ने तीन नामजद व दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से दो कट्टे व कारतूस बरामद किए। दोनों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

घटना मंगलवार रात करीब नौ बजे हुई थी। मामूली कहासुनी के बाद हुई फायरिंग में विवेकानंद नगर निवासी उज्ज्वल सिंह, जवाहर नगर निवासी एहसान और मोहम्मद नईम घायल हो गए थे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कादीपुर में प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को जिला अस्पताल और फिर लखनऊ रेफर कर दिया गया। इधर, कस्बे में चर्चा रही कि पहले घायल पक्ष ने ही आरोपियों को घेरकर पीटा, जिसके बाद आरोपियों ने आत्मरक्षार्थ गोली चलाई। हालांकि, पुलिस इस दावे को खारिज कर रही है। घटना की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी कुमार हर्ष, पुलिस अधीक्षक अनुपम सिंह और अपर पुलिस अधीक्षक अखंड प्रताप सिंह ने देर रात घटनास्थल का निरीक्षण कर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

बुधवार भोर सराय रानी मोड़ के पास आरोपियों की घेराबंदी हुई। पुलिस पर फायरिंग करने पर जवाबी कार्रवाई में दुर्गापुर जलालपुर निवासी अंकित सिंह व जलालपुर गांव के राहुल राजपूत के पैरों में गोली लगी। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराने के बाद जेल भेज दिया गया। मामले में गोपालपुर नमाजगढ़ निवासी आसमा पत्नी शरीफ की तहरीर पर अंकित सिंह, राहुल राजपूत, घूरीपुरा गांव के शनि सिंह व दो अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया गया है। प्रभारी निरीक्षक श्यामसुंदर ने बताया कि अंकित के खिलाफ कादीपुर कोतवाली में पहले से तीन व कोतवाली नगर में एक मुकदमा दर्ज है। वहीं, घायल नईम पर पास्को एक्ट व मारपीट के पांच मामले तथा उज्ज्वल सिंह पर भी मारपीट का एक केस दर्ज है।



पुलिस मुठभेड़ में घायल गोलीकांड के दो आरोपी।



आरोपियों से बरामद हुई कार। ● अमृत विचार

# दीवार गिराने के विवाद में हुई मारपीट, 10 लोगों पर केस

कादीपुर, सुलतानपुर

- भूपतीपुर गांव की घटना, सीओ के हस्तक्षेप पर पुलिस ने की कार्रवाई

**अमृत विचार:** दीवार गिराने को लेकर हुए विवाद में एक पक्ष पर हमला बोलते हुए विपक्षियों ने जमकर मारपीट की। घटना में पीड़ित को गंभीर चोटें आईं। मामले में क्षेत्राधिकारी कादीपुर विनय गौतम के हस्तक्षेप के बाद पुलिस ने 10 लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के भूपतीपुर गांव निवासी राम व्रत का कुछ लोगों से दीवार को लेकर विवाद चल रहा था। आरोप है कि 23 सितंबर 2025 को विपक्षी हाथों में कुल्हाड़ी, कुदाल, फावड़ा, हॉकी और डंडे लेकर पहुंचे और जबरन दीवार गिराने लगे। मना करने पर उन्होंने राम व्रत को लात-घूंसों व डंडों से पीटकर घायल कर दिया। पीड़ित का कहना है कि उसने घटना की सूचना थाने में दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

मामला क्षेत्राधिकारी तक पहुंचा तो सीओ विनय गौतम के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गांव के ही लाल बहादुर, दिलीप, ओमप्रकाश उर्फ भोलू, गुलाब, गीता, मोहना, रंजना, वंदना, रेखा और सभाजीत के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# साइबर ठगी के मामले सैकड़ों, दर्ज सिर्फ 47

- प्रतिदिन दर्जनों लोग हो रहे साइबर ठगी के शिकार

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** साइबर ठगी के मामले जिले में तेजी से बढ़ रहे हैं, लेकिन स्थानीय साइबर थाने मे जनवरी से सितम्बर तक महज 47 मुकदमे है दर्ज हुए हैं। यह आंकड़ा चिंताजनक है, खासकर तब जब प्रतिदिन दर्जनों लोग इस प्रकार की ठगी का शिकार हो रहे हैं।

पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि साइबर हेल्प लाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराने पर भी विधिक कार्यवाही हो जाती है। जिसके चलते साइबर ठगी के शिकार लोग मुकदमा दर्ज कराने में असहाय महसूस कर रहे हैं। कई बार तो लोगों को साइबर हेल्प लाइन नंबर पर ही शिकायत दर्ज कराने में ही कठिनाई का सामना करना पड़ता है। जनवरी 2025 से अब तक सैकड़ों लोगों साइबर ठगी के शिकार हुए हैं वही साइबर थाने पर अब तक महज 47 मुकदमे ही दर्ज, जिनमें अधिकांश सोशल मीडिया के मामले हैं। इससे साफ जाहिर होता है कि साइबर थाने की पुलिस मुकदमा दर्ज करने में परहेज कर रही है।

### न खाता सीज हो पाता है और न ही हो पाती है विधिक कार्यवाही

साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराने के बाद साइबर ठग का बैंक खाता तो सीज कर दिया जाता है। लेकिन मुकदमा दर्ज नहीं होने के चलते साइबर ठगो पर विधिक कार्यवाही नहीं हो पाती है। विधिक कार्यवाही नहीं होने के चलते साइबर ठगों के हौसले बुलंद है। दूसरी बैंक में खाता खुलवा फिर साइबर ठगी की घटनाओं को अंजाम देते रहते हैं। जबकि साइबर ठगो के फोटो के साथ आधार कार्ड व पैन कार्ड बैंक के पास होते हैं। वही विशेषज्ञों का कहना है कि यदि इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो साइबर अपराधियों का हौसला और बढ़ सकता है। साथ ही लोगों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने और पुलिस की जवाबदेही बढ़ाने की आवश्यकता है।

# महोत्सव को लेकर एसपी ने की बैठक

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह अपर पुलिस अधीक्षक अखण्ड प्रताप सिंह ने कैंप कार्यालय पर मातहतों के साथ बैठक की। बैठक में एस पी ने महोत्सव के दौरान मेला व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन, बैरिकेडिंग, व पैदल गश्त की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मूर्ति पर पुलिस ड्यूटी निर्धारित किए जाने की बात कही जिससे विसर्जन यात्रा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से सम्पन्न हो सके। मूर्ति विसर्जन स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगायी जाए तथा सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ट्रैफिक डायवर्जन योजना को प्रभावी ढंग से लागू की जाने की बात कही जिससे आमजन को यातायात में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# वर्षों से उपेक्षित है कुड़वार-इसरौली मार्ग

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** हलियापुर-कुड़वार मार्ग से इसरौली गांव को जोड़ने वाली पक्की सड़क करीब 20 वर्षों से जर्जर हालत में है। स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों द्वारा लगातार आवाज उठाने के बावजूद आज तक इसकी मरम्मत नहीं हो सका।

यह सड़क वर्ष 2004-05 में तत्कालीन विधायक व उच्च शिक्षा राज्यमंत्री ओम प्रकाश पांडेय के प्रयास से आरईएस विभाग द्वारा बनाई गई थी। निर्माण के बाद इसका अनुरक्षण मंडी समिति को सौंपा गया, लेकिन समिति ने कभी कोई कार्य नहीं किया। बाद में जिला पंचायत सदस्य बबीता तिवारी के प्रयास से 2017 में इसे पुनः आरईएस को सौंपा गया, मगर आठ साल बीतने के बाद भी विभाग ने कोई मरम्मत नहीं कराई। ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व सांसद वरुण गांधी और मेनका गांधी से भी गुहार लगाई गई, मगर अब तक केवल आश्वासन ही मिला। सड़क पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है, जगह-जगह खड़ंजे ही दिखाई पड़ते हैं। प्राथमिक विद्यालय तक जाने वाले इस मार्ग पर आलाधिकारी हर चुनाव में पोलिंग बूथ का निरीक्षण करने आते हैं, लेकिन सड़क की दुर्दशा देखकर भी अनदेखी कर देते हैं। ग्राम प्रधान नरेंद्र मौर्य सहित ग्रामीणों ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि जल्द से जल्द इस जर्जर मार्ग का निर्माण कराया जाए।



कुड़वार-इसरौली मार्ग पर चलना हुआ दूभर। ● अमृत विचार

- दो दशक से जर्जर सड़क पर नहीं हुआ सुधार, ग्रामीणों को मिला सिर्फ आश्वासन

# फोन कॉल पर डरा कर किसान से ठग लिए 91 हजार रुपये

कादीपुर, सुलतानपुर

- कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के बनके गांव की घटना, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**अमृत विचार:** ऑनलाइन ठगी का शिकार हुए एक किसान से ठगों ने फोन पर डराकर 91 हजार 400 रुपये ऐंठ लिए। मामला कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के बनके गांव (हरिचनपुर) निवासी शादाब का है।

शादाब ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 14 फरवरी 2025 को उनके मोबाइल पर कॉल आया। कॉल करने वाले ने धमकाते हुए कहा कि तुम्हारे खिलाफ लखनऊ थाने में एफआईआर दर्ज है, पुलिस तुम्हें गिरफ्तार कर लेगी और मकान भी गिरवा देगी। यहां तक कि पांच साल की कैद की भी धमकी दी गई। डर के मारे किसान सदमे में आ गए। इसी बीच ठग ने कहा कि पांच लाख रुपये दे दो तो केस खत्म करा देगा। भयवश शादाब ने अपने मोबाइल से आनलाइन कुल 91 हजार 400 रुपये भेज दिए। बाद में समझ आने पर उन्होंने पुलिस को तहरीर दी।

प्रभारी निरीक्षक श्यामसुंदर ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात मोबाइल नंबर धारक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# रोजगार मेले में युवाओं को मिलेगा अवसर

संवाददाता, सुलतानपुर

- सेवार्थम फाउंडेशन आठ व नौ नवंबर को लगाएगा मेला
- संस्था संस्थापक ने प्रेसवार्ता कर दी जानकारी

**अमृत विचार:** समाजसेवा के क्षेत्र में वर्षों से काम कर रही सामाजिक संस्था सेवार्थम फाउंडेशन अब बेरोजगार युवाओं के लिए एक नई पहल करेगी। फाउंडेशन आगामी आठ व नौ नवंबर को लंभुआ विकास खंड के गोथुआ जागीपुर गांव में दो दिवसीय रोजगार मेला लगाने जा रही है। जिसमें बड़े पैमाने पर युवाओं को रोजगार का अवसर मिलेगा।

शहर के एक निजी होटल पत्रकारों से बातचीत में सेवार्थम फाउंडेशन के संस्थापक आशीष त्रिपाठी ने बताया कि संस्था द्वारा जरूरमंदों की मदद के लिए कई कार्यक्रम चलाए जा रहे है। इस बार उन्होंने युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए अपने गृह क्षेत्र में कई मल्टीनेशनल कंपनियों को आमंत्रित किया है। उन्होंने बताया कि रियल स्टेट, मार्केटिंग व अन्य क्षेत्रों में काम करने वाली दर्जनों कंपनियां रोजगार मेले में शामिल होंगी। चयनित युवाओं को रहने और भोजन की व्यवस्था के लिए उनकी संस्था मदद करेगी। इससे रोजगार का सृजन होगा और युवा आत्मनिर्भर बनेगा। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में युवाओं को रोजगार से जोड़ने की बात कही है।

इसके पूर्व लंभुआ के धारियामऊ में लिंटर गिरने से दबकर हुई तीन युवाओं की मौत की सूचना पाकर वे पीड़ितों के घर पहुंचे। सभी को 50-50 हजार रुपये की मदद की। साथ ही उन तीनों युवाओं को घर बनाने के लिए मदद का आश्वासन दिया है। समय-समय पर अन्य की भी मदद के लिए संस्था आगे आती रहती है।

इस मौके पर संस्था के जिलाध्यक्ष सुरेश शर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।



प्रेसवार्ता करते सेवार्थम फाउंडेशन के संस्थापक आशीष त्रिपाठी। ● अमृत विचार

# मां ज्वाला की दिव्य ज्योति का विंदेश्वरीगंज में भव्य स्वागत

- भक्तिरस में डूबा कस्बा, गगनभेदी जयकारों से गूंजा वातावरण

**बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार:** हिमाचल प्रदेश स्थित मां ज्वाला मंदिर से निकली दिव्य ज्योति का बुधवार को विंदेश्वरीगंज कस्बे में भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर पूरा कस्बा श्रद्धा और भक्ति के रंग में सराबोर हो उठा।

व्यापार मंडल विंदेश्वरीगंज के तत्वावधान में अध्यक्ष रमाकांत अग्रहरि व सहयोगियों ने ज्योति की अगवानी कर विधि-विधान से पूजन-अर्चन व आरती की। इस दौरान श्रद्धालुओं ने दिव्य ज्योति के दर्शन कर स्वयं को धन्य महसूस किया। कस्बे के चौराहे पर "मां ज्वाला की जय" के गगनभेदी जयकारों से वातावरण भक्ति रस में गूंज उठा। कार्यक्रम के अंतर्गत समाजसेवी राजकुमार शुक्ला के संयोजन में रात्रि में माता रानी का भव्य जागरण भी आयोजित हुआ। जागरण में भक्तों ने भक्ति गीतों और भजनों से माता का गुणगान किया।

इस अवसर पर मोहनलाल मिश्र, अरविंद, कालीचरण, हरिश्चंद्र, विष्णु सागर, जयप्रकाश सिंह, अवधेश अग्रहरि, सरयू चौरसिया, नंद किशोर गुप्ता, सचिन पांडेय सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# पांडेयबाबा में आज उमड़ेगा आस्था का जनसैलाब

मोतिगरपुर, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** दशहरे के अवसर पर लगने वाले ऐतिहासिक मेले पांडेयबाबा धाम में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा है। नवमी से ही बाबा को कड़ाही चढ़ाने का सिलसिला शुरू हो गया था, जबकि दशमी के दिन विशेष मान्यता के चलते हजारों श्रद्धालु कड़ाही चढ़ाएंगे। सुलतानपुर, अमेठी, जौनपुर, प्रतापगढ़, अंबेडकरनगर, आजमगढ़, अयोध्या, प्रयागराज समेत करीब बीस जनपदों से लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

धाम पर श्रद्धालु फूल, बतासा, कौड़ी व अनाज चढ़ाकर बाबा से अपनी मनोकामना पूर्ण होने की प्रार्थना करेंगे। विशेष परंपरा के तहत चढ़ी हुई कौड़ी को लोग घर ले जाकर अपने पशुओं के गले में प्रसाद स्वरूप बांधेंगे। मान्यता है कि बाबा का पशुओं से विशेष लगाव रहा है और आज भी उनकी कृपा पशुधन पर बनी रहती है। मेले में लाठी व गट्टे की खरीदारी जोरों पर है। वहीं बच्चों के लिए झूले और मनोरंजन के अन्य साधन भी तैयार हैं।



पांडेय बाबा धाम का सिद्ध पीठ। ● अमृत विचार

- दशहरे पर कड़ाही चढ़ाने की विशेष परंपरा, 20 जनपदों से पहुंचेंगे भक्त

### भीषण गर्मी में बिजली संकट

पिछले तीन दिनों से मेले में बिजली की समस्या बनी हुई है। श्रद्धालुओं को दिन में महज एक-दो घंटे ही आपूर्ति हो पा रही है। जेई रामशरण त्यागी ने बताया कि मरम्मत कार्य पूरा कर लिया गया है और कल से बिजली आपूर्ति सामान्य हो जाएगी।

### दो दिन डायवर्ट रहेगा रूट

श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को देखते हुए लखनऊ-बलिया राजमार्ग पर गुरुवार और शुक्रवार को यातायात डायवर्ट रहेगा। मोतिगरपुर से आजमगढ़ की ओर जाने वाले भारी वाहन दोस्तपुर-कादीपुर मार्ग से भेजे जाएंगे, जबकि कादीपुर से सुलतानपुर की ओर जाने वाले भारी वाहन चांदा होकर गुजरेंगे। धाम पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बड़ी संख्या में पुलिस व पीएसी के जवान तैनात किए गए हैं।

# दो दिवसीय ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

- खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम, दौड़ से लेकर वॉलीबॉल तक में छाए प्रतिभागी

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** माई भारत सुलतानपुर, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में बल्दीराय ब्लाक स्थित बीआरजी पब्लिक स्कूल के खेल मैदान पर 29 व 30 सितंबर को दो दिवसीय ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न हुई। विभिन्न खेलों में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता के पहले दिन आयोजित एथलेटिक्स में खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। 1600 मीटर दौड़ में शिवम यादव प्रथम स्थान पर रहे, वहीं 100 मीटर दौड़ में अजीत ने बाजी मारी। बालिका वर्ग की 400 मीटर दौड़ में वंदना ने पहला स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। टीम मुकाबलों में भी खिलाड़ियों ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में श्री भीष्म शाह इंटर कॉलेज की टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए खिताब अपने नाम किया। वहीं, कबड्डी और खो-खो के रोमांचक मुकाबलों ने खिलाड़ियों और दर्शकों दोनों में जबरदस्त उत्साह भर दिया।

### आज दशहरा के साथ रंगत में आएगा महोत्सव

**सुलतानपुर :** गुरुवार को दशहरा पर्व के साथ जिले का ऐतिहासिक दुर्गा पूजा महोत्सव अपने रंगत में आ जाएगा। गभड़िया ओवरब्रिज पर परंपरागत तरीके से रावण के पुतला दहन का मंचन किया जाएगा। शहर भर में माता रानी के दरबार सज गए हैं। आकर्षक लाइटिंग लोगों का मन मोह रहे हैं। पूर्णिमा तक शहर समेत ग्रामीण अंचल में महोत्सव की धूम रहेगी। जगह-जगह भंडारा आयोजित किया जाएगा। गुरुवार की शाम छह बजे गभड़िया ओवरब्रिज पर श्रीरामलीला समिति की ओर से परंपरागत तरीके से रावण का पुतला दहन किया जाएगा। इसी के साथ बुराई पर अच्छाई की विजय की लोगों को सीख दी जाएगी। वहीं, ग्रामीणांचल में भी कई स्थानों पर बुराई पर अच्छाई के प्रतीक के तौर पर रावण का पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। दशहरा पर्व पर मेलार्थियों की अच्छी खासी भीड़ उमड़ती है। पुतला दहन कार्यक्रम देखने के लिए शहर के लोग परिवार के साथ उमड़ते हैं। ओवरब्रिज के उत्तर दिशा में जिला अस्पताल गेट तक हाइवे पर लोग इकट्ठा होते हैं तो दक्षिण तरफ भी काफी दूर तक लोग इसे देखने के लिए उमड़ते हैं। इसी के साथ मेला अपनी रंगत में पहुंच जाएगा।

# गैर जनपद के तीन शातिर असलहे के साथ दबोचे

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** जयसिंहपुर कोतवाली में तैनात उप निरीक्षक परमानंद पांडेय टीम के साथ दुर्गापूजा महोत्सव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए क्षेत्र में थे। तभी उन्हें तीन लोग संदिग्ध दिखे तो पुलिस ने रोकना चाहा तो भागने लगे पुलिस ने घेराबंदी कर उन्हें पकड़ा। तलाशी के दौरान उनके पास से दो अवैध असलहे व तीन जिंदा कारतूस बरामद हुआ। जिस पर उन्हें थाने ले जाया गया जहां उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया। पकड़े गए शातिर की पहचान युवराज निषाद पुत्र महेन्द्र निषाद, विकास निषाद पुत्र बैजनाथ रामपुर थाना महरूआ जनपद अम्बेडकरनगर वही विजय निषाद पुत्र शैलेन्द्र निषाद ग्राम उदयपुर सकरवारी थाना दोस्तपुर जनपद सुलतानपुर के रूप में हुई। जयसिंहपुर कोतवाल ने बताया कि असलहों के साथ पकड़े गए शातिरों को कोर्ट भेजा गया जहां से जेल भेजने की कार्यवाही हुई।

आस्था

नौ दिनों तक व्रत रखने वालों ने कराया कन्या भोज, गायत्री मंदिर समेत सभी मंदिरों पर सामूहिक हवन

# नवमी के हवन से सुगंधित हुआ चहुंओर का वातावरण

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** बुधवार को नवरात्र पर्व में नवमी के हवन से वातावरण सुगंधित हो उठा। नौ दिनों तक व्रत रखने वाले माता रानी के अनन्य भक्तों ने कन्या भोज कराया। गायत्री मंदिर समेत जिले भर के शक्ति पीठों पर सामूहिक हवन पूजन हुआ।

नव दुर्गाओं में मां सिद्धिदात्री की आराधना बुधवार को की गई। अन्य आठ दुर्गाओं की पूजा-आराधना शास्त्रीय विधि-विधान के अनुसार करते हुए भक्तों ने नवरात्र के अंतिम दिन सिद्धिदात्री मां की आराधना की। शहर के सुपर मार्केट के पास स्थित गायत्री मंदिर व कुड़वार नाका स्थित गायत्री मंदिर में भोर से ही सामूहिक हवन शुरू हुआ। यहां पर कन्या भोज का भी सामूहिक आयोजन किया गया। विद्वान पुरोहितों ने शाम तक लगातार हवन में आहुतियां डलवाई। बड़ी संख्या में मां के भक्तों ने नौ दिनों तक व्रत रखते हुए नवमी हवन घरों में किया। जिले भर में हुए हवन पूजन से पूरा वातावरण सुगंधित हो उठा।



बच्चों ने प्रस्तुत की मां नौ दुर्गा की झांकी। ● अमृत विचार

### शक्ति की आराधना: हैलो चैंप्स स्कूल में धूमधाम से मना नवरात्रि उत्सव

**सुलतानपुर :** नवरात्र के पावन अवसर पर सिविल लाइन स्थित हैलो चैंप्स स्कूल में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के निदेशक संदीप सिंह ने की। इस दौरान बच्चों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर सबका मन जीत लिया। कार्यक्रम की शुरुआत मां दुर्गा की आराधना से हुई। इसके बाद छात्रों ने विविध नृत्य, सोलो गीत और समूह प्रस्तुतियों से मंच को जीवंत कर दिया। खास आकर्षण रहा कि कई छात्र-छात्राओं ने देवी दुर्गा, काली माता और अंबे माता सहित अन्य देव स्वरूपों की वेशभूषा धारण की। इन प्रस्तुतियों से पूरा वातावरण भक्तिमय और मनोहारी हो उठा।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम SHASHI SINGH से बदलकर SHASHI VERMA कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **SHASHI VERMA, 554, SECTOR-13, INDIRA NAGAR, LUCKNOW-226016**

**सूचना**
मैं, मो0 हादी निवासी अल्लू नगर डिगुरिया, बड़ा खुदान, ग्राम ककौली, प्रेम नगर कालोनी, लखनऊ, मैं अपने बड़े पुत्र तुफैल उम्र 30 वर्ष को परिवार के प्रति खराब व्यवहार के चलते अपनी चल-अचल सम्पत्ति से/ वारिसान से पूर्णतया बेदखल कर रहा हूँ। अब से मेरे बड़े पुत्र तुफैल से किये गये किसी भी कृत्य व लेन-देन की जिम्मेदारी उसकी स्वयं की होगी।

**NOTICE**
I hereby declare that in school records of my ward Mohd Amaan studying in Stella Maris Convent School Narayanpur in class IX-A his date of birth is incorrectly mentioned 17-07-2011 which should be read and written as date of birth 07-07-2011 respectively. Smt. Yasmeen Bano W/o LATE Mohd Shamim, R/O H.No. 2066/5D, Dihwa Nabipur, DIST. SULTANPUR Uttar Pradesh.

**सूचना**
मेरी भारतीय जीवन बीमा निगम पालिसी संख्या 21 73 20 887 में मेरा नाम चमेली अंकित है। जबकि मेरे आधार कार्ड व बैंक पासबुक में मेरा नाम कान्ती दर्ज है। चमेली और कान्ती दोनों मेरे ही नाम हैं। मुझे दोनों ही नामों से जाना व पहचाना जाए। **कान्ती पत्नी सोनेलाल निवासी ग्राम – हसनपुर सगौड़ा परगना व तहसील – बांगरमऊ जिला – उन्नाव।**

# आज दिखेगा नन्हीं उड़नपरी का जलवा, एक घंटे में 10 किमी दौड़ेगी अनामिका

मिशन शक्ति

- इटियाथोक के प्राथमिक विद्यालय भीखमपुरवा में कक्षा 1 की छात्रा है 6 वर्षीय अनामिका

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार** : मिशन शक्ति अभियान के तहत बृहस्पतिवार को नन्ही उड़नपरी का जलवा दिखेगा। प्राथमिक विद्यालय भीखमपुरवा में कक्षा एक में पढ़ने वाली 6 वर्षीया अनामिका महात्मा गांधी की जयंती पर एक घंटे में 10 किमी की दौड़ लगायेगी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मिशन शक्ति अभियान को गति प्रदान करेगी। उसके इस प्रयास को लेकर स्थानीय लोगों में जबरदस्त उत्सुकता है।

6 वर्षीय अनामिका इटियाथोक के भीखमपुरवा गांव की रहने वाली है। उसके पिता मनोज मिश्रा प्राथमिक विद्यालय भीखमपुरवा में प्रधानाध्यापक हैं और अनामिका इसी विद्यालय में कक्षा एक की छात्रा है। स्कूल के प्रधानाध्यापक व अनामिका के पिता मनोज मिश्रा बताते हैं कि बचपन से ही उसकी रुचि दौड़ने में है। सोशल साइट्स से ओलम्पिक के प्रति उत्पन्न हुई जिज्ञासा के बाद उसने खेलों की तरफ रुख किया। उसकी रुचि को देखकर वह उसे उसी दिशा में आगे बढ़ा रहे हैं। अनामिका का सपना ओलंपिक खेलों में भाग लेने का है। वह चीनी ओलम्पियाड को चुनौती देने के लिए दिन रात पसीना बहाती है। अनामिका कहती है कि चीन को पीछे करके देश के लिए गोल्ड मेडल हासिल करना है। मनोज मिश्रा अपनी निगरानी में उसकी नियमित तैयारी कराते हैं। मनोज का कहना है कि अनामिका बिना रुके 10 किमी तक दौड़ सकती है। बृहस्पतिवार को वह महात्मा गांधी की जयंती पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेगी और एक घंटे मेम 10 किमी की दूरी तय करेगी। यह दौड़ सुबह 6 बजे पुलिस चौकी भवनियापुर खुर्द से शुरू होकर 7 बजे शुक्ला दहीबड़ा इटियाथोक के प्रतिष्ठान पर समाप्त होगी। उसकी इस प्रतिभा को देखने के लिए स्थानीय लोगों में जबरदस्त उत्साह है।

### 8 मिनट में 240 पुशअप्श लगा चुकी हैं अनामिका

6 साल की अनामिका सिर्फ दौड़ ही नहीं लगाती वह पुशअप्स भी बेहद तेजी से लगाती है। पिछले वर्ष वह 8 मिनट में 240 पुशअप्श लगाकर इण्डिया बुक आफ रिकार्ड में अपना नाम दर्ज करा चुकी है। अनामिका के इस उपलब्धि के लिए उसे "मैक्सिमम पुश अप्स ए फीमेल किड" का खिताब मिल चुका है।



अनामिका मिश्रा। अमृत विचार

### तय है नियमित आहार का रोस्टर

बचपन में जहां आमतौर पर बच्चे बाहर की वस्तुओं को खाने में अधिक रुचि दिखाते हैं वहीं नन्ही अनामिका इन सब चीजों से बहुत दूर है। उसके पिता मनोज मिश्रा ने उसके आहार के लिए रोस्टर तय कर रखा है। अनामिका बाहर की कोई पैकेट वाली वस्तु, तली भुनी चीजें, चीनी, चावल आलू आदि से काफी दूर है। बाजार में बिकने वाली खानपान की सामग्री से बचती हैं। वह अधिकांशत : जैविक सब्जियों व फलों तथा सूखे मेवे पर निर्भर है। महुआ और दूध भी इसकी डाइट में शामिल है।

## न्यूज ब्रीफ

### बिना परमिट काट डाले सागौन के 30 पेड़

**तरबगंज** : स्थानीय थाना क्षेत्र के कौचिहा गांव में वन माफियाओं ने बिना परमिट सागौन के 30 पेड़ काट दिया। वन क्षेत्राधिकारी तरबगंज सुशांत शुक्ला ने बताया कि जानकारी मिली है। जांच कराई जा रही है।

### खटिकनपुरवा में लगाए जा रहे बिजली के खंभे

**रुपईडीह** : चार साल से ब्लॉक की ग्राम पंचायत भटपी के खटिकनपुरवा में बिजली न होने से परेशान ग्रामीणों के मांग पर अब गांव में बिजली के खंबे लगाए जाने का कार्य शुरू हो गया है। ग्राम प्रधान काली प्रसाद शुक्ल ने बताया कि उक्त गांव में बिजली न होने से ग्रामीणों को आए दिन परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। उन्होंने बताया कि गांव का विद्युतीकरण कराए जाने की माँग मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के अधिशासी अभियंता व क्षेत्रीय विधायक बावन सिंह से की गई। अब उनके पहल करने से गांव में विद्युतीकरण का कार्य शुरू हो गया है।

### गौसिहा में बंदरों का आतंक

**रुपईडीह** : ब्लॉक की ग्राम पंचायत गौसिहा के तुर्कपुरवा गांव में पिछले एक माह से बंदरों के आतंक के चलते अधिकांश ग्राम वासी परेशान है। गाँव निवासी श्रवण कुमार, त्रिलोचन मिश्र, अतुल कुमार दुबे, पंकज कुमार मिश्र आदि लोगों ने बताया कि इन बंदरों को पकड़वाकर कहीं अन्यत्र छोड़े जाने की मांग खंड विकास अधिकारी से की गई है।

### विधायक से की केबिल जर्जर होने की शिकायत

**रुपईडीह** : ब्लॉक की ग्राम पंचायत भोलाजोत के भयापुरवा गाँव में लगी बिजली की केबल जर्जर होने की शिकायत ग्राम प्रधान कुणाल बाबा ने विधायक बावन सिंह से की है। उन्होंने बताया कि गांव में लगी केबल जर्जर होने से आए दिन टूट कर गिर रही है। जिस गांव वालों के लिए जीवन के लिए हमेशा खतरा बना रहता है।

### सामाजिक संस्था को इंदौर में मिला सम्मान

**मनकापुर** : जीवन सेवा संस्थान को समाजसेवा के क्षेत्र में निरंतर किए जा रहे कार्यों एवं उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए इंपैक्ट इंडिया टीम द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर विशेष सम्मान प्रदान किया गया। इंदौर में आयोजित भव्य समारोह में संस्थान के अध्यक्ष विनय कुमार तिवारी एवं ज्योति सिंह को यह सम्मान भेंट किया गया। विनय तिवारी की इस उपलब्धि पर बार संघ मनकापुर के अध्यक्ष भानु प्रताप मिश्रा एवं महामंत्री लालचंद शुक्ला सहित अधिवक्ताओं ने उन्हें हार्दिक बधाई दी है।

### रात में मोटर चोरी करने वाला गिरफ्तार

**नवाबगंज** : मंगलवार की रात लौव्वाबीरपुर गांव के कलश मैरिज लान के प्रबंधक सत्येन्द्र भूषण तिवारी ने थाने में दी तहरीर में बताया कि रात मे गांव के ही सिंगरायपुरवा निवासी धनीराम यादव मोटरसाइकिल से मैरिज लान में दाखिल हुआ। उसने नल के पास लगी एक हार्स पावर की मोटर को खोलकर बाइक पर लाद किया और भाग गया। वारदात लॉन में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गयी। फुटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपी धनीराम को पहलवान वीर मंदिर के पास से मोटर समेत गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### कृषि यंत्र वितरित

**खरगूपुर** : कृषि कल्याण संघ ने 200 किसानों को निशुल्क कृषि यंत्र वितरित किया।विकास खंड रूपईडीह के मिश्रौलिया गांव में किसान कल्याण संघ द्वारा किसान सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा जिला महामंत्री आशीष त्रिपाठी ने विनय यादव, दयाराम यादव, उदयराज गौतम, राधेश्याम, मुमताज, सज्जाद अली, जमुना वर्मा, ओंकार तिवारी, श्याम तिवारी सहित 200 किसानों को हंसिया,फावड़ा आदि कृषि यंत्र वितरित किया। इस मौके पर शिवमंगल मार्ग, इंजीनियर के डी मौर्य, रविंद्र कश्यप, जितेंद्र राय आदि रहे।

### हत्यारोपी पति गिरफ्तार

**नवाबगंज** : नवाबगंज के तुलसीपुर माझा गांव की रहने वाली पूनम पांडेय की सोमवार की रात उसके पति ने गला दबाकर हत्या कर दी थी। मामले में मृतका के भाई ज्वाला प्रसाद ने पति राजू पांडेय और एक अन्य व्यक्ति के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि पुलिस ने आरोपी पति राजू पाण्डेय को बुधवार की सुबह नबाबगज-तरबगज रोड के लौव्वा मोड़ के पास से गिरफ्तार कर मजिस्ट्रेट के समक्ष रिमांड के लिए पेश कर दिया। आरोपी के निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल आला कत्ल डंडा भी बरामद किया गया है। मामले में पुलिस अब नामजद एक अन्य आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।

# कन्या पूजन कर मां सिद्धिदात्री से मांगा आशीर्वाद

## देवी मंदिरों में देर शाम तक जारी रहा सामूहिक हवन का सिलसिला

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार** : नवरात्र के अंतिम दिन महानवमी को देवी मंदिरों में हवन पूजन की धूम रही। श्रद्धालुओं ने माता के नौवें स्वरूप मां सिद्धिदात्री की पूजा कर हवन किया और मां सिद्धिदात्री से मनोकामना पूर्ति का आशीर्वाद मांगा। श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के नवस्वरूपों के निमित्त कन्या पूजन किया और ब्राह्मण भोज कराकर व्रत का उद्यापन किया। महानवमी के दिन देवी मंदिरों में देर शाम तक लोगों ने सामूहिक हवन किया। पूरे दिन मां के दर्शनों के लिए मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा।

शक्ति उपासना के पर्व नवरात्र के अंतिम दिन बुधवार को श्रद्धालुओं ने मां भगवती के नौवें स्वरूप सिद्धिदात्री देवी की विधि-विधान से पूजा- अर्चना की। नवरात्र का आखिरी दिन होने से खैरा भवानी मंदिर, काली भवानी मंदिर, उत्तरी भवानी मंदिर समेत करीब दो दर्जन देवी मंदिरों में आस्था का सैलाब उमड़ा। शहर की प्रसिद्ध शक्तिपीठ खैरा भवानी मंदिर में भोर से ही श्रद्धालुओं की लाइन लग गई। लोगों ने नारियल चुनरी व प्रसाद अर्पित कर माता से मुराद पूरी होने का आशीर्वाद मांगा। मंदिर के बाहर बने हवनकुंड में हजारों लोगों ने सामूहिक हवन पूजन किया। सुबह से लेकर देर शाम तक हवन पूजन का सिलसिला चलता रहा। काली भवानी मंदिर, स्टेशन रोड स्थित दुर्गा मंदिर के बाहर श्रद्धालुओं की लंबी लाइन लगी रही। उमरी बेगमगंज के उत्तरी भवानी मंदिर में हजारों श्रद्धालुओं ने हवन पूजन कर वाराही माता का आशीर्वाद लिया।

मेहनौन स्थित माता पटमेश्वरी देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी। नौ दिनों तक व्रत रहकर माता की उपासना करने वाले श्रद्धालुओं ने बुधवार को घर पर कन्याभोज कराया और देवी मां का आशिर्वाद लिया कन्याओं को भोज करवाकर कच्चा नारियल, चुनरी व कपड़ा भेंटकर दान दक्षिणा दिया।


काली भवानी मंदिर पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़। अमृत विचार



करनैलगंज के संतोषी माता मंदिर पर कन्या भोज के बाद उपहार के साथ कन्याएं।

### कन्याभोज कराकर लिया देवी का आशीर्वाद

नवरात्र के नवमी को पूरे क्षेत्र में हवन, पूजन, कन्या भोज का आयोजन हुआ। प्रत्येक मंदिरों के साथ घरों में लोगों ने कन्या भोज कराने के साथ हवन पूजन कर मां की आराधना की। एसडीएम नेहा मिश्रा ने अपने आवास पर नौ कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन कराकर शैक्षिक उपहार भेंट किया। उन्होंने सभी कन्याओं के पैर धोकर उन्हें अंगवस्त्र देने के साथ भोजन कराया। तहसीलदार सुभद्र प्रसाद ने पत्नी सहित संतोषी माता मंदिर पर हवन किया। उसके बाद कन्या भोज कराया। गायत्री शक्ति पीठ मंदिर, दुर्गा पूजा महोत्सव समिति सर्वा माई स्थान, कैलाशबाग, मौर्यनगर, बस स्टॉप, छतईपुरवा ब्रह्मचारी स्थान पर बड़े स्तर पर हवन का आयोजन किया गया। लगभग प्रत्येक हिन्दू घरों व व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं ने हवन, पूजन व कन्या भोज कराया।

# पकड़ी गई सपा नेता की हूटर लगी स्कॉर्पियो

**गोंडा, अमृत विचार** : मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र अमित पाठक के के अगुवाई में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान शोहदों, स्टंटबाजों, ब्लैक फिल्म, हूटर, गलत नंबर प्लेट और मॉडिफाइड साइलेंसर लगे वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। नियमों के उल्लंघन पर कई वाहनों का चालान भी किया गया। इस दौरान सपा नेता संसार अहमद सलमानी की हूटर लगी स्कॉरपियो को आईजी ने पकड़ लिया। स्कॉरपियो में काली फिल्म लगाकर चलने और हूटर लगाने पर आईजी ने नाराजगी जताई और वाहन को सीज करा दिया।

चेकिंग के बाद आईजी ने महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा संबंधी पंपलेट वितरित कर हेल्पलाइन नंबर्स के बारे मे जानकारी दी। इसके साथ ही मिशन शक्ति केंद्रों और सरकारी योजनाओं की भी विस्तार से बताया गया। आईजी ने परिक्षेत्रीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्कूलों, कॉलेजों, बैंकों और अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर शोहदों के खिलाफ प्रतिदिन विशेष चेकिंग अभियान जारी रखा जाए।महिलाओं को आत्मनिर्भर व जागरूक बनने के लिए प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि महिलाएं स्वयं के साथ-साथ अन्य महिलाओं व बालिकाओं को भी जागरूक करें। इस दौरान दौरान अपर पुलिस अधीक्षक मनोज रावत क्षेत्राधिकारी नगर आनंद राय कोतवाली नगर प्रभारी विवेक त्रिवेदी सहित अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मी उपस्थित रहे।


अभियान के दौरान सपा नेता के कार की चेकिंग करते आईजी अमित पाठक।

### वृद्धजन दिवस पर बुजुर्गों को मिला सम्मान

**गोंडा, अमृत विचार** : अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर बुधवार को शहर के वृद्धाश्रम में समारोह आयोजित किया गया। अपर जिला जज दानिश हसनैन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह ने सरकार की तरफ से बुजुर्गों के लिए चलाई जा रही योजनाओं पर प्रकाश डाला। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रश्मि वर्मा ने सभी को निशुल्क चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने पर प्रतिबद्धता जताई।

## उमस भरी गर्मी से सांस रोगी बेहाल

- बुखार, जुकाम व जलजनित रोग फैलने की आशंका

**गोंडा, अमृत विचार** : उमस भरी गर्मी व बरसात के बाद मौसम में नमी से सांस रोगियों की मुश्किल बढ़ गयी है। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध बाबू ईश्वर शरण चिकित्सालय में सांस रोगियों की संख्या बढ़ी है। बुखार व जुकाम रोगियों की भीड़ उमड़ रही है। बुधवार को चेस्ट फिजिशियन के पास 120 मरीज उपचार कराने पहुंचे। इलाज कराने आए राम मनोहर ने बताया कि उमश भरी गर्मी में सांस लेने की समस्या बढ़ गई है। बुजुर्ग महिला भगतीन ने बताया कि पिछले सप्ताह से सीने में दर्द है। सांस लेने में समस्या हो रही थी। मजबूरी में अस्पताल में आकर इलाज कराना पड़ रहा है। डॉक्टर ने दवा दी है तब जाकर आराम मिला है। बाबू ईश्वर शरण चिकित्सालय के सहायक आचार्य व फिजिशियन डा रमेश पांडेय ने बताया कि मौसम में नमी के कारण दमा रोगियों को अधिक समस्या का सामना करना पड़ रहा है। बुजुर्गों को खानपान पर विशेष ध्यान देना होगा। ठंडी वस्तुओं से सेवन से बचना होगा।

### वन माफिया काट ले गए सड़क किनारे लगा पेड़

**नवाबगंज** : लौव्वाबीरपुर के डिहवा मजरा में स्थित कलश मैरिज लान के पास नवाबगंज-कर्नलगंज मार्ग के किनारे दीपक गोस्वामी की कई दुकाने बनी हैं। यहां दो विशाल सेमर के पेड़ लगे थे, जिनमें से मंगलवार की रात एक पेड़ कटकर उठा लिया गया। मौके पर जलौनी और पेड़ की टहनियां पड़ी मिली। जांच में बब्बू निवासी तिवारी पुरवा, लौव्वाबीरपुर और दुकान के मालिक दीपक गोस्वामी की संलिप्तता सामने आई है। वन दरोगा अरुण कुमार तिवारी ने बताया कि इस तरह के भारी-भरकम पेड़ को काटकर उठाना कानूनन अपराध है। दोनों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है ।

**रामलीला शुरू, उतारी गयी राम-लक्ष्मण की आरती : परसपुर** : विकास क्षेत्र के सहजौरा ग्राम में चल रही पारंपरिक रामलीला का शुभारंभ राम-लक्ष्मण जी की आरती के साथ हुआ। मंचन में राक्षसों द्वारा साधुओं पर अत्याचार और मुनि विश्वामित्र का राजा दशरथ से शरण मांगने का प्रसंग जीवंत किया गया। गुरु वशिष्ठ की सलाह पर राजा दशरथ ने भारी मन से राम और लक्ष्मण को मुनि विश्वामित्र के साथ भेजने का निर्णय दर्शकों की भावनाओं को छू गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संरक्षक प्रमोद मिश्र,अध्यक्ष आनंद कुमार पाण्डेय, तारकेश्वर चतुर्वेदी (लंकेश), विजय मिश्रा सुंदरलाल आदि मौजूद रहे।

## ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

**नवाबगंज, अमृत विचार** : रामलला के दर्शन और अयोध्या भ्रमण करने के बाद अपने घर लौट रहे युवक कटरा शिवदयालगंज स्थित कटरा स्टेशन पर ट्रेन से उतरने के दौरान फिसल गया और प्लेटफॉर्म के नीचे गिर गया। इस हादसे में उसकी दर्दनाक मौत हो गयी। मृतक की पहचान बिहार के सीतामढ़ी जिले के सत्यममचछा गांव के रहने वाले संजीव महतो (17) के रूप में हुई है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

सीतामढ़ी के सत्यममचछा गांव के रहने वाला संजीव अपने बड़े भाई विजय महतो और गांव के साथी लक्ष्मण, अंकित, जसवीर, संतोष और विश्वनाथ के साथ अयोध्या घूमने आया था। अयोध्या दर्शन के बाद बुधवार को सभी लोग मनकापुर-अयोध्या पैसेंजर ट्रेन से वापस लौट रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कटरा स्टेशन पर ट्रेन रुकने पर संजीव पानी लेने के लिए ट्रेन से नीचे उतरा था। वह वापस लौट पाता उसके पहले ट्रेन चलने लगी। वापस ट्रेन पर चढ़ते समय उसका पैर फिसल गया और वह प्लेटफार्म और ट्रेन के बीच फंस गया। इस हादसे में संजीव की मौके पर ही मौत हो गई। कटरा स्टेशन स्थित आरपीएफ चौकी उप निरीक्षक राकेश राय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।


संजीव (फाइल फोटो)

## जंगली जानवर का सुराग नहीं, गांव में डर का माहौल

**नवाबगंज, अमृत विचार**: जलालपुर गांव के मजरे पूरे अर्जुन में मंगलवार को दिखे जंगली जानवर का अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। वीडियो वायरल होने के बाद से गाँव और आसपास के क्षेत्र में लोगों की नींद हराम हो गई है।

मंगलवार की शाम रामशंकर के घर के पास दिखे खूंखार जानवर ने पूरे गाँव में दहशत फैला दी। चोरी और ड्रोन जैसी अफवाहों के बीच लोग रातभर घरों में बंद रहे। कोई इसे बाघ तो कोई तेंदुआ बता रहा है। वन दरोगा अरुण कुमार तिवारी ने मंगलवार रात टीम के साथ गाँव में कांबिंग की, लेकिन जानवर के कोई पदचिन्ह नहीं मिले। उन्होंने बताया कि मिट्टी सूखी होने के कारण रात में किसी तरह के निशान का पता लगाना मुश्किल था।गांव के रामशंकर, सनोज, पप्पू सिंह और राम अचल ने कहा कि बुधवार को गांव में कोई वन अधिकारी नहीं आया। मंगलवार को केवल सूचना मिलने के बाद टीम रात में पहुँची थी, जिससे स्पष्ट जानकारी जुटाना कठिन हो गया। वन दरोगा ने बताया कि वीडियो में जानवर की पहचान करना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि जानवर फिर दिखाई दिया तो तत्काल टीम भेजी जाएगी। गांव में अभी भी भय का माहौल कायम है।

मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद | आयुक्त शशि भूषण सुशील की पहल पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

# विकसित भारत पर बेटियों ने रखे सुझाव

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार** : नवरात्रि के शुभ अवसर पर बुधवार को देवीपाटन मंडल के आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील की अनोखी पहल के तहत कमिश्नरेट सभागार में मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों की लगभग 20 अधिक छात्राओं ने नारी सशक्तिकरण तथा विकसित भारत 2047 को लेकर अपने विचार और सुझाव आयुक्त सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किए। कई छात्राओं ने महिला सुरक्षा, शिक्षा में समान अवसर, तकनीकी कौशल विकास, ग्रामीण क्षेत्रों में कैरियर मार्गदर्शन केंद्र तथा बेटियों के लिए विशेष प्रतिभा प्रोत्साहन योजनाओं जैसे नवोन्मेषी प्रस्ताव रखे। उनके इन सुझावों पर आयुक्त सहित उपस्थित अधिकारियों ने तालियां बजाकर उत्साहवर्धन किया।

आयुक्त की इस नवाचारी पहल में मिशन शक्ति और विकसित भारत अभियान का समन्वित स्वरूप रूप से देखने को मिला। जनपद के कई पत्रकारों ने भी विकसित भारत 2047 विषय पर अपने विचार प्रकट किए और बताया कि बेटियों को यदि शिक्षा, सुरक्षा और अवसर मिलें तो भारत को विकसित बनने से कोई नहीं रोक सकता। आयुक्त ने कहा कि सभी छात्राओं और पत्रकारों की तरफ से दिए गए सुझावों को शासन स्तर पर भेजा जाएगा। कार्यक्रम में श्रेष्ठ विचार एवं सुझाव प्रस्तुत करने वाली छात्राओं को सम्मानित भी किया गया। आयुक्त और उनकी पत्नी गरिमा भूषण ने विजेता बालिकाओं को नकद पुरस्कार प्रदान किए।



छात्राओं के साथ आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील। अमृत विचार

## सिटी डायरी

### मां आदिशक्ति दुर्गा पूजा समिति की रजत जयंती पर आयोजन


समिति के कार्यकर्ताओं को मिला सम्मान।

**मनकापुर** : शास्त्री नगर स्थित मां आदिशक्ति दुर्गा पूजा समिति ने स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती समारोह धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर समिति ने क्षेत्र के वरिष्ठजनों, माताओं-बहनों और पुराने कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया। समिति द्वारा विगत 50 वर्षों से नवरात्रि में दुर्गा प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया जाता रहा है। रजत जयंती वर्ष पर आयोजित कार्यक्रमों में महिलाओं ने डांडिया और गरबा नृत्य प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर समिति के पुराने कार्यकर्ताओं वासुदेव पटवा, रमाशंकर गुप्ता, रामबाबू मोदनवाल, रामदेव पटवा, गोमती सिंह, शैलेन्द्र मोदनवाल, विनोद चौबे, श्रवण कुमार, दीनानाथ गुप्ता को प्रतीक चिन्ह और चुनरी भेंट कर सम्मानित किया गया।



ओपीएस बहाली की मांग करते जिला संयोजक कृष्ण गोपाल।

### शिक्षकों व कर्मचारियों ने गुब्बारे छोड़कर उठाई ओपीएस बहाली की आवाज

**गोंडा** : पुरानी पेंशन की बहाली व 8 वें वेतन आयोग की मांग को लेकर बुधवार को आल इंडिया एनपीएस एम्प्लॉइज फेडरेशन के आवाह्न पर फेडरेशन के जिला संयोजक कृष्ण गोपाल दूरबार के नेतृत्व में विभिन्न स्थानों पर शिक्षक कर्मचारियों ने गुब्बारे उड़ाकर अपनी मांगों के लिए आवाज बुलंद की। जिला संयोजक कृष्ण गोपाल दूरबार ने कहा कि सरकार बार-बार कर्मचारियों और शिक्षकों की जायज़ मांगों को टाल रही है। 8वां वेतन आयोग का गठन अब समय की ज़रूरत है। ओपीएस बहाली कर्मचारियों के सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा का सवाल है। शिक्षक समाज की नींव है, लेकिन नीतियां उन्हें निराश कर रही हैं।


रामलीला का मंचन करते छात्र।

### छात्रों ने किया रामलीला का मंचन

**गोंडा** : रोजवुड इंटर कालेज में विजयदशमी के उपलक्ष में रामलीला व राण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत गुरु द्वारा शिक्षा ग्रहण, धनुष भंग, कैकेई को राम वनवास, सीता हरण, सीता खोज, हनुमान जी का मिलन, राम रावण युद्ध, रावण दहन तथा राम के राज्याभिषेक एवं राम दरबार के दृश्य का मंचन किया गया। स्कूल के छात्र व छात्राओं अर्थ, अजय, अंबिकेश, शताक्षी, कार्तिक, अनंत, शौर्य, आराध्या, श्रेया, आदर्श, जैनब, नैंसी, अभिजीत, श्रेष्ठ, सूर्या, आशीष, शुभ, साक्षी, संयम, विराट, संस्कार, शशांक, प्रतीक, आशुतोष व सुहानी आदि बच्चों ने प्रतिभाग किया।

### गरुड़ ने राम-लक्ष्मण को नागपाश से दिलायी मुक्ति


रामलीला में मेघनाद वध का दृश्य। अमृत विचार

**करनैलगंज** : नगर के प्रसिद्ध श्रीराम लीला महोत्सव में मेघनाद वध व सती सुलोचना की लीला का मंचन किया गया। लीला मंचन के दौरान सती सुलोचना के रोते बिलखते विमान पर सवार और टूटी चूड़ियों की बौछार लीला का आकर्षण बनी रही। लीला में दिखाया गया लक्ष्मण तथा मेघनाद में घनघोर युद्ध प्रारंभ हो जाता है। मेघनाद नागपाश द्वारा श्रीराम और लक्ष्मण को बांध देता है। रामा दल में हाहाकार मच जाता है। तब नारद जी गरुड़ को लाते हैं गरुड़ उन नागों का भक्षण करते हैं। श्रीराम व लक्ष्मण नागफांस से मुक्त हो जाते हैं। पुन : लक्ष्मण तथा मेघनाद में युद्ध प्रारंभ हो जाता है। अंत में मेघनाद के शीश तथा भुजा को बाण द्वारा लक्ष्मण जी काट देते हैं। लीला का संचालन पंडित रामचरित्र महाराज ने किया। इस मौके पर चेयरमैन प्रतिनिधि रामजीलाल मोदनवाल, मोहित पाण्डेय, कामता नाथ वर्मा, कन्हैया लाल वर्मा, रितेश आदि रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रभारी मंत्री का जनपद आगमन कल

**बहराइच, अमृत विचार :** कृषि मंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही का 03 अक्टूबर को जनपद आगमन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। प्रभारी मंत्री शाही 03 अक्टूबर को अपरान्ह 12 :30 बजे लोनिवि निरीक्षण भवन पहुंचेंगे। इसके बाद अपरान्ह 02 :00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करेंगे। प्रभारी मंत्री अपरान्ह 04 :00 बजे लखनऊ प्रस्थान करेंगे। यह जानकारी प्रभारी अधिकारी वीआईपी/नगर मजिस्ट्रेट ने दी।

### सीएचओ को दिया गया प्रशिक्षण

**पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में परिवार नियोजन सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सभी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों का एक दिवसीय पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया संस्था द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। अधीक्षक डॉ. धीरेन्द्र तिवारी ने क्षेत्र में परिवार नियोजन सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए स्वास्थ्य कर्मियों को विशेष निर्देश दिया।

### प्रभातफेरी से शुरू होंगे गांधी जयंती के कार्यक्रम

बहराइच, अमृत विचार : गांधी जयन्ती समारोह का शुभारम्भ प्रात: 06 :30 बजे बच्चों की प्रभातफेरी से होगा और इन्दिरा स्टेडियम से क्रास कंट्री दौड़ आयोजित की जायेगी। प्रात: 09 :00 बजे सभी राजकीय भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जायेगा तत्पश्चात सभी कार्यालयों, विद्यालयों और दूसरी संस्थाओं के किसी बड़े कक्ष/हाल में महात्मा गांधी के चित्र का अनावरण व माल्यार्पण किया जायेगा तथा गोष्ठी आयोजित कर गांधीजी के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला जायेगा।

# सम्मय माता मंदिर पर उमड़े श्रद्धालु

## शारदीय नवरात्र की महानवमी पर भक्तों ने किया हवन, पूजी गयीं कन्याएं

संवाददाता, पयागपुर, बहराइच

**अमृत विचार :** आस्था और भक्ति के महापर्व शारदीय नवरात्र की महानवमी पर बुधवार को सम्मय माता मंदिर में दर्शन-पूजन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने हवन करने के बाद कन्याओं पूजन कर उन्हें भोजन कराया गया। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों का तांता लगना शुरू हो गया था।

महानवमी के महत्व को समझते हुए मंदिर समिति द्वारा विशेष हवन का अनुष्ठान रखा गया। इस दौरान वैदिक मंत्रों की गूंज से पूरा वातावरण शुद्ध और आध्यात्मिक हो गया। हजारों की संख्या में भक्तों ने इस महायज्ञ में भाग लिया और माता रानी से सुख-समृद्धि और शांति के लिए प्रार्थना की। भक्तों ने श्रद्धापूर्वक आहुतियां देकर अपनी भक्ति प्रकट की। मंदिर परिसर की विशालता भी भक्तों के उत्साह को समाहित करने में छोटी पड़ गई। हवन की पूर्णाहुति के बाद, देवी के नौ रूपों का प्रतिनिधित्व करने वाली कन्याओं का पूजन का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंदिर में आईं छोटी कन्याओं को देवी का स्वरूप मानकर, उनके पैर धोए गए, रोली-चावल से तिलक किया गया और चुनरी ओढ़ाई गई।इस दौरान, भक्तों ने अत्यंत श्रद्धा और उल्लास के साथ कन्याओं का पूजन किया और उन्हें प्रेमपूर्वक प्रसाद खिलाया गया।



दुर्गा पूजा पंडाल में जुटी श्रद्धालुओं की भीड़। ● अमृत विचार

### प्रतिमाओं का विसर्जन कल

**नवाबगंज, बहराइच, अमृत विचार :** हनुमान मंदिर में 101 कन्याओं को भोजन कराया गया। विभिन्न स्थानों पर स्थापित दुर्गा पूजा पंडालों में नवमी के दिन हवन किया गया। नवाबगंज कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिमाओं का विसर्जन शुक्रवार को किया जाएगा। उसके बाद भकला नदी के बरऱोहे घाट पर प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा।

# दंपति के घर पहुंचे डीएम और एसपी

**बहराइच, अमृत विचार :** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह के साथ विकास खण्ड फखरपुर अन्तर्गत हिंसक वन्य जीव प्रभावित क्षेत्र के भ्रमण के दौरान ग्राम उच्चापाही (भिरगूपुरवा), मझारा तौकली पहुंच कर सोमवार की रात वन्य जीव के हमले में मृत छेद्दन व उनकी पत्नी मुनकिया के घर जाकर परिजनों को सांत्वना दी। डीएम ने कहा कि शासन व जिला प्रशासन पीड़ित परिवारों के साथ है। मानव वन्य जीव संघर्ष में प्रभावित परिवारों को शासन द्वारा अनुमन्य हर संभव सहायता प्रदान की जायेगी। इसके उपरान्त डीएम व एसपी ने वन विभाग द्वारा हिंसक वन्य जीवों के रेस्क्यू हेतु संचालित गतिविधियों के स्थानों का भ्रमण किया।

# भेड़िया ने हमला कर दो ग्रामीणों को किया घायल

संवाददाता, कैसरगंज, बहराइच

**अमृत विचार :** कैसरगंज तहसील क्षेत्र में भेड़िये का आतंक आए दिन बढ़ता ही जा रहा है। जिससे ग्रामीण दहशत व्याप्त है। वन विभाग की ओर से ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए किए जा रहे दावे नाकाम साबित हो रहे हैं। भेड़िये ने मंगलवार की रात दो लोगों पर हमला कर दिया जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फखरपुर में भर्ती कराया गया है। इसके अलावा भेड़िये ने नीलगाय के एक बच्चे पर भी हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया।

मंगलवार की रात में बाबा पटाव पुरवा मंझारा तौकली निवासी राजकुमार (30) तथा राम छबीले (35) घर के बाहर पहरा देने के बाद सो गए थे। अचानक आदमखोर भेड़िया ने उन पर हमला कर दिया। भेड़िया से बचने के लिए दोनों ने शोर मचाया तो पहरा दे रहे ग्रामीण दौड़े लेकिन तब तक भेड़िया खेतों की तरफ भाग निकला था। भागते समय उसने राजकुमार पर भी हमला कर घायल कर दिया। ग्रामीणों ने दोनों घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फखरपुर में भर्ती कराया। जहां उनका इलाज किया जा रहा है। आए दिन हो रहे भेड़िए की हमले से अब लोग दहशत के बीच जीवन यापन कर रहे हैं।

# सीएचसी पहुंचकट्टा में डिजिटल एक्सरे सुविधा

**विशेश्वरगंज, बहराइच, अमृत विचार :** स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान के तहत बुधवार को पहुंचकट्टा सीएचसी में स्वास्थ्य मेगा कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक सुभाष त्रिपाठी ने फीता काटकर किया।

आयुर्वेद और होम्योपैथी स्टॉल पर मरीजों की भीड़ लगी। आंगनबाड़ी विभाग द्वारा महिलाओ के गोद भराई का व बच्चों के अन्न प्राशन संपन्न हुआ। शिविर में मरीजों की जांच, मुफ्त दवाओं का वितरण, आंखों की जांच के बाद दर्जनों लोगों को मुफ्त चश्मा प्रदान किया गया। इस अवसर पर डिजिटल एक्स-रे मशीन का भी उद्घाटन किया गया। विधायक सुभाष त्रिपाठी ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाएं हर नागरिक का अधिकार हैं।



कैंप का उद्घाटन करते विधायक सुभाष त्रिपाठी। ● अमृत विचार

# त्रिदेव मंदिर में लगी भक्तों की भीड़

**पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार :** भूपगंज बाजार, स्थित त्रिदेव मंदिर में शारदीय नवरात्र के दुर्गा पूजा महोत्सव में बुधवार की सायंकालीन आरती श्रद्धा के साथ संपन्न हुई। आरती में समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। प्रमुख रूप से समाजसेवी ओम प्रकाश मिश्रा एवं समाज सेवी पंकज शुक्ल आरती में सम्मिलित हुए और उन्होंने माता रानी के चरणों में आशीर्वाद ग्रहण किया। मंदिर समिति की ओर से, समिति के सदस्य संतोष बागड़िया ने दोनों समाजसेवियों का सम्मान करते हुए उन्हें माता रानी की चुनरी भेंट की। इसके उपरांत, पुरोहित राम जी शास्त्री ने विधि-विधान से तिलक लगाकर उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया।

# विसर्जन के लिए 8 सेक्टरों में बंटा शहर

**तैयारी**

● श्री मां दुर्गा हिन्दू पूजन महासमिति के पदाधिकारियों की बैठक

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** श्री मां दुर्गा हिन्दू पूजन महासमिति के पदाधिकारियों की बैठक मां दुर्गा प्रतिमाओं के सकुशल महाविसर्जन के लिए हुई। अध्यक्षता महासमिति के अध्यक्ष सुदामा मिश्रा ने की।

अध्यक्ष सुदामा मिश्रा ने बताया कि मां दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन महानवमी के दिन से शुरू हो जाता है जो एकादशी तक चलता रहता है। उन्होंने बताया कि शहर को महाविसर्जन के मद्देनजर आठ सेक्टरों में बांटा गया है जहां महासमिति के पदाधिकारी चप्पे-चप्पे पर मुस्तैद रहेंगे। उन्होंने बताया कि आठ सेक्टरों में छावनी चौराहा, घंटाघर, पीपल तिराहा, गुदड़ी चौराहा, काजीपुरा चौराहा, रामलीला ग्राउंड, आशीर्वाद स्कूल, झिंगहाघाट विसर्जन स्थल शामिल है। इससे पूर्व 22 थानों के प्रमुखों व छह तहसील के प्रभारियों की भी नियुक्ति सकुशल विसर्जन सम्पन्न कराने के लिए की गई है। शहर में लगभग 140 स्थानों पर दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना की गई है। इसका विसर्जन बशीरगंज स्थित झिंगहाघाट विसर्जन स्थल पर होगा। महाविसर्जन के लिए पदाधिकारियों व सदस्यों को अंगवस्त्र, पटका, बैज व आईडी कार्ड वितरित किया गया है।

बैठक में प्रमुख रूप से महामंत्री कन्हैया सोनी, चन्द्रभान सिंह संचित, रामजी शुक्ला, मीडिया प्रभारी सचिन श्रीवास्तव, शिवशरण सिंह, विपिन यज्ञसैनी, आत्माराम यादव, पवन जायसवाल, लव कुमार द्विवेदी, ज्ञानेंद्र धर शर्मा ज्ञानी, सत्येंद्र शुक्ला, विनोद कुमार रस्तोगी, सुधाकर मिश्रा, सुरेश गुप्ता, निशंक त्रिपाठी, देवेन्द्र गुप्ता, राजेन्द्र गुप्ता युवराज, बैजनाथ रस्तोगी, राज कुमार सोनी, हरिशंकर गुप्ता समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### उपसमितियां वालंटियर तैनात करें

महासमिति की बैठक में उपसमितियो से अपील की गयी है कि शांतिपूर्ण, सद्भाव के वातावरण में प्रतिमाओं का विसर्जन करें। उपसमितियां अपनी-अपनी कमेटियों से वालेंटियर का गठन करें जिन्हें महाविसर्जन के दौरान तैनात करें।

### महाविसर्जन के दिन बन्द रहें मीट की दुकानें

महासमिति ने बैठक के दौरान कहा कि वैसे प्रदेश सरकार का निर्देश नवरात्र में मीट की दुकानें बंद करने का था लेकिन जनपद सहित शहर में कई स्थानों पर नवरात्र में मांस की दुकानें खुलेआम संचालित हैं। बैठक में मांग ककी गयी है कि महाविसर्जन के दिन मांस की दुकानें पूर्णत: बन्द होनी चाहिए।

# अबूझ पहेली बना निंदूरपुरवा कांड

भागवत शुक्ला, बहराइच

● पुलिस को खोजने होंगे 'एक घंटे' में बदले हालातों के सवाल

**अमृत विचार :** रामगांव थाना क्षेत्र में बुधवार को हुई घटना अबूझ पहेली बन गयी है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जो विजय मौर्य थोड़ी देर पहले लहसुन की फसल लगा रहा था आखिर चंद लम्हों में ऐसा क्या हुआ कि उसने उन दो किशोरों की हत्या ही नहीं कर दी जिनसे वह खेतों में काम लेना चाहता था बल्कि अपनी दो बेटियों और पत्नी और खुद को भी दर्दनाक मौत दी।

इस हत्याकांड में मारे गये किशोर शनि के चाचा बताते हैं कि विजय आठ बजे के करीब उनके भतीजे और अन्य दो बच्चों को खेत में लहसुन बुआई कराने की बात कहकर ले गया था और नौ बजे विजय के घर से आग की लपटें निकलने लगीं। इसका मतलब यह सारा मामला मात्र एक घंटे में ही हुआ। अब सवाल यह उठता है कि उस एक घंटे के अंदर ऐसा क्या हुआ कि उसने इन दोनों किशोरों की हत्या ही नहीं की बल्कि घर के बाहर बंधे मवेशियों को भी कमरे में लाकर बांध लिया जिसमें उसने परिवार को रखकर आग लगाई। सवाल यह भी है कि जब उसने दोनों किशोरों की हत्या की तो क्या उसमें से किसी एक को भी शोर मचाने का मौका नहीं मिला। उस दौरान उसकी पत्नी और बच्चों ने भी शोर नहीं मचाया या उसे रोकने की कोशिश क्यों नहीं की। फिर जब वह इन किशोरों की हत्या करने के बाद अपने परिवार को कमरे में बंद कर रहा था और मवेशियों को लाने बाहर गया था तो उसकी पत्नी भागी क्यों नहीं या उसने मदद के लिए शोर क्यों नहीं मचाय।, आखिर ऐसी कौन सी वजह थी जिसके लिए इस दंपति ने अपने मासूम बच्चियों की भी परवाह नहीं की। जहां तक कानून से डरने की बात है तो विजय स्वयं को समाप्त करता उसने अपने पूरे परिवार को ही खत्म कर दिया। यह सवाल निंदूरपुरवा के ग्रामीणों में ही नहीं बल्कि पूरे जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# 8 अभियुक्तों के विरुद्ध की गयी एनएसए की कार्रवाई

**बहराइच, अमृत विचार :** आठ अभियुक्तों के विरुद्ध एनएसए की कार्रवाई की गयी।

अभियुक्तगण मारूफ अली, ननकऊ निवासीगण रेहुवा मंसूर थाना रामगांव तथा मो. फहीम, मो. अफज़ल उर्फ कल्लू, मो. ज़ीशान उर्फ राजा उर्फ साहिर, जावेद, शोएब खान व सैफ अली निवासीगण कस्बा महाराजगंज थाना हरदी के विरूद्ध थाना प्रभारी हरदी व रामगांव की रिपोर्ट पर क्षेत्राधिकारी महसी, अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) एवं पुलिस अधीक्षक की संस्तुति पर 30 सितम्बर को जिला मजिस्ट्रेट द्वारा उक्त 08 अभियुक्तों को धारा-3(2) राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम 1980 के अन्तर्गत निरुद्धि आदेश जारी किया है। जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि जनपद में विधि व्यवस्था एवं लोक परिशान्ति सहित लोक व्यवस्था व जनसुरक्षा कायम रखने के उद्देश्य से यह कार्रवाई की गई है। भविष्य में यदि किसी व्यक्ति द्वारा विधि व्यवस्था एवं लोक परिशान्ति को बाधित करने का कृत्य किया जाता है तो सम्बन्धित के विरुद्ध भी जनसुरक्षा कायम रखने के उद्देश्य से इसी प्रकार की कार्यवाही की जायेगी।

# श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान का शुभारंभ

संवाददाता, जरवल रोड, बहराइच

**अमृत विचार :** जरवल रोड स्थित वर्धमान सोम पैलेस में मंगलवार को जैन समुदाय के आचार्य विद्यासागर महाराज के शिष्य मुनि श्री 108 सोमदत्त सागर जी महाराज के सानिध्य में श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान का शुभारंभ हुआ।

डीजे बाजे के साथ घटयात्रा निकाली गई, जो पैलेस से प्रारंभ होकर जरवल रोड बस स्टॉप, गल्ला मंडी रोड, तूफानी चौराहा, चीनी मिल चौराहा, लखनऊ-गोंडा मार्ग होते हुए बाजार भ्रमण करती हुई वापस पैलेस पहुंची। भक्तों ने मार्गभर गुरुवर और भगवान की अगवानी की। इंदौर से पधारे प्रतिष्ठिताचार्य सुनील भैया ने घटयात्रा के मंगल कार्य का संचालन किया। आठ दिनों तक चलने वाले इस विधान का आयोजन 1 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक होगा। इसमें आशीष जैन परिवार, अंशु जैन परिवार तथा फिरोजाबाद से आए प्रवीण जैन, रजत जैन और हर्ष जैन मौजूद रहे।



घटयात्रा निकालतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

# महिला की हत्या कर आरोपी ने खुद का भी गला रेता

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** नगर कोतवाली क्षेत्र के पुरैनिया तालाब मोहल्ले में मंगलवार रात करीब नौ बजे दिल दहला देने वाली वारदात हुई। मोहल्ला निबकौनी निवासी 32 वर्षीय शफीक पुत्र रशीद ने अपनी मौसेरी बहन 27 वर्षीया नरगिस पत्नी शाहनवाज पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिया। गंभीर रूप से घायल नरगिस को अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी शफीक ने खुद के गले और पेट पर भी चाकू से वार कर लिया, जिसका उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है।



नरगिस (फाइल फोटो)

घटना की जानकारी पर एएसपी विशाल पांडेय व सीओ ज्योतिश्री पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंचे। एएसपी ने बताया कि नरगिस और शफीक मौसेरे भाई-बहन थे और इनके बीच पूर्व से संबंधों को लेकर विवाद चल रहा था। अप्रैल माह में दोनों का एक वीडियो वायरल होने के बाद से ही रंजिश बनी हुई थी। इसी रंजिश के चलते शफीक ने वारदात को अंजाम दिया। मौके से चाकू बरामद कर लिया गया है। मृतका के पति शाहनवाज ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसकी गैरमौजूदगी में आरोपी घर आया और कहासुनी के बाद पत्नी पर हमला कर दिया। शोर सुनकर परिजन पहुंचे तो उन्होंने घटना अपनी आंखों से देखी। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को इलाज लिए जिला अस्पताल भेजा।



घटना के बाद जिला पुरुष अस्पताल में जुटी भीड़। ● अमृत विचार

# दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष की कैद

**बलरामपुर, अमृत विचार :** ऑपरेशन कनविक्शन व मिशन शक्ति अभियान के तहत नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को कड़ी सजा दिलाने में बलरामपुर पुलिस को सफलता मिली है। बुधवार को न्यायालय ने आरोपी प्रकाश निवासी विशुनपुर, थाना इटवा, सिद्धार्थनगर को 20 वर्ष का सश्रम कारावास तथा 8,000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। मामला 15 अक्टूबर 2019 का है, जब थाना पचपेड़वा में पीड़िता के पिता ने तहरीर दी थी कि उसकी नाबालिग पुत्री के साथ प्रकाश ने दुष्कर्म किया। विवेचना उपनिरीक्षक जितेंद्र बहादुर सिंह ने की और आरोप पत्र न्यायालय को प्रेषित किया।

# मां पाटेश्वरी विवि विज्ञान प्रेरणा पोर्टल पर सूचीबद्ध

**बलरामपुर, अमृत विचार :** मां पाटेश्वरी विवि को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा संचालित विज्ञान प्रेरणा कार्यक्रम के पोर्टल पर सूचीबद्ध कर दिया गया है। यह कार्यक्रम युवाओं में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने और स्नातक तथा परास्नातक स्तर के छात्रों को छात्रवृत्तियों के माध्यम से प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से संचालित किया जाता है।

विवि के कुलपति प्रो.रविशंकर सिंह के मार्गदर्शन में यह महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त की गई है। इससे पहले विवि को उच्चतर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय के अखिल भारतीय उच्च शिक्षा सर्वेक्षण पोर्टल पर सूचीबद्ध किया गया था और इसे यू-1407 कोड प्रदान किया गया। विज्ञान प्रेरणा पोर्टल पर विवि को सूचीबद्ध कराने में कुलसचिव परमानन्द सिंह और नोडल अधिकारी डॉ. जीतेन्द्र कुमार का योगदान रहा। इस मौके पर कुलपति प्रो. रविशंकर सिंह ने कहा कि यह उपलब्धि विवि की निरंतर प्रगति और उत्कृष्टता का प्रमाण है। उन्होंने सभी कर्मचारियों और अधिकारियों को इस सफलता के लिए बधाई दी और कहा कि इससे छात्रों के लिए शिक्षा, अनुसंधान और विज्ञान के क्षेत्र में नए अवसर खुलेंगे। विश्वविद्यालय निरंतर अपने शैक्षणिक स्तर और शोध कार्य में सुधार करते हुए प्रगति की दिशा में अग्रसर है।

# करंट लगने से मां और बेटी की मौत

बलरामपुर, अमृत विचार : तुलसीपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात हादसे में मां और बेटी की मौत हो गई। तुलसीपुर चीनी मिल के सामने होटल चलाने वाली बेबी (35) पत्नी पिंटू और उनकी बेटी छाया (13) पंखे के खुले तार की चपेट में आ गईं। करंट से दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। बुधवार सुबह करीब छह बजे जब पिता दशरथ होटल पर पहुंचे तो देखा कि दुकान बंद थी। वह पीछे के दरवाजे से अंदर गए तो मां-बेटी अचेत मिलीं। दोनों को सीएचसी तुलसीपुर पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतका बेबी का पति पिंटू मुंबई में रहकर मजदूरी करता है। हादसे के बाद से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

**आस्था** हवन-पूजन व कन्याभोज के साथ पूर्ण हुआ व्रत

# मां सिद्धिदात्री के दरबार में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** शारदीय नवरात्र के आखिरी दिन भक्तों ने मां सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना की। नवरात्रि के नौवें और आखिरी दिन लोगों ने अपने घरों और मंदिरों में हवन और कन्या पूजन किया।

नवरात्रि का नौवां दिन मां सिद्धिदात्री को समर्पित है। जिन्हें समस्त सिद्धियों की दाता माना जाता है। नगर के देवी मंदिरों पर भोर से ही श्रद्धालु उमड़ पड़े। सुबह को भक्तों ने अपने घर में भी माता को फूल, फल, मेवे, मिश्री, लौंग, कपूर आदि अर्पित कर पूजा की। मंदिरों में माता को श्रृंगार की सामग्री, नारियल अर्पित करते हुए घी, लौंग अर्पित कर कपूर से आरती की गई। तत्पश्चात श्रद्धालुओं ने हवन-पूजन कर व्रत का समापन किया। शक्तिपीठ देवीपाटन एवं बिजलेश्वरी देवी मंदिर बिजलीपुर सहित अन्य मंदिरों में भक्तों ने हवन-पूजन किया। हवन के बाद लोगो ने कन्या भोज कराया। जिले के सभी पूजा स्थलों एवं पंडालों पर प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

नगर पालिका परिषद द्वारा भी श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी। भक्तों की सुरक्षा के लिए पुलिस सुरक्षा बल तैनात किए गए थे।



शारदीय नवरात्र की महानवमी को हवन-पूजन करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार



महानवमी के दिन कन्या पूजन करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# चेयरमैन ने समितियों को किया सम्मानित

**बलरामपुर, अमृत विचार :** दुर्गा पूजा समितियों और रामलीला कमेटियों को पालिका चेयरमैन डॉ. धीरेन्द्र प्रताप सिंह 'धीरू' ने सम्मानित किया। पालिका सभागार में आयोजित समारोह में नगर के 25 वार्डों की 100 समितियों एवं नगर क्षेत्र से जुड़ी 80 समितियों को 2500 रुपये की सम्मान राशि व 11 अंगवस्त्र प्रदान किए गए। वहीं 4 रामलीला समितियों को 5100 रुपये एवं 15 अंगवस्त्र भेंट किए गए। चेयरमैन डॉ. सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक सौहार्द और सांस्कृतिक परंपराओं को जीवित रखने का कार्य करते हैं। सम्मानित समितियों को अनुशासित व मर्यादित संचालन के लिए यह सम्मान दिया गया।

# दुर्गा प्रतिमा विसर्जन पर यातायात डायवर्जन लागू

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए 2 अक्टूबर की मध्यरात्रि से विशेष डायवर्जन लागू रहेगा। यह व्यवस्था विसर्जन कार्यक्रम की समाप्ति तक प्रभावी होगी। बाहर से आने वाले भारी और हल्के वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से डायवर्ट किया जाएगा। तुलसीपुर, बहराइच, गोंडा और उतरौला मार्गों पर अलग-अलग स्थानों पर वाहनों को रोककर बाईपास से निकाला जाएगा।

**जुलूस के दौरान रहेगी बिजली कटौती :** विद्युत विभाग ने जानकारी दी है कि बुधवार को सुबह 10 बजे से लेकर जुलूस समाप्त होने तक नगर क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। बिजली विभाग ने नगरवासियों से सहयोग की अपील करते हुए असुविधा के लिए खेद जताया है।

### बड़े परेड मैदान में जलेगा रावण का पुतला

नगर के बड़े परेड मैदान में रावण दहन की पूरी तैयारी कर ली गई है। बुधवार को नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने परेड मैदान का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। दशहरा मेले को लेकर नगर में उत्साह का माहौल है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### विसर्जन स्थलों का किया निरीक्षण

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** दुर्गा पूजा दशहरा के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज द्वारा प्रभारी निरीक्षक डुमरियागंज पुलिस बल के साथ थाना डुमरियागंज क्षेत्र में स्थापित प्रतिमाओं के विसर्जन स्थलों का निरीक्षण किया गया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में बृजेश वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज द्वारा श्रीप्रकाश यादव प्रभारी निरीक्षक थाना डुमरियागंज फोर्स के साथ त्यौहार दशहरा दुर्गा पूजा के दृष्टिगत थाना डुमरियागंज क्षेत्र के स्थापित प्रतिमाओं के विसर्जन स्थलों का भौतिक निरीक्षण किया गया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

### मातारानी के जागरण का हुआ आयोजन

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** तहसील शोहरतगढ़ क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पंचायत महमूदवा ग्रान्ट में शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर बुधवार को माता रानी का भव्य जागरण आयोजित किया गया। इस आयोजन की अगुवाई उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के अध्यक्ष आनन्द कसौधन ने किया। श्रद्धालुओं ने माता रानी के चरणों में पहुंचकर पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में विशेष रूप से भारतीय मानवाधिकार संघ के सांसद जगदम्बिका पाल के पुत्र अभिषेक पाल, सांसद प्रतिनिधि सूर्य प्रकाश पाण्डेय, रिंकू पाल, जिलाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार रुंगटा, कोषाध्यक्ष संतोष बंका, सह संगठन मंत्री हरीश वर्मा मौजूद रहे। वहीं उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन अध्यक्ष साहा करौंदा रमेश चौहान, महामंत्री रामू कसौधन ने संभाली।

# देवी मंदिरों में हुआ हवन कन्याओं को कराया भोज

## हवन-पूजन के साथ शारदीय नवरात्र का हुआ समापन

संवाददाता, सिद्धार्थनगर



दुर्गा पंडाल का दर्शन करते एमएलसी प्रतिनिधि एवं प्रधान संघ के अध्यक्ष। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नौ दिनों से चल रहे शारदीय नवरात्र का समापन बुधवार को वैदिक मंत्र उच्चारण के हवन पूजन करते हुए देवी भक्तों ने अपने व्रत का समापन किया। जनपद मुख्यालय के गायत्री शक्तिपीठ पर जहां पंचकुंडी यज्ञ के साथ भक्तों ने अपने व्रत का समापन किया वही जनपद के सभी देवी मंदिरों में बुधवार की सुबह से ही हवन यज्ञ का कार्यक्रम चला कुछ लोग जो अपने घरों में मां देवी की कलश स्थापना किए थे वह सुबह अपने घरों पर हवन पूजन यज्ञ करके नौ कन्याओं को हलवा पुडी खिलाकर उन्हें दक्षिणा देते हुए अपने व्रत का समापन किये। जनपद मुख्यालय के बेलहिया स्थित देवी मंदिर मां सिंहेश्वरी देवी मंदिर भारत नेपाल सीमा पर स्थित पलटा देवी मंदिर महामाया मंदिर डुमरियागंज के भारत भारी में स्थित देवी मंदिर सहित सभी मंदिरों पर हवन एवं यज्ञ का कार्यक्रम पूरे विधि विधान के साथ वैदिक मंत्र उच्चारण के बीच हवन करते हुए व्रत का समापन किया। शारदीय नवरात्र में अधिकांश महिलाओं और युवतियां की भारी भीड़ देवी मंदिरों पर देखी गई नवदुर्गा का पूजन अर्चन करते हुए देवी भक्तों ने अपनी मन्नतें मांगी तथा नौ दिवसीय शारदीय नवरात्र का समापन भी किया। जनपद मुख्यालय के गायत्री शक्तिपीठ पर अशोक त्रिपाठी के नेतृत्व में पंच कुंडी यज्ञ का शुभारंभ करते हुए दोपहर तक यज्ञ का समापन किया तथा इस अवसर पर एक विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। जिसमें आसपास के लोगों ने पहुंचकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

**गांवों के पंडालों में हुई मां की आराधना:शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर:** शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर अष्टमी तिथि को एमएलसी प्रतिनिधि एवं प्रधान संगठन जिलाध्यक्ष डॉ0 पवन मिश्रा ने विधानसभा क्षेत्र के तमाम गांवों के पण्डालों पर पहुंचकर मां दुर्गा का दर्शन कर पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान एमएलसी प्रतिनिधि एवं प्रधान संगठन जिलाध्यक्ष डॉ0 पवन मिश्रा ने कहा कि सभी सम्मानित बन्धुओं और देवियों को मेरा सादर प्रणाम! आज हम सब नवरात्रि के इस पावन अवसर पर एकत्र हुए हैं, जो पूरे भारतवर्ष में बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। यह नौ दिनों का उत्सव देवी दुर्गा के नव रूपों की आराधना को समर्पित है और यह हम सभी को आध्यात्मिक और सामाजिक रूप से जोड़ता है। यह त्योहार केवल देवी दुर्गा की पूजा का ही नहीं, बल्कि नारी शक्ति को सम्मान देने का प्रतीक है। यह याद दिलाता है कि हर स्त्री के भीतर असीम शक्ति समाहित है। जिस तरह देवी दुर्गा ने बुराई पर विजय प्राप्त की, उसी तरह समाज में बुराई पर अच्छाई की जीत सुनिश्चित करने में हर नागरिक, खासकर नारी शक्ति को आगे आना होगा। इस अवसर पर एमएलसी प्रतिनिधि एवं प्रधान संगठन जिलाध्यक्ष डॉ. पवन मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### कन्या पूजन के साथ हुआ नवरात्र व्रत का समापन

**कुशीनगर, अमृत विचार।** नवरात्रि के अंतिम दिन देवी स्वरूप कन्याओं का पूजन किया गया। चुनरी ओढ़ाकर श्रद्धालुओं ने कन्याओं का पांव पखारकर पूजन किया और उनका आशीर्वाद लिया। घरों से लेकर मंदिरों तक पूजन का कार्यक्रम चलता रहा। बुधबार के दिन नवरात्रि का समापन कन्या पूजन के साथ किया गया। इस दौरान हवन, आरती और कन्यापूजन के साथ मंदिरों, दुर्गा पूजा पंडालों और घरों में नवरात्र का समापन किया गया। क्षेत्र में चारों ओर हवन की खुशबू फैली रही। नगर सहित विभिन्न बाजारों व ग्रामीण इलाकों के मंदिरों में स्वाहा के ध्वनि गूंजते रहे पूजन और सामूहिक आरती भी की गई।

# अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध जन कार्यक्रम आयोजित



नौगढ़ स्थित वृद्धाश्रम में वृद्धजन कार्यक्रम का हुआ आयोजन। अमृत विचार

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** अंतरराष्ट्रीय वृद्ध जन दिवस के अवसर पर बुधवार को जिला मुख्यालय के पुराना नौगढ़ स्थित वृद्धा आश्रम में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आश्रम में रह रहे वृद्धजनों के बीच अंगवस्त्र वितरित कर उन्हें सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि कपिलवस्तु क्षेत्र के भाजपा विधायक श्यामधनी राही ने कहा कि वृद्ध हमारे समाज की धरोहर हैं।

उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी को चाहिए कि वह अपने बड़ों के अनुभवों से सीख लें और उनका आदर करें। उन्होंने कहा कि जिनके आशीर्वाद से परिवार और समाज का निर्माण होता है, उनके प्रति उपेक्षा का भाव अनुचित है। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि नेहरू युवा केंद्र की पूर्व जिला समन्वयक साधना श्रीवास्तव ने कहा कि वृद्धों की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने दादा-दादी और माता-पिता की देखभाल में सदैव तत्पर रहें। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों का आशीर्वाद ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। समाजसेवी श्रीधर पांडेय ने कहा कि आज के दौर में संयुक्त परिवार की परंपरा कमजोर पड़ रही है, जिससे वृद्धजन उपेक्षित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि समाज को मिलकर ऐसे प्रयास करने चाहिए, जिससे वृद्धजनों को सम्मान, स्नेह और सुरक्षा मिल सके। कार्यक्रम के अंत में वृद्धा आश्रम के संचालक एवं प्रबंधक सिद्धार्थ गौतम ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# फंदे से लटका मिला ई-रिक्शा चालक का शव



घटना के बाद रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जिले के थाना क्षेत्र कठेला समय माता अन्तर्गत ग्राम पंचायत धोबहा पठानडीह निवासी 35 बर्षीय रामसेवक गुप्ता ने गरीबी और कर्ज से परेशान होकर बुधवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। खबर के अनुसार बताया जाता है कि युवक ई-रिक्शा चला करके परिवार का पालन-पोषण करता था। रामसेवक पर पत्नी रीता सहित पांच पुत्रियों और एक छोटे पुत्र की जिम्मेदारी पूरी तरह उसके कंधों पर थी। परिवार का खर्च, बच्चों की पढ़ाई और रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करना उसके लिए हमेशा चुनौती बनी रहती थी। वहीं पत्नी रीता ने बताया कि बुधवार सुबह करीब 10:30 बजे मेरे पति रोज की तरह रिक्शा लेकर घर से निकले। मैं खेत में काम करने गई थी। लगभग 11:30 बजे मेरी बड़ी बेटी भागती हुई खेत में आयीं और बताया कि पापा फांसी के फंदे से लटक रहे हैं। यह सुनकर मेरे पैरों तले जमीन खिसक गई। बताते चलें दे कि मृतक रामसेवक की पांच पुत्रियों और एक पुत्र है। बड़ी पुत्री 12 बर्ष, दूसरी 10 बर्ष, तीसरी 08 बर्ष, चौथी 6 बर्ष और पांचवीं मात्र 4 बर्ष की है। सबसे छोटा पुत्र केवल 2 वर्ष का है। पत्नी रीता बताती हैं कि उनके पति हमेशा पुत्रियों के भविष्य को लेकर चिन्तित रहते थे। हमारे बीच कभी विवाद नहीं हुआ। वे हमेशा कहते थे कि इतनी गरीबी में मैं पुत्रियों का भविष्य कैसे बनाऊंगा। यही सोच उन्हें तोड़ रही थी। मृतक रामसेवक की बहन लक्ष्मी ने कहा कि सुबह करीब 11 बजे भाई मेरे घर आया था। सामान्य बातचीत की और चला गया। मुझे बिल्कुल अन्दाजा नहीं था कि वह इतना बड़ा कदम उठा लेगा। दोपहर लगभग 12 बजे मेरे पति का मुम्बई से फोन आया और बताया कि तुम्हारे भाई ने फांसी लगा ली है। यह सुनते ही मेरे होश उड़ गये। वहीं गांव में चर्चा है कि मृतक रामसेवक पर काफी कर्ज था। जिसे वह चुका पाने में असमर्थ था।

# फिर विवादों में घिरे डॉ. अनुज, मरीज से अभद्रता का वीडियो हुआ वायरल

**गोरखपुर, अमृत विचार।** शहर के चिकित्सक डॉ. अनुज सरकारी एक बार फिर सुर्खियों में हैं। मरीज ने आरोप लगाया है कि डॉ. ने दो महीने की दवा लगभग 20 हजार रुपये की लिख दी। जब दवा का असर नहीं हुआ तो मरीज ने एक माह की बची दवा वापस करने की कोशिश की। दवा काउंटर पर मौजूद स्टाफ ने कहा डॉ. से लिखवाकर लाओ तभी दवा वापस होगी। लेकिन मरीज का दावा है कि जब वह डॉक्टर से मिला तो उन्होंने अभद्रता की। यह कोई पहला विवाद नहीं है। दो अक्तूबर 2024 को सिपाही पंकज कुमार अपनी पत्नी का इलाज कराने पहुंचे थे। अगले दिन जब उन्होंने डॉक्टर से सवाल किया तो विवाद बढ़ा। आरोप है कि डॉ. व उनके सहकर्मियों ने सिपाही को पीटकर घायल कर दिया। घटना के बाद सिपाही को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था। मरीजों और अधिवक्ताओं का कहना है डॉक्टर जिन्हें समाज में भगवान का रूप माना जाता है उनका यह व्यवहार बेहद शर्मनाक है। पहले भी अधिवक्ताओं ने डॉक्टर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की कोशिश की थी लेकिन रसूख और दबदबे के चलते कार्रवाई नहीं हो सकी। स्थानीय नागरिकों का कहना है अगर ऐसे डॉक्टरों पर कार्रवाई नहीं की गई तो मरीज शोषण और भय के शिकार बने रहेंगे। पीड़ितों ने मांग की है कि डॉ. अनुज के खिलाफ कार्रवाई की जाए। घटना से जुड़ा वीडियो फेसबुक पर वायरल हो रहा है जो चर्चा का विषय है।

# पल्टा देवी मंदिर में आयोजित हुआ दीपोत्सव

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर



देवी मंदिर में दीप जलाकर मनाया गया दीपोत्सव। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर अष्टमी तिथि को पल्टादेवी मंदिर परिसर में भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया गया। हजारों दीपों की टिमटिमाती ज्योति से मंदिर प्रांगण स्वर्णिम आभा से आलोकित हो उठा। भक्तों ने मां पल्टादेवी के चरणों में दीप अर्पित कर आराधना की और परिवार व समाज की सुख-समृद्धि की मंगलकामनाएँ की। विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल सिद्धार्थनगर द्वारा आयोजित इस दीपोत्सव में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। महिलाओं और बच्चों ने पारंपरिक वेशभूषा में माता की आराधना करते हुए विशेष पूजा-अर्चना की। भजन-कीर्तन और मां दुर्गा के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। विश्व हिन्दू परिषद एवं मंदिर प्रबन्धन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि यह दीपोत्सव अष्टमी पर सामूहिक आस्था और एकता का प्रतीक के रूप में आयोजित किया गया है। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने एक स्वर में "जय माता दी" के जयघोष लगाए और महाआरती में शामिल होकर दिव्य ऊर्जा का अनुभव किया। इस अवसर पर पल्टादेवी मन्दिर के महन्त एडवोकेट कैलाश गिरी, चन्दन गिरी, कृष्णा गिरी, बबलू गिरी, विहीप के जिला उपाध्यक्ष सुनील त्रिपाठी, जिला सहमंत्री जय प्रकाश, जिला गोरक्षा प्रमुख राकेश मिश्रा, बजरंग दल जिला संयोजक सुरेश गुप्ता, विद्यार्थी प्रमुख मोहित गुप्ता, नगर अध्यक्ष विहिप बर्डपुर अर्जुन मद्धेशिया, ग्राम प्रधान अलीदापुर पंकज चौबे, रविन्द्र मिश्रा, विराट यादव, सौरभ रस्तोगी, दिनेश दत्त मिश्रा, बृजेश चौधरी, कमलेश मिश्रा, वेद प्रकाश शुक्ला आदि रहे।

# झोलाछाप के इलाज से किशोर की मौत, मुकदमा हुआ दर्ज

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र मिश्रौलिया के होरिल्लापुर गांव में 15 वर्षीय किशोर की मौत इलाज में कथित लापरवाही के कारण हो गई। पीड़ित परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने झोलाछाप डॉक्टर पर केस दर्ज कर लिया है। होरिल्लापुर का इंद्रजीत साहनी 24 सितंबर की सुबह बीमार हो गया। परिजन उसे धोबहा चौराहे पर स्थित एक मेडिकल पर लेकर गये। यहां इमरान नाम के एक युवक ने जो खुद को डॉक्टर बताता था इंद्रजीत का इलाज शुरू किया। वहीं परिजनों का आरोप है कि इमरान ने पहले किशोर को ग्लूकोज चढ़ाया और फिर इंजेक्शन लगाया। इंजेक्शन लगते ही इंद्रजीत की हालत से बिगड़ गई। परिजनों के मुताबिक इतनी गम्भीर स्थिति होने के बावजूद इमरान ने कोई आपात इलाज नहीं किया और मरीज को सीधे रेफर कर दिया। किशोर को पहले डुमरियागंज फिर बस्ती और अंत में गोरखपुर मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। दुखद है कि इलाज के दौरान 26 सितम्बर को इन्द्रजीत की मौत हो गई। पुत्र का शव घर वापस आने के बाद पिता विष्णु साहनी ने शनिवार देर शाम थाने में तहरीर दी। पिता ने आरोप लगाया है कि आरोपी इमरान बिना किसी योग्यता और अनुभव के इलाज कर रहा था। उनका कहना है कि गलत और लापरवाही पूर्ण इलाज के कारण ही उनके बेटे की जान गई है जिसे उन्होंने हत्या के समान अपराध बताया है और सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# जीएसटी की समस्या को लेकर दवा विक्रेता समिति का वित्तमंत्री को ज्ञापन

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** जिले के दवा व्यापारियों ने केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी 2.0 में की गई दर कटौती को उपभोक्ताओं के लिए राहतकारी बताते हुए इसे छोटे व्यापारियों के लिए नुकसानदेह बताया है।

इस संबंध में दवा विक्रेता समिति जिलाध्यक्ष मोहम्मद जमील सिद्दिकी द्वारा बुधवार को भारत सरकार की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को ज्ञापन भेजकर समस्या के समाधान की माँग की है। भेजे गए ज्ञापन में बताया गया है कि दवा व्यापारियों पहले उच्च जीएसटी दर पर दवाइयाँ खरीद चुके हैं। अब जब सरकार ने दरें घटा दी हैं तो उन्हें पुराना स्टॉक कम कीमत पर बेचना पड़ रहा है। चूँकि अधिकांश छोटे व्यापारी या तो जीएसटी में पंजीकृत नहीं हैं अथवा कम्पोजिट डीलर हैं, इसलिए उन्हें इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का लाभ नहीं मिल पा रहा है। नतीजतन उन्हें सीधा आर्थिक घाटा उठाना पड़ रहा है।

जीएसटी दरों की कटौती (18 से 5 प्रतिशत, 12 से 0 प्रतिशत, 12 से 5 प्रतिशत) से जहाँ उपभोक्ताओं को राहत मिली है, वहीं छोटे विक्रेताओं की स्थिति गंभीर रूप से प्रभावित हुई है। खासकर तब, जब दवाइयों पर लाभांश (मार्जिन) पहले से ही एनपीपीए द्वारा नियंत्रित है। व्यापारियों ने सरकार से माँग की है कि उच्च दर पर खरीदे गए पुराने स्टॉक के लिए मुआवज़ा अथवा विशेष राहत तंत्र उपलब्ध कराया जाए। अन-पंजीकृत व कम्पोजिट डीलरों को भी अस्थायी रूप से कुछ राहत या आंशिक आईटीसी लाभ दिया जाए। छोटे दवा व्यापारियों की आर्थिक स्थिति को देखते हुए उन्हें स्थायी समाधान प्रदान किया जाए। व्यापारियों ने आशा व्यक्त की है कि केंद्र सरकार उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान करेगी।

### अश्लीलता फैलाने वालों पर हो कार्रवाई

**कुशीनगर, अमृत विचार।** दुर्गा पूजा को लेकर शासन प्रशासन द्वारा बीते दिनों पीस कमेटी को लेकर पूरे जनपद में बैठक की गई जिसमें डीजे की धुन पर अश्लीलता फैलाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए। दुर्गा मां की झांकी और पंडाल के पास फिल्मी गाने पर महिला कलाकारों द्वारा अश्लिलिल नृत्य करती नजर आ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कोई पहली घटना नहीं है, आए दिन जनपद में ऐसे वीडियो सामने आ रहे हैं जो धार्मिक स्थलों और आयोजनों की मर्यादा को आहत कर रहे हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार विभागों द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है।

# रेलवे ने चलाया स्वच्छता जागरूकता अभियान

संवाददाता, गोरखपुर



स्वच्छता जागरूकता अभियान के तहत शपथ लेते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भारतीय रेल पर 01 से 15 अक्टूबर, 2025 तक मनाये जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा-2025 के अन्तर्गत 01 अक्टूबर, 2025 को मुख्यालय गोरखपुर तथा तीनो मंडलों-लखनऊ, वाराणसी एवं इज्जतनगर में सामूहिक स्वच्छता शपथ दिलाई गई तथा स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया।

01 अक्टूबर, 2025 को लखनऊ मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर 'स्वच्छता ही सेवा' के तहत स्वच्छता शपथ, प्रभात फेरी, जन संवाद, नुक्कड़ नाटक आदि का आयोजन किया गया साथ ही गोरखपुर जं., खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा, ऐशबाग, लखनऊ जं. सहित अन्य स्टेशनों तथा गोंडा एवं ऐशबाग डिपो, कॉलोनियों एवं मंडलीय चिकित्सालयों में स्वच्छता शपथ के साथ स्वच्छता पखवाड़ा की शुरुआत की गई। विभिन्न स्टेशनों पर गहन साफ-सफाई की गई। इस अभियान के अन्तर्गत वाराणसी मंडल के प्रमुख स्टेशनों एवं रेलवे कालोनियों में कर्मचारियों एवं यात्रियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

वाराणसी, छपरा, मऊ, गाजीपुर एवं बलिया स्टेशनों पर रेल यात्रियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने हेतु स्वच्छता शपथ, सार्वजनिक जागरूकता कार्यशाला, पैम्फलेट, सेल्फी प्वाइंट, सामूहिक श्रमदान एवं स्वच्छता संवाद आदि का आयोजन किया गया। स्वच्छता ही सेवा अभियान के अन्तर्गत इज्जतनगर मंडल के विभिन्न स्टेशनों, कार्यालयों एवं कॉलोनियों में स्वच्छता की शपथ एवं स्टेशन परिसर में 'स्वच्छ रेल, स्वच्छ भारत' थीम पर मॉनिंग प्रभात फेरी निकाली गई। इसक अन्तर्गत स्टेशनों एवं कालोनियों में साफ-सफाई का आयोजन किया गया तथा स्वच्छता सेल्फी ली गई। स्वच्छ एवं साफ सुथरा वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 17 सितंबर से 02 अक्टूबर, 2025 तक स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का समापन

संवाददाता कुशीनगर



समारोह में उपस्थित अधिकारी व जनप्रतिनिधि। अमृत विचार

**अमृत विचार।** स्वशासी मेडिकल कालेज के परिसर में बुधवार को जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी की उपस्थिति में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का समापन समारोह सम्पन्न हुआ। समारोह में ब्लड डोनेशन कैम्प का उद्घाटन मुख्य अतिथि सांसद विजय कुमार दुबे द्वारा फीता काटकर किया गया। शिविर में लगे स्टालों का निरीक्षण सांसद, डीएम, सीडीओ द्वारा किया गया। समापन समारोह को सम्बोधित करते हुए सांसद ने कहा कि भाजपा सरकार महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिये संकल्पित है।स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान चलाया गया जिससे काफी महिलाएं लाभान्वित हुयी।सीएमओ डॉ चन्दप्रकाश ने कहा की अभियान में लगभग एक लाख से ज्यादा लोगों का पंजीकरण हुआ है जिसमें लगभग 42 हजार से ज्यादा व्यक्तियो की बीपी, 36 हजार से ज्यादा व्यक्तियों की सुगर की जाँच एवं 5 हजार से ज्यादा गर्भवती महिलाओं की जाँच,15 हजार से ज्यादा को टीकारण, आयुष्मान योजना के तहत 30 हजार से ज्यादा को लाभांवित किया जा चुका है। इसके अलावा टीबी, कैंसर, एचआईवी की जाँच भी कराई जा रही है। मिशन शक्ति के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अनूप मिश्र ने किया एवं अतिथियों के प्रति आभार मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ आर के शाही ने व्यक्त किया।

# तंत्र-मंत्र के चक्कर में दो महिलाओं की गई जान

**कुशीनगर, अमृत विचार।** जिले से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। अहिरौली बाज़ार थाना क्षेत्र के असना गांव के पास बड़े तालाब में दो महिलाओं की डूबने से मौत हो गई। महिलाएं कप्तानगंज थाना क्षेत्र के पड़ौली गांव टोला ठकुरहीं उर्फ सोनापाकड़ की रहने वाली थीं। मृतकों की पहचान 40 वर्षीय कुशुमावती देवी और 40 वर्षीय रीता देवी के रूप में हुई है। दोनों मंगलवार की देर शाम असना डीह स्थित काली मंदिर पर पूजा-अर्चना करने गई थीं। बताया जा रहा है पूजा के बाद महिलाएं अन्य महिलाओं संग तंत्र-मंत्र और जादू-टोने के चक्कर में खेलने लगीं। इस दौरान दोनों पास के बड़े तालाब में चली गईं और डूब गईं। कुछ देर तक जब दोनों दिखाई नहीं दीं तो तलाश शुरू हुई। अचानक तालाब में तैरते शव को देखहड़कंप मच गया। लोगों ने तुरंत शोर मचाते हुए उन्हें बाहर निकाला और एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मथौली पहुँचाया। लेकिन वहाँ डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।सूचना मिलते ही कप्तानगंज पुलिस मौके पर पहुँची और शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई में जुट गई है।






देश की तरक्की के लिए हमें आपस में लड़ने के बजाय, गरीबी, बीमारी और अज्ञानता से लड़ना होगा।
–लाल बहादुर शास्त्री, पूर्व प्रधानमंत्री

# उम्मीदों का रोडमैप

अगले साल से 'समर्थ उत्तर प्रदेश- विकसित उत्तर प्रदेश-2047' का विजन-डॉक्यूमेंट विधिवत लागू होने का समाचार उम्मीद जगाने वाला है। सरकार ने निर्णय लिया है कि वह मौजूदा 9 प्रतिशत की विकास-दर को बढ़ाकर 16 प्रतिशत की वार्षिक विकास-दर हासिल करेगी और 2047 तक औसतन इसी 16 प्रतिशत की दर बनाए रखेगी, ताकि छह ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य प्राप्त हो और उत्तर प्रदेश देश की कुल जीडीपी में 20 प्रतिशत का योगदान दे सके। वर्तमान में लगभग 353 बिलियन डॉलर की जीडीपी को 6 ट्रिलियन डॉलर तक ले जाना आकाश-कुसुम प्रतीत होता है, पर विजन और प्रतिबद्धता के दम पर क्या नहीं हासिल किया जा सकता और इस सरकार में वे दोनों तत्व पर्याप्त मात्रा में मौजूद हैं।

विभिन्न सूचकांकों के आधार पर उत्तर प्रदेश भारत की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। पहले स्थान पर आने के लिए उसे तमिलनाडु और महाराष्ट्र को पीछे करना होगा। व्यापार में सुगमता के मानक पर सूबा देश में दूसरे स्थान पर है, सतत विकास लक्ष्य सूचकांक में 11 पायदान की छलांग लगाकर अब 18वें स्थान पर आ चुका है। निर्यात-तैयारी सूचकांक में राज्य ने सातवां स्थान प्राप्त किया और सुशासन सूचकांक में साल दर साल सुधार देखा गया है। बुनियादी ढांचे के विकास पर होने वाले व्यय के मामले में उत्तर प्रदेश शीर्ष पर है और राज्य में प्रति-व्यक्ति आय में 23 प्रतिशत की वृद्धि से जनता में भी उत्साह है। विगत आठ वर्षों की सरकारी सक्रियता उसके मनोबलवर्धक दावे में दम भरती है कि 2030 तक राज्य कृषि निर्यात में देश का अगुवा बनेगा, रूस, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा जैसे वैश्विक कृषि निर्यातकों की श्रेणी में शामिल होगा और वैश्विक कृषि जगत के लिए रोल-मॉडल बनकर उभरेगा। हाल के वर्षों में राज्य ने आर्थिक और शासन दोनों ही क्षेत्रों में महत्वपूर्ण सुधार दिखाए हैं, खासकर बुनियादी ढांचे के विकास और ई-गवर्नेंस में, परंतु सामाजिक और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में अभी भी काफी सुधार की आवश्यकता बनी हुई है, जहां राज्य कई सूचकांकों में निचले पायदान पर है।

फिलहाल, वर्तमान कार्ययोजना का मसौदा 30 नवंबर को मुख्यमंत्री के समक्ष अनुमोदन के लिए रखा जाएगा। अनुमोदन के पश्चात दिसंबर में यह रोडमैप लागू करने के लिए तैयार होगा और अगले ही महीने वे 12 सेक्टर्स, जिन्होंने लाखों सुझावों के आधार पर अपने-अपने कार्यक्रम पहले ही तैयार कर लिए हैं, इन पर काम शुरू कर देंगे। विचारों को कार्यप्रणाली में बदलने की यह तेज रफ्तार बताती है कि सरकार अपने लक्ष्यों के प्रति कितनी प्रतिबद्ध, आश्वस्त और उत्साहित है। सरकार ने क्रांतिकारी बदलाव करने का मन बनाया है, पर क्या धन भी पर्याप्त है? इस प्रश्न का उत्तर अगले माह प्रस्तुत होने वाले सालाना बजट से स्पष्ट होगा, जब चयनित 12 प्राथमिक सेक्टरों के बजटीय आवंटन देखने को मिलेगा। फिलहाल, इन सकारात्मक विकासोन्मुख परिस्थितियों में यदि 'समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश-2047' लागू होता है तो लक्ष्य की संभावनाएं निस्संदेह बलवती होंगी।

## प्रसंगवश

# राजघाट पर कमी खलेगी उन शिखर गांधीवादी की





विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार


गांधी जयंती पर सुबह राजघाट और फिर शाम को गांधी स्मृति में सर्वधर्म प्रार्थना सभा में एक बेहद अहम शख्सियत की इस बार कमी खलेगी। वो बीती आधी सदी से भी अधिक समय से राजधानी में बापू के बलिदान दिवस, जयंती से लेकर खास सरकारी आयोजनों में होने वाली सर्वधर्म प्रार्थना सभाओं में भाग लेती रही हैं। हम बात कर रहे हैं कात्सू सान की। वो दो अक्टूबर तथा 30 जनवरी को राजघाट और फिर तीस जनवरी मार्ग (बिड़ला हाउस) में आयोजित होने वाली सर्वधर्म प्रार्थना सभाओं का स्थायी चेहरा हैं। 88 साल की कात्सू सान की उर्जा देखने लायक है। उन्होंने सर्वधर्म प्रार्थना सभाओं के दौरान फखरुद्दीन अली अहमद, शंकर दयाल शर्मा, केआर नारायणन, एपीजे अब्दुल कलाम, प्रतिभा सिंह पाटिल, प्रणव कुमार मुखर्जी, राम नाथ कोविंद जैसे राष्ट्रपतियों तथा श्रीमती इंदिरा से लेकर नरेंद्र मोदी तक के सामने बुद्ध धर्म ग्रंथों से प्रार्थना पढ़ चुकी हैं। वो बीते कई महीनों से बीमार हैं। आप चाहें तो छोटे कद की कात्सू को देश की सबसे बुलंद गांधीवादी मान सकते हैं।

कात्सू सान के नेतृत्व में ही सर्वधर्म प्रार्थना होती रही है। उन्हें सब कात्सू बहन कहते हैं। गांधी जी के सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों को लेकर उनकी निष्ठा निर्विवाद है। कात्सू सान मूलतः जापानी नागरिक हैं। वो 1956 में भगवान बुद्ध के देश भारत में आईं थीं, ताकि उन्हें और गहराई से जान लें। एक बार यहां आईं तो उनका गांधीवाद से भी साक्षात्कार हो गया। उसके बाद तो उन्होंने भारत में ही बसने का निर्णय ले लिया।

सर्वधर्म प्रार्थना का विचार गांधी जी ने ही संसार को दिया था। उनके जीवन काल में यह आरंभ हो गई थी। उनके संसार में न रहने के बाद भी दो अक्तूबर, 30 जनवरी तथा अन्य विशेष अवसरों पर सर्वधर्म प्रार्थना सभाएं आयोजित की जाती हैं। कात्सू सान को कुछ लोग मां जी भी कहते हैं। कुछ उन्हें कात्सू बहन भी कहते हैं। उनसे मिलकर लगता है कि आप अपनी मां का आशीर्वाद ले रहे हैं। उनसे राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री भी मिलते हैं। इंदिरा गांधी उनके साथ खड़ी हो जाती थीं, नरेंद्र मोदी भी उनका हालचाल पूछते रहे हैं।

कात्सू सान के शीघ्र स्वस्थ होने की राजधानी में रहने वाले तमाम गांधीवादी प्रार्थना कर रहे हैं। कात्सू सान के ही प्रयासों से राजधानी में विश्व शांति स्तूप स्थापित हुआ। कात्सू सान धारा प्रवाह हिंदी बोलती हैं। उन्होंने हिंदी काका साहेब कालेकर से सीखी। मुस्कान उनके चेहरे का स्थायी भाव है। कात्सू सान उन गांधीवादियों में शामिल हैं, जो विश्व बंधुत्व, प्रेम और शांति का संदेश देने के लिए भारत के गांवों, कस्बों, शहरों और महानगरों में घूमती हैं। गांधी जी के सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों को लेकर उनकी निष्ठा निर्विवाद है। उन्हें अब भारत अपना देश लगता है।

# महात्मा गांधी का रामराज्य और उसकी सार्थकता





रमा निवास तिवारी
लेखक

गांधी जी के रामराज्य से वर्तमान भारत कितनी दूरी बना चुका है, यह समझना हो तो उनके सपनों के भारत के मुख्य मूल्यों जैसे सत्य, अहिंसा, प्रेम और करुणा से समाज द्वारा बनाई गई दूरी पर दृष्टिपात करना होगा।

गांधी जी के रामराज्य से वर्तमान भारत कितनी दूरी बना चुका है, यह समझना हो तो उनके सपनों के भारत के मुख्य मूल्यों जैसे सत्य अहिंसा प्रेम और करुणा से समाज द्वारा बनाई गई दूरी पर दृष्टिपात करना होगा। गांधी जी ने जिस रामराज्य की कल्पना की थी, वह वास्तव में धर्मराज्य था। उन्होंने सोचा था कि उनके भारत में धर्मानुसार लोग आचरण करेंगे, धर्मसम्मत जीवन से उनका आशय मर्यादित, संयमित और सदाचारित जीवन निर्वहन से था। रामराज्य की उनकी संकल्पना के मूल में भगवान श्रीराम का मर्यादित जीवन था।

गांधी जी ने लोगों से रामराज्य के निर्माण की अपेक्षा तो की, किंतु उनको लगा कि इस रामराज्य जैसे शब्द पर सनातन से इतर धर्मावलंबियों को एतराज न हो, तो वह रामराज्य के बजाय धर्मराज्य की स्थापना का आग्रह लोगों से करने लगे। वास्तव में महर्षि बाल्मीकि के कथन 'रामो विग्रहवान धर्मः' को अंगीकार करते हुए गांधी जी ने राम को साक्षात धर्म का विग्रह मानकर रामराज्य को धर्मराज्य कहना आरंभ किया। गांधी जी मानते थे कि राम जी ने जैसा जीवन जिया, सामाजिक एवं पारिवारिक संबंधो को जैसे निभाया, वह सब मर्यादा की परिधि में रहकर धर्म से अनुप्राणित था।

गांधी जी एक शब्द स्वराज का प्रयोग किया करते थे, यह शब्द राजनीतिक बिल्कुल भी नहीं था, गांधी जी इसे राष्ट्र में प्रतिष्ठित करना चाहते थे, किंतु राजनयिकों ने उसे राजनीति में प्रतिष्ठित कर दिया। इसीलिए गांधी जी को स्वराज शब्द की व्याख्या करने पर विवश होना पड़ा। गांधी जी ने एक स्थान पर लिखा है कि उनके स्वराज शब्द का अभिप्राय रामराज्य से है, उन्होंने लोगों को यह खुली छूट दे रखी थी कि लोग रामराज्य को धर्म राज्य भी मान सकते हैं।

उन्हें यह बिल्कुल भी मंजूर नहीं था कि रामराज्य को राम से पृथक करके देखा जाए। गांधी जी अपने रामराज्य के प्रति इस बात को लेकर आग्रही थे कि यहां के लोग अपनी मूल संस्कृति में अवस्थित होकर अपने चरित्र का विकास करें। जिस समय गांधी जी देश में काम कर रहे थे, उस समय ईश्वर की उपासना के अलग-अलग मार्ग चलन में थे। कुछ पंथ और कुछ धर्म ऐसे भी अस्तित्व में थे, जो राम को ईश्वर मानने को तैयार नहीं थे, लिहाजा बापू को अपने रामराज्य से सभी को जोड़ने की कवायद में रामराज्य को शब्दांतर करके धर्मराज्य और स्वराज जैसे शब्दों का इस्तेमाल करना पड़ा।

गांधी जी ने इस देश में राम राज्य की संकल्पना ही क्यों की? क्यों उन्होंने किसी और राजा के राज्य की कल्पना को अपने करीब उपस्थित भी होने नही दिया? यह बड़ा प्रश्न है। राम जी के पूर्वजों का कितना गौरवशाली अतीत था। गांधी जी के मन में कभी मनु राज्य, इक्ष्वाकु राज्य, दशरथ राज्य की संकल्पना क्यों नहीं पनपी? शायद राष्ट्र पिता के मन में यह बात आई होगी कि जो अपनी ही सत्ता को सुरक्षित करने में लगा हो, वह रामराज्य नहीं हो सकता। रामराज्य की तो विशेषता ही यही है कि वहां दूसरों की गद्दी पहले ठीक की जाती है फिर अपने सिंहासन की परवाह की जाती है।

भगवान राम ने पहले केवट को निहाल किया, फिर किष्किन्धा की गद्दी सुग्रीव के हवाले की। उसके बाद विभीषण को लंकेश बनाया तब जाकर कहीं खुद अयोध्या की गद्दी पर आसीन हुए। गांधी जी की दृष्टि में रामराज्य वह है, जहां त्याग की भावना है। दूसरे के सुख के लिए अपने सुखों का त्याग कर देने की हिम्मत हो। भगवान राम ने पिता के वचनों को निभाने के लिए अयोध्या की गद्दी छोड़ी, तो केवट ने भगवान राम को गंगा पार कराकर अपनी मजदूरी का परित्याग किया।

शायद बापू को यह बात जंची होगी कि राम राजा के पुत्र थे। उनके पास राज्य था तो उन्होंने राज्य का त्याग किया। किंतु उस केवट के त्याग की सराहना होनी चाहिए, जिसके पास दो टाइम के खाने का जुगाड़ भी नही था। उसने धर्म के पथ पर चल निकले राम के समर्थन में अपनी मजदूरी का त्याग किया। गांधी जी की दृष्टि से रामराज्य को देखें तो भगवान राम के अश्वमेध यज्ञ में नारी सम्मान और स्त्री आदर के दर्शन होते हैं। अश्वमेध यज्ञ में सीता के न होने पर सीता की प्रतिमा के द्वारा भगवान राम ने यज्ञ संपन्न किया, जबकि वह समय ऐसा था, जब राजा लोग कई-कई रानियां रखते थे। राम चाहते तो एक और विवाह करके दूसरी पत्नी के साथ मिलकर अश्वमेध यज्ञ कर सकते थे। नारी के प्रति सम्मान और उसके उद्धार की दृष्टि राम राज्य के इस प्रसंग में नजर आती है।

गांधी जी शायद इस वजह से भी रामराज्य के आकांक्षी थे, क्योंकि रामराज्य में सत्ता और सरकारें अपनी बात जनता को समझाने में कम भरोसा रखती थीं, बल्कि जनता के मन की बात को समझने का प्रयास करती थीं। भगवान राम ने एक रजक की इच्छा को सम्मान देकर अपनी प्राणप्रिया सीता का निर्वासन तक कर दिया। रामराज्य का विश्वास तो देखिए, जिस राम ने बालि को बाण मारा, बालि उन्हीं राम की गोद में अपने पुत्र अंगद को डाल देता है कि अब इसकी जिम्मेदारी आपकी है।

रामराज्य तब स्थापित होता है जब अपने दुःख से बड़ा दुख दूसरे का जान पड़ने लगे। राम जी की पत्नी सीता का अपहरण हो चुका था, जब सुग्रीव ने अपनी पत्नी के बारे में बताया कि बालि ने उसकी पत्नी को अपने साथ रख लिया है, तो राम जी सीता जी का अन्वेषण बाद में कराते हैं, पहले सुग्रीव की पत्नी उसे दिलाते हैं। उन्होंने सुग्रीव के दुःख को अपने दुःख से बड़ा माना। गांधी जी मानते थे, जब अधिकार से ज्यादा महत्व लोग कर्तव्य को देंगे तो रामराज्य स्थापित होगा। रामराज्य तब आएगा, जब सभी लोग अपने हिस्से के सुख का त्याग दूसरों के लिए करेंगे।

## आमने सामने



पूरी दुनिया दिल्ली आ गई थी, यह कहने कि युद्ध मत शुरू कीजिए। तत्कालीन अमेरिकी विदेश मंत्री कोंडोलीजा राइस, हमले के कुछ ही दिन बाद दिल्ली आईं और प्रधानमंत्री व मुझसे मिलीं। उन्होंने भी कहा कि आप प्रतिक्रिया न दें। मेरे मन में बदला लेने का विचार आया था, लेकिन फैसला सरकार को लेना था।
–पी चिदंबरम, पूर्व गृहमंत्री

सोनिया गांधी की मंडली और तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने भारत के नागरिकों के साथ विश्वासघात किया है। कांग्रेस को देश से माफी मांगनी चाहिए। आज भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ईंट का जवाब पत्थर से दिया जाता है। आतंकवाद किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। –रामेश्वर शर्मा
भाजपा विधायक, मध्य प्रदेश



# दशहरा: कॉर्पोरेट और प्रबंधन की कला



डॉ. शिवम भारद्वाज
असिस्टेंट प्रोफेसर
जीएलए यूनिवर्सिटी

यदि हम रामायण के घटनाक्रमों को आज के कार्यस्थल और कॉर्पोरेट दुनिया से जोड़कर देखें, तो यह हमें नेतृत्व, टीम प्रबंधन और संकट निवारण की अनमोल शिक्षा प्रदान करता है।

दशहरे का पर्व हमें यह संदेश देता है कि बुराई चाहे जितनी भी बड़ी हो, अंततः उसका नाश होता है। यह पर्व हमें समाज, कार्यस्थल और व्यक्तिगत जीवन में अच्छाई के महत्व को समझाने का अवसर भी प्रदान करता है। रामायण के प्रसंगों से निकली सीखों को आज के कार्य स्थलों में व्यावहारिक दृष्टिकोण से लागू किया जा सकता है। राजा दशरथ के लिए अपनी पत्नी कैकई के दबाव में राम जी को वनवास भेजने का निर्णय एक अत्यंत कठिन निर्णय था, जो व्यक्तिगत और सामाजिक दबावों के संतुलन को साधने का प्रतीक है। राम का वनवास यह दर्शाता है कि नेतृत्व में कई बार ऐसे निर्णय लेने होते हैं, जिनमें व्यक्तिगत इच्छाओं और सामाजिक जिम्मेदारियों का संघर्ष होता है। इस संघर्ष को संतुलित करने की कला हर प्रमुख निर्णय में जरूरी होती है। आज के कार्यस्थल पर भी यही स्थिति देखने को मिलती है, जहां शीर्ष प्रबंधन को विभिन्न दबावों के तहत ऐसे निर्णय लेने होते हैं, जो संगठन के दीर्घकालिक लाभों के विपरीत हो सकते हैं।

राम जी ने अपने पिता के वचन का पालन किया, बिना किसी बहस या विरोध के। उन्होंने अपने व्यक्तिगत सुख को नकारते हुए सामाजिक और संगठनिक हित को सर्वोपरि रखा, जो आज के कार्यस्थल में एक आदर्श नेतृत्व के रूप में देखा जा सकता है। यह एक अच्छे और सच्चे नेतृत्व की परिभाषा है। नेतृत्व केवल अधिकार और निर्णय लेने तक सीमित नहीं होता, बल्कि इसमें अनुशासन, प्रतिबद्धता और ईमानदारी भी आवश्यक है। इसी संदर्भ में लक्ष्मण और माता सीता का राम जी के साथ वनवास में रहना एक सशक्त टीम भावना का उदाहरण प्रस्तुत करता है। कठिन परिस्थितियों में एक सच्ची टीम अपने नेता के साथ खड़ी रहती है और यह वही बलिदान है जो आधुनिक कार्य स्थलों में भी देखा जा सकता है।

भरत जी का अपने भाई राम जी की चरणपादुका रखकर राज्य की जिम्मेदारी संभालना एक अत्यधिक प्रेरणादायक उदाहरण है। यह उस अस्थायी नेतृत्व का प्रतीक है, जिसमें कोई व्यक्ति शीर्ष पद पर न होते हुए भी संगठन की स्थिरता बनाए रखता है। यही वह आदर्श है, जिसे हर संगठन में लागू किया जा सकता है। स्वर्ण मृग की घटना यह दर्शाती है कि कभी-कभी अनावश्यक आकर्षण और दबाव पूरी टीम को संकट में डाल सकते हैं। सीता जी के आग्रह पर राम जी ने स्वर्ण मृग को पकड़ने की कोशिश की, जिसके परिणामस्वरूप श्रीराम, लक्ष्मण जी और माता सीता तीनों संकट में फंस गए। यही अवस्था आज के कार्य स्थलों पर भी देखी जा सकती है, जहां बढ़ते हुए कार्यभार और आकर्षण कभी-कभी गलत दिशा में निर्णय लेने की प्रेरणा देते हैं।

'लक्ष्मण रेखा' और रावण द्वारा सीता हरण हमें यह सिखाता है कि नियमों और सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करना क्यों आवश्यक है? लक्ष्मण ने सुरक्षा उपाय किए, लेकिन रावण के छल में सीता जी का फंस जाना यह दर्शाता है कि नियमों का उल्लंघन कई बार बड़े संकट का कारण बन सकता है। कार्य स्थल पर भी यही नियमों का पालन अनिवार्य है। जटायु का बलिदान और सीता जी की रक्षा का प्रयास उन कर्मचारियों का प्रतीक है, जो अनैतिक प्रथाओं के खिलाफ आवाज उठाते हैं, भले ही इससे उनका व्यक्तिगत और करियर संबंधी जोखिम बढ़ जाए। जटायु ने अपनी जान की बाजी लगाकर रावण के अहंकार के खिलाफ संघर्ष किया और इसी तरह कार्य स्थल में भी कुछ कर्मचारी (व्हिसल ब्लोअर) साहसिक तरीके से गलत प्रथाओं का विरोध करते हुए नैतिकता की रक्षा करते हैं।


श्रीराम का सीता जी की खोज में वन-वन भटकते हुए सहयोग और संधियों की स्थापना करना आधुनिक संगठन के लिए एक अमूल्य सीख है। राम जी ने वानर राज सुग्रीव, हनुमान, अंगद और अन्य शूरवीरों को उनकी क्षमताओं के अनुसार कार्य सौंपे। यही अच्छे नेतृत्व का मापदंड है- सही व्यक्ति को उसकी क्षमता और कौशल के अनुरूप कार्य देना। संधि के अनुरूप समय बीत जाने के बाद भी माता सीता की खोज प्रारंभ न किए जाने पर सुग्रीव के प्रति राम का असंतोष भी यह दर्शाता है कि अच्छे नेता अपनी टीम से जिम्मेदारी और जवाबदेही की उम्मीद रखते हैं। राम जी का संवाद और केवट, शबरी जैसे पात्रों के साथ व्यवहार एक सशक्त और संवेदनशील कार्यस्थल की स्थापना का आदर्श प्रस्तुत करता है।

रावण से युद्ध में राम जी ने न केवल सेना की शक्ति का प्रयोग किया, बल्कि विरोधियों को भी अपने पक्ष में करने का प्रयास किया। विभीषण को अपने पक्ष में जोड़कर उन्होंने संगठनात्मक परिवर्तन का उदाहरण प्रस्तुत किया। यह हमें सिखाता है कि नेतृत्व केवल बाहरी प्रतिस्पर्धा और विरोधियों पर जीत तक सीमित नहीं होता, बल्कि असंतुष्ट सदस्यों को जोड़कर संगठन को मजबूत बनाना भी एक अच्छे नेता की पहचान है।

हनुमान जी द्वारा लक्ष्मण जी के मूर्छित होने पर संजीवनी बूटी की खोज संकट प्रबंधन का उत्कृष्ट उदाहरण है। जब टीम के महत्वपूर्ण सदस्य को आपातकालीन स्थितियों का सामना करना पड़ता है, तो तुरंत उपयुक्त संसाधनों का तैनात किया जाना और सभी विकल्पों का उपयोग करना आवश्यक होता है। यही कार्य स्थल पर आपातकालीन संकटों से निपटने की प्रभावी रणनीति है।

## सोशल फोरम

# स्वतंत्रता का अर्थ किसी नेता को चुनना नहीं



जे कृष्णमूर्ति
मैत्री संवाद
फेसबुक

हमें यह पूछना होगा कि स्वतंत्रता (freedom) क्या है। अक्सर कहा जाता है कि स्वतंत्रता कठोर अनुशासन और तथाकथित सभ्य नियंत्रण के अंत में मिलती है- 'सभ्य' का अर्थ यहां साहित्य, कला, संग्रहालय और अच्छा भोजन रखने के अर्थ में लिया जाता है, लेकिन यह तो केवल एक भ्रमित और पतनशील मनुष्य की बाहरी परत है। क्या स्वतंत्रता का अर्थ मनोरंजन के विकल्प होना है? क्या स्वतंत्रता का अर्थ चुनाव (choice) करना है? हम प्रायः स्वतंत्रता को किसी चीज से छुटकारा पाने के रूप में देखते हैं- बंधन से, चिंता से, अकेलेपन से, निराशा से और इसी प्रकार की अन्य अवस्थाओं से, लेकिन इस प्रकार सोचना केवल हमें और अधिक, शायद अधिक परिष्कृत, दुख, पीड़ा और घृणा की कुरूपता की ओर ले जाता है।

स्वतंत्रता का अर्थ किसी राजनीतिक या धार्मिक नेता को चुनकर उसका अनुसरण करना नहीं है, क्योंकि यह तो स्पष्ट रूप से स्वतंत्रता का निषेध है। स्वतंत्रता दासता का विलोम (opposite) नहीं है। स्वतंत्रता एक अंत है- जो हो चुका है उसे आगे बढ़ाने से इंकार करना। स्वतंत्रता का कोई विलोम नहीं है। वह अपने आप में संपूर्ण है। अब जब मैंने यह पढ़ा और समझने का प्रयास किया, तो मेरा अपने विद्यार्थियों से, अपनी पत्नी और बच्चों से और विश्व से क्या संबंध है? वास्तव में स्वतंत्रता की गहराई को समझने के लिए बड़ी मात्रा में बुद्धिमत्ता और शायद प्रेम चाहिए, लेकिन संसार की गतिविधियां न तो बुद्धिमान हैं और न ही मेरे बच्चों का समूह। मैं अपने दिन का अधिकांश समय उनके साथ बिताता हूं।

क्या मुझमें यह स्वतंत्रता, उसकी बुद्धिमत्ता और प्रेम मौजूद हैं? यदि वे मुझमें हैं, तो मेरी समस्याएं बहुत सरल हो जाती हैं। वही गुण कार्य करेगा और जिसे मैं समस्या मानता था, वह समस्या नहीं रहेगा, लेकिन वास्तव में यह मुझमें नहीं है। मैं दिखावा कर सकता हूं, मित्रता का नाटक कर सकता हूं, लेकिन वह बहुत सतही है।

मेरी ज़िम्मेदारी तात्कालिक है। मैं यह नहीं कह सकता कि मैं प्रतीक्षा करूंगा, जब तक कि मुझे स्वतंत्रता और यह स्नेह, यह प्रेम प्राप्त नहीं हो जाता। मेरे पास समय नहीं है, क्योंकि मेरे विद्यार्थी मेरे सामने हैं। मैं संन्यासी नहीं बन सकता- वह न तो मेरी समस्या हल करेगा, न दुनिया की।

–जे कृष्णमूर्ति

## सामयिकी

# शास्त्री जी का जीवन: 'रिकॉर्ड में लिखो, 14 किलोमीटर यूज'

भारत के प्रधानमंत्री बनने से पहले लाल बहादुर शास्त्री भारत सरकार में विदेश मंत्री, गृहमंत्री और रेल मंत्री जैसे महत्वपूर्ण पद संभाल चुके थे। एक बार वे रेल के एसी कोच में सफर कर रहे थे। उस दौरान वे यात्रियों की समस्या जानने के लिए जनरल बोगी में चले गए। वहां उन्होंने अनुभव किया कि यात्रियों को कितनी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इससे वे काफी नाराज हुए और उन्होंने जनरल डिब्बे के यात्रियों को भी सुविधाएं देने का निर्णय लिया। रेल के जनरल डिब्बों में पहली बार उन्होंने पंखा लगवाया। यही नहीं रेलों में यात्रियों को खानपान की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पैंट्री की सुविधा भी उन्होंने शुरू करवाई।



श्वेता गोयल
लेखिका

एक अन्य अवसर पर रेल में यात्रा करते वक्त शास्त्री जी उस समय भड़क गए थे, जब विशेष रूप से उनके लिए रेल कोच में कूलर लगाने की व्यवस्था की गई। शास्त्री जी उस समय रेल मंत्री थे और बंबई (अब मुंबई) जा रहे थे। गाड़ी चलने पर शास्त्री जी अपने पीए से बोले कि बाहर तो बहुत गर्मी है, लेकिन डिब्बे में काफी ठंडक है। तब उनके पीए कैलाश बाबू ने कहा, "सर, डिब्बे में कूलर लग गया है, इसीलिए डिब्बे में इतनी ठंडक है।" शास्त्री जी ने नाराज होते हुए पीए से कहा कि बगैर मुझसे पूछे कूलर कैसे लग गया? इतने सारे लोग, जो इस गाड़ी में चल रहे हैं, उन्हें गर्मी नहीं लगती होगी? उन्होंने पीए को निर्देश दिया कि अगले स्टेशन पर गाड़ी जहां भी रूके, वहां सबसे पहले इस कूलर को निकलवाइए। मथुरा स्टेशन पर शास्त्री जी कूलर हटवाकर ही माने।

1964 में शास्त्री जी जब प्रधानमंत्री बने, तब उन्हें सरकारी आवास के साथ इंपाला शेवरले कार भी मिली थी, लेकिन उसका उपयोग वे बहुत ही कम किया करते थे। वह गाड़ी किसी राजकीय अतिथि के आने पर ही निकाली जाती थी। एक बार की बात है, जब शास्त्री जी के बेटे सुनील शास्त्री किसी निजी कार्य के लिए यही सरकारी कार उनसे बगैर पूछे निकालकर ले गए और अपना काम पूरा करने के पश्चात् कार चुपचाप लाकर खड़ी कर दी। जब शास्त्री जी को इस बात का पता चला तो उन्होंने ड्राइवर को बुलाकर पूछा कि गाड़ी कितने किलोमीटर चलाई गई? ड्राइवर ने बताया, चौदह किलोमीटर! उसके बाद शास्त्री जी ने उसे निर्देश दिया कि रिकॉर्ड में लिख दो, 'चौदह किलोमीटर प्राइवेट यूज'। शास्त्री जी इतने से ही शांत नहीं हुए, उन्होंने पत्नी ललिता को बुलाया और निर्देश दिया कि निजी कार्य के लिए गाड़ी का इस्तेमाल करने के लिए उनके निजी सचिव से कहकर वह सात पैसे प्रति किलोमीटर की दर से सरकारी कोष में पैसे जमा करवा दें।

स्वतंत्रता संग्राम के दौरान 1940 के दशक में लाला लाजपत राय की संस्था 'सर्वेंट्स ऑफ इंडिया सोसायटी' द्वारा गरीब पृष्ठभूमि वाले स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों को जीवनयापन के लिए आर्थिक मदद दी जाया करती थी। उसी समय की बात है, जब लाल बहादुर शास्त्री जेल में थे। उन्होंने उस दौरान जेल से ही अपनी पत्नी ललिता को एक पत्र लिखकर पूछा कि उन्हें संस्था से पैसे समय पर मिल रहे हैं या नहीं और क्या इतनी राशि परिवार की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए पर्याप्त है? पत्नी ने उत्तर लिखा कि उन्हें प्रतिमाह पचास रुपये मिलते हैं, जिसमें से करीब चालीस रुपये ही खर्च हो पाते हैं, शेष राशि वह बचा लेती हैं। पत्नी का यह जवाब मिलने के बाद शास्त्री जी ने संस्था को एक पत्र लिखा, जिसमें उन्होंने धन्यवाद देते हुए कहा कि अगली बार से उनके परिवार को केवल चालीस रुपये ही भेजे जाएं और बचे हुए दस रुपये से किसी और जरूरतमंद की सहायता कर दी जाए।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना* 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# अमेरिका के इतर अन्य देश में बनते शिक्षा के नए विकल्प

अमेरिकी वीजा संबंधी दिक्कतों के कारण भारतीय छात्रों की पसंद बदल रही है। अब छात्रों के कदम अन्य देशों की ओर बढ़ चले हैं। अब वे अमेरिका के अलावा अन्य देशों को प्राथमिकता दे रहे हैं। इन देशों में न केवल अमेरिका से तुलनात्मक रूप से आसान वीजा नीतियां हैं, बल्कि फीस भी कम है। वहीं बेहतर स्टडी के साथ ही जॉब के बेहतरीन अवसर भी मिल रहे हैं, जिससे छात्र अपने भविष्य को लेकर भी आशान्वित हैं। हाल में हुए एक सर्वे के अनुसार, यूके अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के लिए बड़ी पसंद बनकर उभरा है। इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और जर्मनी भी छात्रों को लुभा रहा है, जहां पढ़ाई के बाद काम के अवसर और अफॉर्डेबिलिटी मुख्य कारक हैं। आज आपको बताते हैं वे कौन से ऐसे देश, जहां छात्र बेहतर करियर बना सकते हैं।

– फीचर डेस्क



## शिक्षा के लिए सबसे पसंदीदा देश बना जर्मनी

- हाल में आई अपग्रेड की ट्रांसनेशनल एजुकेशन (टीएनई) रिपोर्ट 2024-25 के अनुसार अमेरिका और कनाडा की जगह भारतीय छात्रों के लिए जर्मनी पसंदीदा देश बन गया है। एक लाख छात्रों पर आधारित यह अध्ययन बताता है कि अमेरिकी विश्वविद्यालयों में आवेदन करने वाले छात्रों की संख्या सालाना 13 प्रतिशत कम हो रही है। साथ ही जर्मनी में भारतीय छात्रों का प्रतिशत 2022 के 13 .2 से बढ़कर 2024-25 में 32 .6 प्रतिशत हो गया। जर्मनी में पढ़ाई करने के लिए छात्रों को एक राष्ट्रीय वीजा के लिए आवेदन करना होता है। यह एक लॉन्ग टर्म वीजा है, जो 90 दिनों से अधिक समय तक यहां रहने की अनुमति देता है। पढ़ाई पूरी होने पर छात्र जॉब सीकर वीजा भी ले सकते हैं। इसके लिए 75 से 100 यूरो यानी 6,600 से 8,800 रुपये का शुल्क देना होता है। यह वीजा जर्मनी में छह महीने तक रहने की अनुमति देता है। नौकरी मिल जाने पर जॉब कैटेगरी के अनुसार प्रोफेशनल वीजा आदि लेना होता है।

## ऑस्ट्रेलिया है लोकप्रिय डेस्टिनेशन

- ऑस्ट्रेलिया भारतीय छात्रों के लिए सपनों का देश बन चुका है। बीते वर्षों में यहां जाने वाले भारतीय छात्रों की संख्या तेजी से बढ़ी है। जून 2024 तक ऑस्ट्रेलिया में 8,39,199 अंतर्राष्ट्रीय छात्र थे, जिसमें भारतीय छात्रों की संख्या 17 फीसदी थी। वर्ष 2023-24 के दौरान ऑस्ट्रेलिया में 1,22,391 भारतीय छात्र थे। वहीं 2024-25 में यह संख्या बढ़कर 1,39,038 हो गई।
- आस्ट्रेलिया में भारतीय छात्रों को पढ़ने के लिए स्टूडेंट वीजा लेना होता है, जिसके लिए 710 ऑस्ट्रेलियन डॉलर (लगभग 39,000 रुपये) शुल्क व कुछ अन्य शुल्क जैसे-मेडिकल और पुलिस चेक फीस, आइइएलटीएस, टॉफेल या पीटीई परीक्षा शुल्क देना होता है। इसी प्रकार यहां नौकरी करने के लिए पोस्ट-स्टडी वर्क वीजा, जिसका शुल्क 1895 ऑस्ट्रेलियन डॉलर (लगभग 1 .05 लाख रुपये) है, स्किल्ड इंडिपेंडेंट वीजा-यह एक स्थायी निवास वीजा है। एंप्लॉयर स्पॉन्सर वीजा यह एक अस्थायी वीजा है, जो किसी ऑस्ट्रेलियाई कपनी द्वारा प्रायोजित होने पर मिलता है आदि की आवश्यकता पड़ती है।



## ब्रिटेन में छात्रों के लिए बेहतरीन अवसर

हाल ही में राज्यसभा में भारत सरकार द्वारा प्रस्तुत किए गए आंकड़े के अनुसार, ब्रिटेन (यूनाइटेड किंगडम) में 1,85,000 भारतीय छात्रों ने दाखिला लिया है। नई लेबर सरकार के तहत यूके अपनी अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा रणनीति को संशोधित कर रहा है। इसी के साथ वहां के इंटरनेशनल एजुकेशन चैंपियन सर स्टीव स्मिथ ने भारत को 'पूर्ण प्राथमिकता' देश घोषित करके भारतीय छात्रों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराइ है। महत्वपूर्ण बात यह है कि इसी साल यूके ने दो साल का पोस्ट-स्टडी वर्क वीजा फिर से शुरू किया है, जिसे ग्रेजुएट वीजा के नाम से भी जाना जाता है। यह वीजा अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को डिग्री पूरी करने के बाद अपने यहां जॉब ढूंढने की अनुमति देता है। यह नीति भारतीय छात्रों के लिए करियर के अवसरों को नए पंख और आशा प्रदान करती है। इस वीजा के लिए आवेदक को किसी नियोक्ता की ओर से नौकरी का प्रस्ताव या स्पॉन्सरशिप की आवश्यकता नहीं होती।

## आशाजनक भविष्य का देश बनता न्यूजीलैंड

- न्यूजीलैंड भी भारतीय छात्रों के लिए शिक्षा का आशाजनक केंद्र बन कर उभरा है। एजुकेशन न्यूजीलैंड के आंकड़ों के अनुसार, न्यूजीलैंड में वर्ष 2024 में जनवरी से अगस्त के बीच यहां दाखिलों में 34 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। आइडीपी एजुकेशन की रिपोर्ट के अनुसार, जहां 2023 में यह संख्या 7930 थी, वहीं 2024 के पहले आठ महीनों में बढ़कर छात्रों की संख्या 10,640 हो गई। अंग्रेजी भाषी वातावरण, पारदर्शी नीतियों एवं भारतीय संस्थानों के साथ बढ़ते संबंधों के कारण न्यूजीलैंड को अब एक आशाजनक विकल्प के रूप में देखा जा रहा है। न्यूजीलैंड में पढ़ाई के लिए छात्रों को स्टूडेंट वीजा लेना होता है, जिसका शुल्क 430 से 530 एनजीडी यानी 24 से 30 हजार रुपये के करीब है। साथ ही भारतीय पेशेवरों को यहां नौकरी के लिए पोस्ट स्टडी वर्क वीजा, एक्रेडिटेड एम्प्लॉयर वर्क वीजा, स्किल्ड माइग्रेट कैटेगरी रेजिडेंट वीजा आदि का विकल्प चुनना होगा।



## जॉब अलर्ट



### नैनीताल बैंक में भर्ती 2025

- **पद का नाम :** मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ), मुख्य प्रौद्योगिकी, अधिकारी (सीटीओ), मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी (सीआईएसओ), एसोसिएट उपाध्यक्ष (आईटी)
- योग्यता : पदानुसार
- कुल रिक्तियां : 04
- अंतिम तिथि : 10-09-2025
- बेवासाइट :www .nainitalbank .co .in

### इंडियन बैंक

- पद का नाम : डॉक्टर
- योग्यता : एमबीबीएस
- अंतिम तिथि : 07-10-2025
- वेबसाइट : indianbank .bank .in

### यूपीएससी

- पद का नाम : इंजीनियरिंग सेवा
- पदों की संख्या : 474
- योग्यता : बी .टेक/बी .ई, डिप्लोमा, एमएससी, इंजीनियरिंग
- अंतिम तिथि : 16-10-2025
- वेबसाइट : upsconline .nic .in

### एसएससी दिल्ली पुलिस हेड कांस्टेबल (मंत्रालयिक)

- पद का नाम : हेड कांस्टेबल
- पदों की संख्या : 509
- योग्यता :12वीं पास
- अंतिम तिथि : 20-10-2025
- वेबसाइट : ssc .gov .in

### भारतीय सेना

- पद का नाम : डीजी ईएमई एलडीसी, फायरमैन और अन्य
- पदों की संख्या : 194
- योग्यता : आईटीआई, 12वीं, 10 वीं
- अंतिम तिथि : 24-10-2025
- वेबसाइट : indianarmy .nic .in

# यूसीड के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू

## युवा अपना रजिस्ट्रेशन संस्थान की वेबसाइट पर करा सकते हैं

आईआईटी बांबे ने अंडरग्रेजुएट कॉमन एंट्रेंस एग्जाम फॉर डिजाइन (यूसीड) के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिया है। यह रजिस्ट्रेशन 1 अक्टूबर से शुरू किए गए हैं। युवा संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट uceed.iitb.ac.in पर कर सकते हैं। फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर निर्धारित की गई है। संस्थान की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार यदि तय समय पर युवा आवेदन नहीं कर पाएं हैं तो लेट फीस के साथ आवेदन करने की तिथि 7 नवंबर 2025 निर्धारित की गई है। परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र को 2 जनवरी 2026 से डाउनलोड किया जा सकता है। इसके बाद परीक्षा का आयोजन 18 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है। परीक्षा का समय सुबह 9 बजे से 12 बजे तक निर्धारित किया गया है। यह भी जानकारी दी गई कि आवेदन करने के लिए आवेदक की जन्मतिथि 1 अक्टूबर 2001 से पहले की नहीं होनी चाहिए। इसी तरह एससी, एसटी की जन्मतिथि 1 अक्टूबर 1996 से पहले की नहीं होनी चाहिए।



**31**
अक्टूबर निर्धारित की गई है फॉर्म भरने की अंतिम तिथि


**18**
जनवरी 2026 निर्धारित किया गया परीक्षा का आयोजन

### अन्य जानकारियां

- संस्थान की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार इस परीक्षा में वही उम्मींदवार आवेदन कर सकते हैं, जिन्होंने 2025 या 2026 में पहली बार बारहवीं की परीक्षा दी हो। इसमें सभी वर्ग के परीक्षार्थी जैसे कॉमर्स, ह्यूमैनिटीज और साइंस के उम्मींदवार योग्य माने जाएंगे। ऐसे उम्मींदवार जिन्होंने 2024 में पहली बार कक्षा बारहवीं की बोर्ड परीक्षा दी है वे इस परीक्षा के लिए योग्य नहीं माने जाएंगे। यह परीक्षा देश के 27 शहरों में आयोजित कराए जाने की योजना है। यह परीक्षा आईआईटी में बैचलर ऑफ डिजाइन की डिग्री के लिए आयोजित की जाती है। फीस की बात की जाए तो आवेदन करने वाली युवतियों के लिए सभी वर्ग में 2 हजार रुपये फीस निर्धारित की गई है। इसी तरह एससी, एसटी और दिव्यांग उम्मींदवार के लिए भी 2 हजार रुपये फीस निर्धारित की गई है। अन्य कैटैगरी के उम्मींदवारों के लिए 4 हजार रुपये फीस का निर्धारण किया गया है।


## नई किताबें

### विज्ञान ज्ञान विश्वकोश छह पुस्तकों का संग्रह




विकासवाद का सिद्धांत क्या है? रासायनिक अभिक्रियाएं कैसे होती हैं? मानव आंख केवल तीन रंगों को ही क्यों पहचान पाती है? विज्ञान के ज्ञान का छह विश्वकोशों का यह संग्रह बच्चों के लिए विज्ञान की आकर्षक दुनिया को जानने को बेहद महत्वपूर्ण विश्वकोश है। इस ज्ञानवर्धक पुस्तकों में सुस्पष्ट आरेख और कठिन शब्दों की विस्तृत शब्दावली सुखद दी गई, जिससे बच्चे आसानी से विज्ञान का ज्ञान व जानकारी ले सकते हैं। संग्रह में अच्छी तरह से लेबल की गई छवियां दी गई हैं। साथ ही युवा शिक्षार्थियों को शिक्षित और मनोरंजन करेगा। इसके अलावा एक मजबूत शब्दावली का निर्माण करता है।

### एसएससी के लिए ऑल इन वन बुक




कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) कांस्टेबल परीक्षा की तैयार के लिए पुस्तक हेल्पफुल है। इस पुस्तक में सर्वसमावेशी गाइडेंस और चैप्टर-वाइ सिद्धांत, समय बचाने वाले ट्रिक्स, अभ्यास और पिछले वर्षों के 15 हल किए गए प्रश्नपत्र (2020 और 2023) दिए गए हैं, जो आपको पूर्ण और प्रभावी तैयारी करने में मदद करती है। पुस्तक में पिछले वर्ष के हल किए गए प्रश्नपत्रों के साथ परीक्षा पैटर्न और प्रत्येक प्रश्न के लिए विस्तृत स्पष्टीकरण शामिल हैं। साथ ही पुस्तक में विस्तृत, स्टेप वाइज समाधानों के साथ सभी डाउट्स को दूर करने और जटिल समस्याओं को सुलझाने में स्पष्टता और आत्मविश्वास सुनिश्चित करने में मदद करती है। इसके अलावा पुस्तक में 2500 से अधिक प्रश्नों के विस्तृत प्रश्नों के माध्यम से अपनी तैयारी को मजबूत करें, जिनमें से प्रत्येक का गहन समाधान दिया गया है। वहीं पुस्तक में सामान्य जागरूकता के लिए प्रासंगिक और संक्षिप्त करेंट अफेयर्स के साथ डाटा दिया गया है।

# सही रणनीति से पाएं एसएससी कांस्टेबल में सफलता

कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) जीडी कांस्टेबल परीक्षा उन लोकप्रिय भर्ती परीक्षाओं में से एक है, जिनमें कड़ी प्रतिस्पर्धा होती है। एसएससी जीडी परीक्षा उन उम्मीदवारों के लिए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) में प्रवेश का द्वार है जो कम उम्र में ही वर्दी की नौकरी शुरू करना चाहते हैं। सीएपीएफ में नियुक्ति पाने के लिए उम्मीदवारों को एसएससी जनरल ड्यूटी परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी। एसएससी जीडी कांस्टेबल कोई बहुत कठिन परीक्षा नहीं है, परीक्षा पास करने के लिए आपको सही तैयारी रणनीति और भरपूर अभ्यास की आवश्यकता होती है। एसएससी जीडी कांस्टेबल भर्ती परीक्षा 2025 की तैयारी के लिए आपको सही रणनीति अपनाने की आवश्यकता है। इसके लिए छात्रों को एसएससी जीडी में दिए गए विषय के प्रत्येक भाग की पूरी तैयारी करनी चाहिए ताकि वे परीक्षा में बेहतर अंक प्राप्त कर सकें। आज हम आपको 3 महीने की रणनीति के बताते हैं, जिसको फॉलो करके आप बिना किसी कोचिंग के परीक्षा की तैयारी कर सकते हैं और पहली बार में ही परीक्षा पास कर सफलता भी हासिल कर सकते हैं।



## तीन महीने की तैयारी योजना

- पहला महीना- बेस मजबूत करना
- लक्ष्य- सभी विषयों की मूलभूत समझ और अभ्यास शुरू करना।

### दैनिक दिनचर्या

- सुबह (6-7 बजे)- दौड़ लगाएं + शारीरिक व्यायाम (पीईटी तैयारी)
- सुबह (8-10 बजे)- गणित (2 घंटे -बुनियादी विषय, जैसे प्रतिशत, अनुपात, समय-कार्य)
- दोपहर (1-2 बजे)- रीजनिंग (पजल, सीरीज, कोडिंग-डीकोडिंग)
- शाम (4-6 बजे)- जीके/जीएस (इतिहास, भूगोल, संविधान, विज्ञान)
- रात (8-9 बजे)- हिंदी/अंग्रेजी (ग्रामर+ शब्दार्थ)
- सोने से पहले- करंट अफेयर्स (15-20 मिनट)
- हफ्ते में एक दिन (रविवार)- 1 मॉक टेस्ट + गलतियों का विश्लेषण
- दूसरा महीना (प्रैक्टिस और स्पीड)
- लक्ष्य- स्पीड और सटीकता बढ़ाना।

### दैनिक दिनचर्या

- सुबह- दौड़ + फिजिकल फिटनेस
- गणित- शॉर्टकट ट्रिक्स और क्विज़
- रीजनिंग- रोजाना 25-30 प्रश्न
- जीके/जीए- भारत का इतिहास, संविधान, करंट अफेयर्स पर विशेष ध्यान
- अंग्रेजी/हिंदी- रोज एक पैसेज और व्याकरण अभ्यास
- हर शाम- 1 सेक्शनल टेस्ट (छोटा टेस्ट - केवल गणित/रीजनिंग/जीके/हिंदी)
- सप्ताह में 2 फुल मॉक टेस्ट
- तीसरा महीना (रिवीजन और मॉक टेस्ट - फाइनल टच)
- लक्ष्य- एग्जाम जैसी तैयारी और आत्मविश्वास बढ़ाना।

### दैनिक दिनचर्या

- सुबह- शारीरिक अभ्यास
- दिनभर- सभी विषयों का रिवीजन (नए टॉपिक न पढ़ें)
- रोज़- 1 फुल मॉक टेस्ट (90 मिनट) + विश्लेषण
- कमजोर टॉपिक पर फोकस
- करंट अफेयर्स की अंतिम तैयारी परीक्षा से पहले 10-15 मॉक टेस्ट हल करें।

### अतिरिक्त टिप्स

#### समय प्रबंधन

- प्रति प्रश्न औसतन 50 सेकंड से कम समय लगाएं।
- शारीरिक तैयारी- रोज 5-6 किमी दौड़ और स्टैमिना पर ध्यान दें।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 80,983.31 | 24,836.30 |
| बढ़त | 715.69 | 225.20 |
| प्रतिशत में | 0.89 | 0.92 |

सोना- 1,21,100 प्रति 10 ग्राम

चांदी- 1,50,500 प्रति किलो

अमृत विचार
अयोध्या, गुरुवार, 2 अक्टूबर 2025
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### जैन रिसोर्स का शेयर 14% बढ़त संग सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** जैन रिसोर्स रीसाइक्लिंग का शेयर अपने निर्गम मूल्य 232 रुपये से 14% की बढ़त के साथ बुधवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर ने 265.25 रुपये पर कारोबार शुरू किया जो निर्गम मूल्य से 14.33% अधिक है। एनएसई पर यह 14.24% की वृद्धि के साथ 265.05 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 9,303.51 करोड़ रुपये रहा। जैन रिसोर्स के आईपीओ को बोली के अंतिम दिन पिछले शुक्रवार को 15.90 गुना अभिदान मिला था। कंपनी के आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 220-232 रुपये प्रति शेयर था।

### उड़ान प्रशिक्षण संगठनों की पहली रैंकिंग जारी

**नई दिल्ली।** विमानन नियामक डीजीसीए ने देश में उड़ान प्रशिक्षण संगठनों की पहली रैंकिंग जारी की है। सूची में शामिल 35 संगठनों में से कोई भी 'ए+' और 'ए' जैसी शीर्ष रेटिंग हासिल नहीं कर पाया। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के अनुसार, 35 उड़ान प्रशिक्षण संगठनों (एफटीओ) में से 13 को 'बी' और 22 को 'सी' रैंकिंग मिली है। चार श्रेणियों के अंतर्गत एफटीओ का मूल्यांकन करने के लिए परिचालन पहलुओं, एफटीओ प्रदर्शन, सुरक्षा मानकों, अनुपालन मानकों और छात्रों को मदद को ध्यान में रखा जाता है। इसमें 85 प्रतिशत या उससे अधिक अंक वाले एफटीओ को 'ए+' श्रेणी में और 70 प्रतिशत से 85 प्रतिशत से कम अंक वाले एफटीओ को 'ए' श्रेणी में रखा जाता है।

### क्रिप्टो से जुड़ी 25 विदेशी कंपनियों को नोटिस जारी

**नई दिल्ली।** वित्तीय खुफिया इकाई ने अवैध रूप से देश में क्रिप्टो सेवा देने वाली 25 विदेशी कंपनियों को धनशोधन कानून के तहत नोटिस जारी किया है। वित्त मंत्रालय ने बताया कि वित्तीय खुफिया इकाई (एफआईयू) के निदेशक ने इन कंपनियों को नोटिस भेजकर उनसे भारत में उनके एप और वेबसाइट तक पहुंच बंद करने के लिए कहा है। ये सभी ऐसी कंपनियां हैं, जिन्होंने देश में क्रिप्टो कारोबार शुरू करने के लिए एफआईयू के पास पंजीकरण नहीं कराया है। इन कंपनियों में सबसे अधिक छह हांगकांग की हैं। इनके नाम क्वाइनकोला, एचआईटी बीटीसी, लोकलक्वाइनस्वैप, फेमेक्स, चेंजली और क्वाइनेक्स हैं। सिंगापुर की तीन कंपनियों क्वाइनडब्ल्यू, रेमिटानो और बायटू के नाम हैं।

# वित्तीय स्थिरता सर्वोच्च प्राथमिकता आर्थिक वृद्धि में बाधा न बनें नियम

## आरबीआई गवर्नर ने की बैंकिंग नियमों में राहत व कारोबारी सुगमता के उपायों की घोषणा

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को बैंकिंग नियमों में राहत और कारोबारी सुगमता के उपायों की घोषणा के बीच कहा कि वित्तीय स्थिरता केंद्रीय बैंक की सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है।

मल्होत्रा ने मौद्रिक नीति समीक्षा के बाद कहा कि आरबीआई यह सुनिश्चित करने को सजग है कि नियमों का पालन आर्थिक वृद्धि की राह में बाधा न डाले। मुझे नहीं लगता कि आपको इन उपायों को किसी तरह की शिथिलता के रूप में देखना चाहिए। हमारे लिए स्थिरता सर्वोपरि है। साथ ही हमें यह भी देखना होगा कि वृद्धि को कोई रोक न लगे। मल्होत्रा ने कहा कि बैंकिंग गतिविधियों में विस्तार, अधिग्रहण वित्तपोषण, आईपीओ के लिए ऋण सीमा बढ़ाने, बुनियादी ढांचा वित्त के लिए एकल उधारकर्ता सीमा में बदलाव और शहरी सहकारी बैंकों के लिए लाइसेंसिंग खोलने के उपाय किए गए हैं। मल्होत्रा ने इन कदमों को बेहद संतुलित, सोची-समझी और विचारपूर्ण कार्रवाई करार दिया।

उन्होंने बताया कि कई उपाय ऐसे हैं, जहां आरबीआई ने पहले किसी गतिविधि को अनुमति दी थी लेकिन अब उसे और विस्तार दे दिया गया है। इनमें अधिग्रहण वित्त और शेयरों के एवज में ऋण की सीमा बढ़ाने का कदम शामिल है। मल्होत्रा ने स्पष्ट किया कि रिजर्व बैंक का उद्देश्य बैंकिंग कारोबार का सूक्ष्म प्रबंधन नहीं करना है। मल्होत्रा ने वित्तीय स्थिरता एवं विकास परिषद (एफएसडीसी) में हुई चर्चा का हवाला देते हुए कहा कि अब नियमों की समीक्षा हर पांच वर्ष में होगी। परिस्थितियां बदलती हैं, समय बदलता है, आवश्यकताएं बदलती हैं, इसलिए नियम स्थिर नहीं रह सकते। इसलिए हम अपने नियमों की समीक्षा करते रहेंगे। बड़ी कंपनियों की बैंकों के बहीखाते में हिस्सेदारी बीते दशक में 10% तक कम हो चुकी है। हालांकि नियमों में छूट के बावजूद रिजर्व बैंक के पास वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने को पर्याप्त साधन हैं। डिप्टी गवर्नर एम. राजेश्वर राव ने कहा कि शेयरों के खिलाफ ऋण की 20 लाख रुपये की सीमा 1998 में तय हुई थी और अब इसे बढ़ाकर एक करोड़ रुपये करने का फैसला मुद्रास्फीति के लिहाज से कोई बड़ी वृद्धि नहीं है।

### मौद्रिक नीति की समीक्षा



### दरों में कटौती की गुंजाइश, वैश्विक अनिश्चितताओं से यथास्थिति जरूरी

संजय मल्होत्रा ने कहा कि मुद्रास्फीति में कमी ने दरों में कटौती की गुंजाइश बनाई है, लेकिन वैश्विक अनिश्चितताओं और मौद्रिक उपायों का पूरा लाभ न मिलने से केंद्रीय बैंक ने दरों को यथास्थिति बनाए रखने का फैसला किया। मुद्रास्फीति में 1% से अधिक की गिरावट व इसके पूर्वानुमान ने दरों में कटौती की गुंजाइश बनाई है। जून में उन्होंने कटौती के लिए सीमित गुंजाइश शब्द का इस्तेमाल किया था, जबकि बुधवार को कहा कि कटौती की गुंजाइश मौजूद है। मल्होत्रा ने कहा कि 1% से ज्यादा की कटौती का लाभ न मिलने, वैश्विक अनिश्चितताओं और जीएसटी को तर्कसंगत बनाने के प्रभाव को लेकर समिति ने यथास्थिति बनाए रखने का विकल्प चुना है।

### यूपीआई लेनदेन पर शुल्क लगाने का कोई प्रस्ताव नहीं: मल्होत्रा

संजय मल्होत्रा ने कहा कि यूपीआई लेनदेन पर शुल्क लगाने का कोई प्रस्ताव नहीं है। केंद्रीय बैंक एक प्रस्ताव पर विचार कर रहा है, जिसके तहत वित्तीय संस्थानों को मासिक किस्त भुगतान में चूक की स्थिति में ऋण लेकर खरीदे गए मोबाइल फोन को डिजिटन तरीके से 'लॉक' करने की अनुमति मिल पाएगी। यूपीआई लेनदेन पर शुल्क लगाने का प्रस्ताव होने पर मल्होत्रा ने कहा कि ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है। यूपीआई लेनदेन में काफी वृद्धि हो गई है। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर एम. राजेश्वर राव ने कहा कि फोन को डिजिटल तरीके से 'लॉक' करने के फायदे व नुकसान दोनों पर गौर किया जा रहा है। जैसा कि गवर्नर ने बताया कि डिजिटल तरीके से फोन को 'लॉक' करने का मामला विचाराधीन है। ग्राहकों के अधिकारों व जरूरतों, निजी सूचना की गोपनीयता एवं कर्ज देने वालों की जरूरतों के बीच संतुलन बनाने के मामले में दोनों पक्षों के फायदे व नुकसान हैं। इसलिए हम इस मुद्दे पर गौर कर रहे हैं और बाद में इस पर कोई निर्णय लेंगे। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये के मूल्य में गिरावट पर मल्होत्रा ने कहा कि केंद्रीय बैंक किसी स्तर को लक्षित नहीं करता, बल्कि केवल अनावश्यक अस्थिरता को रोकने का प्रयास करता है। मल्होत्रा ने भरोसा जताया कि मूल्य स्थिरता के साथ उच्च सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर जारी रहेगी तथा निजी पूंजीगत व्यय में भी वृद्धि होगी।

### मौद्रिक नीति की मुख्य बातें

- प्रमुख नीतिगत दर रेपो 5.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित।
- वित्त वर्ष 2025-26 के लिए जीडीपी वृद्धि अनुमान 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत किया गया।
- वित्त वर्ष 2025-26 में मुद्रास्फीति अनुमान 3.1 प्रतिशत से घटाकर 2.6 प्रतिशत किया गया।
- जीएसटी सुधारों का मुद्रास्फीति और वृद्धि पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।
- अमेरिकी शुल्क का निर्यात पर प्रभाव पड़ेगा।
- सेवाओं का मजबूत निर्यात, धन प्रेषण से चालू खाते का घाटा स्थिर रहेगा।
- विदेशी मुद्रा भंडार 700.2 अरब अमेरिकी डॉलर रहा, जो 11 महीनों के आयात के लिए पर्याप्त है।
- आरबीआई रुपये पर कड़ी नजर रख रहा है, जरूरत पड़ने पर उचित कदम उठाएगा।
- बैंक ऋण वृद्धि, हालांकि पिछले वर्ष की तुलना में कम है, लेकिन आर्थिक गतिविधियों को समर्थन दे रही है।
- बैंकों के लिए संशोधित बेसल-3 पूंजी पर्याप्तता मानदंड एक अप्रैल, 2027 से प्रभावी होंगे।
- आरबीआई बैंकों को अधिग्रहणों के वित्तपोषण के लिए रूपरेखा उपलब्ध कराएगा।
- आरबीआई ने शेयरों के बदले ऋण देने की सीमा 20 लाख रुपये से बढ़ाकर एक करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव रखा।
- आईपीओ वित्तपोषण के लिए ऋण सीमा 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 25 लाख रुपये प्रति व्यक्ति की जाएगी।
- विदेशी मुद्रा प्रबंधन मानदंडों को और सरल बनाने का प्रस्ताव।
- बैंक भूटान, नेपाल और श्रीलंका के प्रवासी नागरिकों को सीमा पार व्यापार के लिए रुपये में ऋण देंगे।
- एमपीसी की अगली बैठक 3-5 दिसंबर को होगी।

# सोना-चांदी से निवेशक मालामाल

**विशेष संवाददाता, कानपुर**

**अमृत विचार :** सोने-चांदी के बढ़ते भाव ने सराफा बाज़ार में खासी हलचल मचा दी है। एक महीने में सोने के भाव 14 हजार तो चांदी के 25 हजार बढ़े हैं। बुधवार को कानपुर सराफा बाजार में सोना 1,21,000 रुपये का 10 ग्राम तो चांदी 1,50,100 रुपये किलो की नई ऊंचाई पर पहुंची, जो रिकार्ड है। निवेशकों के सुनहरे दिन चल रहे हैं।

बीते 1 सितंबर को सोना 1,07,150 और चांदी 1,26,300 रुपये थी। नौ महीने में ही सोने की कीमत में लगभग 41 हजार और चांदी के दाम में 62 हजार रुपये की बढ़ोतरी हुई। जाहिर है निवेशक बड़ा मुनाफा काट रहे हैं। इतना रिटर्न तो किसी भी बचत योजना में भी नहीं मिला है। दक्षिण कानपुर सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष अजीत गुप्ता का कहना है कि त्योहारी सीजन शुरू होने के बावजूद आभूषणों की बिक्री में जबरदस्त गिरावट है। काशी ज्वेलर्स के निदेशक श्रेयांश कपूर ने बताया कि दीवाली के मद्देनजर किफायती, हल्के डिजाइनर गहनों की रेंज तैयार की जा रही है।



- सोना और चांदी आल टाइम हाई रेट पर पहुंचे
- त्योहारी मौसम में भी आभूषणों की बिक्री 80 फीसदी तक गिरी
- खरीदार से ज्यादा बेचने वाले तैयार हो रहे हल्के डिजाइनर गहने

### तेजी के कारण

डॉलर के मुकाबले रुपये की कमजोरी, विश्व की लड़खड़ाती अर्थव्यवस्था, टैरिफ वॉर की नीतियां, युद्ध की आशंकाएं, त्योहारी सीजन में बढ़ी मांग और केंद्रीय बैंकों के जरिये और निवेश के मद्देनजर जमकर खरीद भाव बढ़ने के कुछ कारण हैं।

> दोनों धातुओं की चाल देख सराफा बाजार के दिग्गज विशेषज्ञ भी भाव के अनुमान में फेल नजर आ रहे हैं, लेकिन यह भी सच है कि निवेशकों की चांदी है। इतना मुनाफा देख खूब निवेश किया जा रहा है। -रामकिशोर मिश्र, मंत्री, उत्तर प्रदेश सराफा एसोसिएशन

## जीएसटी संग्रह 9% बढ़कर 1.89 लाख करोड़ पर

**नई दिल्ली।** जीएसटी संग्रह सितंबर में 9% बढ़कर 1.89 लाख करोड़ रुपये रहा। दरों को युक्तिसंगत बनाने से बिक्री में वृद्धि से जीएसटी संग्रह बढ़ा है। बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार जीएसटी संग्रह में सालाना आधार पर 9.1% और मासिक आधार पर 1.5 % की वृद्धि दर्ज की गई।


सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह सितंबर 2024 में 1.73 लाख करोड़ और अगस्त 2025 में 1.86 लाख करोड़ रुपये था। जीएसटी दरों में बदलाव 22 सितंबर से लागू हुआ। जीएसटी 2.0 सुधार लागू होने के बाद से रसोई के सामान से लेकर इलेक्ट्रॉनिक, दवाओं और उपकरणों व मोटर वाहन तक 375 चीजों की कीमतें कम हुई हैं। सितंबर 2025 में जीडीपी 6.8% बढ़कर 1.36 लाख करोड़ हो गया जबकि आयात कर 15.6% बढ़कर 52,492 करोड़ रुपये रहा। जीएसटी रिफंड भी 40.1% बढ़कर 28,657 करोड़ रुपये हो गया। शुद्ध जीएसटी संग्रह सितंबर 2025 में 1.60 लाख करोड़ रहा जो सालाना आधार पर पांच प्रतिशत अधिक है।

# 8 दिन बाद लौटी रौनक सेंसेक्स 716 अंक चढ़ा

**मुंबई, एजेंसी**

रेपो दर को स्थिर रखने और वृद्धि अनुमान बढ़ाने के रिजर्व बैंक के कदम से घरेलू शेयर बाजार में बुधवार को काफी उत्साह रहा और यह आठ दिनों की गिरावट से उबरने में सफल रहा। सेंसेक्स 716 अंक उछल गया जबकि निफ्टी में 225 अंकों की तेजी रही। विश्लेषकों ने कहा कि मौद्रिक घोषणा के बीच वैश्विक बाजारों में तेजी के रुझान और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी ने भी स्थानीय निवेशकों की धारणा को मजबूती दी।

बीएसई का सेंसेक्स 715.69 अंक उछलकर 80,983.31 अंक पर बंद हुआ। एनएसई का निफ्टी 225.20 अंक चढ़कर 24,836.30 अंक पर पहुंचा। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा मोटर्स में 5.54% की बढ़त रही। कोटक महिंद्रा बैंक, ट्रेंट, सन फार्मा, एक्सिस बैंक और आईसीआईसीआई बैंक का स्थान रहा। हालांकि, बजाज फाइनेंस, एसबीआई, अल्ट्राटेक सीमेंट और टाटा स्टील के शेयरों में गिरावट आई। वहीं, स्मालकैप 1.16% और मिडकैप में 0.91% की तेजी रही।



- वैश्विक बाजारों में तेजी और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी ने बाजार को दी मजबूती

### बीएसई की 2,797 कंपनियों में रही तेजी

बैंकिंग खंड में 1.44, दूरसंचार 1.26 और वित्तीय सेवा खंड 1.22% चढ़ा। बीएसई पर सूचीबद्ध 2,797 कंपनियों में तेजी रही, जबकि 1,360 शेयरों में गिरावट व 134 अपरिवर्तित रहीं। एशिया में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी सकारात्मक रहा, जबकि जापान के निक्की में गिरावट आई। यूरोप के बाजार बढ़त में रहे। शेयर बाजार के मुताबिक, एफआईआई ने मंगलवार को 2,327.09 करोड़ के शेयर बेचे, जबकि डीआईआई ने 5,761.63 करोड़ के शेयर खरीदे।



# आरएसएस की 100 वर्ष की यात्रा के पीछे लोगों का स्नेह

## सरकार्यवाह होसबाले ने कहा- विरोध के बावजूद संघ ने सबसे बड़ा स्वयंसेवी संगठन बनने का प्रयास किया

**नई दिल्ली, एजेंसी**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने बुधवार को कहा कि आरएसएस ने 100 वर्षों से विरोध के बावजूद, जनता के स्नेह के कारण सबसे बड़ा स्वयंसेवी संगठन बनने का प्रयास किया है। होसबाले की यह टिप्पणी प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के कुछ मिनट पहले आई। उन्होंने इस कदम के लिए सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि यह संघ के निःस्वार्थ कार्यों को मान्यता प्रदान करने के समान है।

होसबाले ने कहा कि संघ और उसके स्वयंसेवक 1925 में विजयादशमी पर डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा इसकी स्थापना करने के बाद से ही व्यक्तियों के चरित्र निर्माण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण के मिशन पर निःस्वार्थ काम कर रहे हैं। वह केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। आरएसएस के दूसरे नंबर के पदाधिकारी ने कहा कि विदेश में रहने वाले स्वयंसेवकों सहित सभी स्वयंसेवकों की ओर से, मैं इसके लिए अपना आभार व्यक्त करना चाहता हूं। होसबाले ने कहा कि राष्ट्र के प्रति योगदान के लिए व्यक्तियों और संगठनों को सम्मानित करना भारत में एक लंबे समय से चली आ रही परंपरा रही है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने इस परंपरा को जारी रखा है। मेरा मानना है कि इस तरह संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर भारत के लोगों की ओर से संघ के कार्यों को मान्यता दी गई है। होसबाले ने आरएसएस के 100 वर्षों को दिलचस्प यात्रा बताया और कहा कि देश के लोगों द्वारा संघ के विचारों को मिले प्यार, समर्थन और स्वीकृति से ही संघ इतनी दूर तक पहुंच पाया है। उन्होंने कहा कि संघ को हर तरह के विरोध, संघर्ष और उदासीनता का सामना करना पड़ा, लेकिन कार्यकर्ताओं ने लोगों की आत्मीयता, स्नेह, समर्थन और सहयोग का अनुभव किया है। उन्होंने कहा कि आज देश संघ को देशभक्ति, अनुशासन और निस्वार्थ सेवा के प्रभावशाली व सफल प्रतीक के रूप में देखता है। होसबाले ने कहा कि कुछ वर्षों में हमारे कार्यों की सफलता से देश की तस्वीर बदली है। हमें देश के भीतर और वैश्विक मंच पर भी भारत के विमर्श को मजबूत करना होगा। दुनिया भर में, भारत के बारे में भारत का विमर्श सकारात्मक और सत्य पर आधारित होना चाहिए।



नई दिल्ली में आरएसएस के शताब्दी समारोह के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, आरएसएस सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता।

### गोलवलकर ने चुनौती के समय संभाली थी कमान

**नागपुर।** माधव सदाशिवराव गोलवलकर आरएसएस के सरसंघचालक पद के लिए एकमात्र विकल्प नहीं थे, लेकिन उन्हें इस पद पर चुना गया और उन्होंने कठिन दौर में संगठन का नेतृत्व किया और उसे आकार दिया। वरिष्ठ पत्रकार सुधीर पाठक ने ऐसा दावा किया है। आरएसएस के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने जून 1940 में अपनी मृत्यु से पहले जंतुविज्ञान के प्रोफेसर गोलवलकर को अपना उत्तराधिकारी चुना था। आरएसएस से संबद्ध समाचार पत्र 'तरुण भारत' के पूर्व संपादक पाठक ने कहा कि गोलवलकर का चुनाव आश्चर्यजनक था। उस समय 34 वर्ष के रहे गोलवलकर 1925 में संघ की स्थापना के बाद से संगठन से तब तक जुड़े नहीं थे।

# धोखाधड़ी, फर्जी प्रमाणपत्रों को बर्दाश्त न करने की हमारी नीतिः यूपीएससी अध्यक्ष

**नई दिल्ली, एजेंसी**

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के अध्यक्ष अजय कुमार ने बुधवार को कहा कि किसी भी सरकारी नौकरी की भर्ती परीक्षा में अभ्यर्थियों द्वारा धोखाधड़ी और फर्जी प्रमाण पत्रों का इस्तेमाल करना 'अस्वीकार्य' है और इससे उनके करियर को दीर्घकालिक नुकसान हो सकता है। अपनी तरह के पहले वर्चुअल संवाद कार्यक्रम में, उन्होंने अभ्यर्थियों से उस रास्ते पर जाने से बचने को कहा जो कड़ी कार्रवाई का कारण बने, जिसमें यूपीएससी द्वारा आयोजित किसी भी परीक्षा में तीन साल तक शामिल होने पर रोक भी शामिल है।

कुमार ने कहा कि यूपीएससी की परीक्षाओं में धोखाधड़ी स्वीकार्य नहीं है। इस मामले में हमारी नीति कतई बर्दाश्त न करने की है और अगर ऐसा कुछ भी होता है, तो कड़ी कार्रवाई करेंगे। यूपीएससी प्रमुख ने कार्यक्रम के दौरान विभिन्न मुद्दों पर बात की, जिनमें सिविल सेवा परीक्षा उत्तीर्ण करने में कोचिंग सेंटर की उपयोगिता और भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) की पूर्व परिवीक्षाधीन पूजा खेडकर द्वारा फर्जी प्रमाणपत्रों के इस्तेमाल का मुद्दा भी शामिल था। केंद्र ने पिछले साल खेडकर को भारतीय प्रशासनिक सेवा से बर्खास्त कर दिया था, क्योंकि उन्होंने गलत तरीके से अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और दिव्यांगता आरक्षण का लाभ उठाकर अपना चयन सुनिश्चित किया था।



- वर्चुअल संवाद में अभ्यर्थियों से अजय कुमार ने किया संवाद

### चेहरे की पहचान से परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति

यूपीएससी प्रमुख ने कहा कि अगर धोखाधड़ी की जाती है, तो आपराधिक प्राथमिकी दर्ज होती है और आपराधिक कार्रवाई की जाती है। इसलिए, मैं कहना चाहूंगा कि अगर कोई ऐसा करता है, तो उसके खिलाफ नियमों के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। हमने परीक्षा केंद्र में प्रवेश के दौरान चेहरे की पहचान के माध्यम से प्रवेश की अनुमति लागू की है। आयोग अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों की प्रामाणिकता बनाए रखने के लिए डिजिलॉकर के माध्यम से प्रमाण पत्र लेने की योजना बना रहा है।

## तेलुगू अभिनेत्री पर घरेलू सहायिका का उत्पीड़न करने का मामला दर्ज

**हैदराबाद, एजेंसी**

तेलुगू अभिनेत्री डिंपल हयाती और उनके पति के खिलाफ अपनी घरेलू सहायिका के साथ कथित तौर पर दुर्व्यवहार करने, उसे परेशान करने और धमकी देने का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी।

ओडिशा की 22 वर्षीय महिला ने आरोप लगाया कि अपनी जिम्मेदारी निभाने के बाद भी उसे दंपति उचित भोजन नहीं देते हैं, उसे गालियां देते हैं और धमकी देते हैं। इस महिला ने अभिनेत्री के घर पर 22 सितंबर से घरेलू सहायिका के तौर पर काम करना शुरू किया था। उसने आरोप लगाया कि दंपति ने उसका अपमान किया और गुस्से में यहां तक कह डाला कि 'मेरी जिंदगी (सहायिका की जिंदगी) उनके जूते के बराबर भी नहीं है। घरेलू सहायिका ने आरोप लगाया कि 29 सितंबर को जब उसने उनके अपमानजनक व्यवहार को रिकॉर्ड करने की कोशिश की, तो दंपति ने उसे धमकाया। उसने बताया, अभिनेत्री के पति ने मेरा फ़ोन छीन लिया, उसे जमीन पर पटक दिया और तोड़ दिया।



- ओडिशा की महिला ने भोजन नहीं देने, गालियां और धमकी देने का लगाया आरोप

## मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने वक्फ कानून पर भारत बंद को किया स्थगित

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने वक्फ संशोधन कानून को लेकर तीन अक्टूबर को प्रस्तावित भारत बंद को स्थगित कर दिया। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने कहा कि देश के कुछ राज्यों में इन्हीं तिथियों पर त्योहार मनाए जा रहे हैं।

मुस्लिम पर्सनल ला बोर्ड के अध्यक्ष मौलाना खालिद सैफुल्लाह रहमानी की अध्यक्षता में बोर्ड की आपात बैठक हुई। उन्होंने कहा कि समीक्षा के बाद यह निर्णय हुआ कि तीन अक्टूबर को प्रस्तावित भारत बंद को फिलहाल स्थगित किया जाए। नई तिथियों की घोषणा जल्द की जाएगी। बोर्ड ने कहा कि वक्फ संशोधन के खिलाफ बोर्ड का विरोध आंदोलन पूर्ववत जारी रहेगा और सभी कार्यक्रम निर्धारित तिथियों के अनुसार आयोजित किए जाएंगे।

## जुबिन का प्रबंधक व आयोजक गिरफ्तार

### गायक जुबिन गर्ग की मौत का मामला

- कोर्ट ने 14 दिनों की पुलिस हिरासत में भेजा

**गुवाहाटी, एजेंसी**

सिंगापुर में गायक जुबिन गर्ग की मौत के सिलसिले में उनके प्रबंधक सिद्धार्थ शर्मा और महोत्सव के मुख्य आयोजक श्यामकानु महंत को बुधवार सुबह दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। असम पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दोनों पर विभिन्न धाराओं के तहत गैर इरादतन हत्या, आपराधिक साजिश और लापरवाही से मौत का मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तारी के बाद दोनों को गुवाहाटी लाया गया और कामरूप मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया गया, जिसने उन्हें 14 दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया। दुर्गा पूजा से अदालतें बंद होने से सुनवाई न्यायाधीश के आवास पर हुई। विशेष पुलिस महानिदेशक (सीआईडी) मुन्ना प्रसाद गुप्ता ने बताया कि गायक की मौत की जांच कानून के अनुसार की जाएगी। जांच को गठित एसआईटी के प्रमुख गुप्ता ने कहा कि शर्मा और महंत दोनों को 14 दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि नोटिस के आधार पर आव्रजन अधिकारियों ने सिंगापुर से दिल्ली हवाई अड्डे पर पहुंचते ही महंत को हिरासत में लिया और असम पुलिस को सौंप दिया। शर्मा के बारे में गुप्ता ने कहा कि हमने उसकी लोकेशन की निगरानी की जिससे उसके दिल्ली और राजस्थान में होने का पता चला।



जुबिन गर्ग की मौत के मामले में गिरफ्तार नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल के मुख्य आयोजक श्यामकनु महंत और उनके प्रबंधक सिद्धार्थ शर्मा।

## वांगचुक की रासुका के तहत हिरासत विश्वसनीय आधार पर

**लेह, एजेंसी**

- लद्दाख प्रशासन ने वांगचुक को फंसाने या गुप चुप कार्रवाई के दावों पर की टिप्पणी

लद्दाख प्रशासन ने पिछले हफ्ते राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत हिरासत में लिए गए कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को फंसाने या गुप चुप तरीके से कार्रवाई के दावों को मंगलवार को खारिज कर दिया। प्रशासन ने कहा कि कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा की गई कार्रवाई विश्वसनीय सूचनाओं और दस्तावेजों पर आधारित थी।

प्रशासन ने अपील की कि कानून को अपना काम करने देना चाहिए और विश्वास व्यक्त किया कि हम सब मिलकर शांतिप्रिय लेह कस्बे में सामान्य स्थिति बहाल करेंगे और अपनी वार्ता प्रक्रिया जारी रखेंगे। लद्दाख के लिए राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची के तहत सुरक्षा उपायों की मांग कर रहे आंदोलन का प्रमुख चेहरा रहे वांगचुक को 24 सितंबर को प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाकर्मियों के बीच हुई झड़पों के बाद रासुका के तहत हिरासत में लिया गया था। इसके बाद केंद्र और लद्दाख के प्रतिनिधियों के बीच वार्ता में रुकावट आ गई है क्योंकि कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस (केडीए) ने लेह एपेक्स बॉडी (एलएबी) के उस फैसले का समर्थन किया जिसमें वांगचुक और अन्य की रिहाई तक वार्ता स्थगित करने का फैसला किया गया है। छह अक्टूबर को होने वाली वार्ता को फिर शुरू करने की शर्त बताते हुए दोनों संगठनों ने लेह में हुई पुलिस गोलीबारी की न्यायिक जांच की भी मांग की।

# मुझे न मिला नोबेल पुरस्कार तो अमेरिका के लिए होगी बड़े अपमान की बात : ट्रंप

न्यूयॉर्क/वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि उन्होंने सात वैश्विक संघर्षों को खत्म कराने में भूमिका निभाई है, इसके बावजूद अगर नोबेल पुरस्कार उन्हें नहीं दिया जाता है तो यह अमेरिका के लिए बड़े अपमान की बात होगी।

गाजा संघर्ष को समाप्त कराने की योजना का जिक्र करते हुए ट्रंप ने मंगलवार को क्वांटिको में सैन्य अधिकारियों को अपने संबोधन में कहा, मुझे लगता है, हमने इसे सुलझा लिया है। अब, हमास को सहमत होना होगा और अगर वे नहीं मानते, तो उनके लिए बहुत मुश्किल होगा। सभी अरब, मुस्लिम राष्ट्र



● कहा- मैंने 7 संघर्ष खत्म कराए पर नोबेल किसी लेखक को मिलेगा

इससे सहमत हैं। इजराइल सहमत है। यह एक अद्भुत बात है कि सभी साथ आ गए हैं। ट्रंप ने कहा कि अगर सोमवार को घोषित गाजा संघर्ष को समाप्त कराने की उनकी योजना कामयाब हो जाती है तो उन्होंने कुछ ही महीनों में आठ संघर्षों को सुलझा लिया है।

ट्रंप ने कहा, यह शानदार है। कोई ऐसा कभी नहीं कर पाया। फिर भी क्या आपको नोबेल पुरस्कार मिलेगा, बिल्कुल नहीं। वे इसे किसी ऐसे व्यक्ति को देंगे जिसने कुछ भी नहीं किया। वे इसे ऐसे व्यक्ति को देंगे जिसने डोनाल्ड ट्रंप के विचारों और युद्ध को सुलझाने के लिए क्या किया गया, इस पर कोई किताब लिखी है, जी हां, नोबेल किसी लेखक को मिलेगा लेकिन देखते हैं क्या होता है।

उन्होंने कहा, यह हमारे देश के लिए बड़े अपमान की बात होगी। मैं ऐसा नहीं चाहता। मैं चाहता हूं कि यह देश को मिले क्योंकि ऐसा कुछ पहले कभी नहीं हुआ। इस बारे में सोचिएगा। मुझे लगता है कि गाजा संघर्ष को समाप्त करने की योजना सफल होगी। मैं यह बात हल्के में नहीं कह रहा।

## नोबेल पुरस्कार का इतिहास
# ... और ट्रंप की चाहत

दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित नोबेल पुरस्कार वैसे तो हमेशा चर्चा में रहते हैं लेकिन हाल फिलहाल अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की दावेदारी ने इसे और चर्चित बना दिया है। एक ताजा बयान में ट्रंप ने दुनिया में सात संघर्ष रुकवाने का दावा करते हुए कहा है कि अगर उन्हें शांति का नोबेल पुरस्कार न दिया गया तो यह अमेरिका का बड़ा अपमान होगा, ट्रंप के इस दावे को इस पुरस्कार के राजनीतिकरण और दबाव बनाने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। दिलचस्प यह है कि डोनाल्ड ट्रंप की इस हद तक कोशिश के बावजूद उन्हें इस बार शांति का नोबेल प्राइज मिलने की संभावना न के बराबर मानी जा रही है। वजह बताई जा रही है कि उनकी उम्मीदवारी न तो प्रक्रियागत है, न ही समय से पूरी हुई है। हालांकि कई देशों की ओर से उन्हें जरूर नोबेल पुरस्कार के लिए नामित किया गया है। नोबेल पुरस्कारों की घोषणा हर साल अक्टूबर में होती है, लिहाजा कुछ ही दिन बाद पता चल जाएगा कि ट्रंप की कोशिशें कितनी कामयाब हो पाईं।




### ऐसे हुई थी शुरुआत

- स्वीडिश वैज्ञानिक अल्फ्रेड नोबेल की वसीयत से शुरुआत हुई थी, उन्होंने अपनी अधिकांश संपत्ति इसके लिए दान कर दी थी।
- वसीयत के मुताबिक दुनिया का यह सबसे प्रतिष्ठित सम्मान उन लोगों को दिया जाता है जिन्होंने मानवता की सबसे बड़ी सेवा की हो।
- पहला नोबेल 1901 में प्रदान किया गया था, यह पुरस्कार हर साल 10 दिसंबर को अल्फ्रेड नोबेल की पुण्यतिथि पर दिया जाता है।

### पुरस्कार की श्रेणियां

नोबेल छह श्रेणियों में दिए जाते हैं। शुरू में भौतिकी, रसायन विज्ञान, शरीर विज्ञान या चिकित्सा साहित्य और शांति के लिए यह पुरस्कार दिया जाता था। सन् 1968 में इनमें आर्थिक विज्ञान भी जोड़ दिया गया।

### सबसे ज्यादा पुरस्कार

- संयुक्त राज्य अमेरिका में 400 से ज्यादा नोबेल पुरस्कार दिए गए हैं, इस कारण वह शीर्ष पर है।
- यूनाइटेड किंगडम 137 पुरस्कारों के साथ दूसरे, जर्मनी 111 पुरस्कारों के साथ तीसरे स्थान पर।
- फ्रांस लगभग 71 पुरस्कारों के साथ चौथे स्थान, स्वीडन 32 पुरस्कारों के साथ पांचवें स्थान पर।

### अब तक कितने विजेता

सन् 1901 से 2024 के बीच पांच नोबेल और आर्थिक विज्ञान में पुरस्कार 627 बार 1,012 लोगों और संगठनों को दिए गए।

### ऐसे होता है चयन

- विश्वविद्यालयों के प्रोफेसर, नोबेल विजेता जैसे योग्य लोग उम्मीदवारों को नामांकित करते हैं। इसका विवरण 50 साल तक गुप्त रखा जाता है।
- प्रत्येक क्षेत्र में पुरस्कार के लिए एक अलग समिति होती है। ये समितियां प्राप्त नामांकनों की समीक्षा करती हैं और प्रारंभिक आधार पर चयन करती हैं।

### पुरस्कारों पर प्रमुख विवाद

- एक स्वीडिश सांसद ने 1939 में व्यंग्य के रूप में एडोल्फ हिटलर को शांति पुरस्कार के लिए नामांकित कर दिया था, जिसे बाद में नामांकन वापस ले लिया गया।
- राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को नोबेल शांति पुरस्कार न दिया जाना बड़े विवाद का मुद्दा बना रहा। उन्हें कई बार नामांकित किया गया था, लेकिन पुरस्कार नहीं मिला।
- वियतनाम युद्धविराम के लिए हेनरी किसिंजर को दिया गया शांति पुरस्कार विवादित रहा, उन पर कंबोडिया पर बमबारी और तानाशाहों के समर्थन का आरोप था।
- यासर अराफात को इजराइली नेताओं के साथ शांति प्रयासों के लिए पुरस्कार मिला था, लेकिन कुछ लोग उनकी सशस्त्र गतिविधियों के कारण इससे असहमत थे।
- साहित्य पुरस्कार के लिए आदर्शवादी मापदंड की व्याख्या को लेकर शुरू से ही कई विवाद रहे हैं, जिससे कई बार विजेताओं के चयन पर सवाल भी उठे हैं।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### इथियोपिया: निर्माणाधीन गिरजाघर ढहा, 25 मरे

**अदीस अबाबा।** इथियोपिया के अमहारा क्षेत्र में बुधवार को एक निर्माणाधीन गिरजाघर के ढह जाने से कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि यह घटना बुधवार को उत्तरी इथियोपिया के अमहारा में मेनजार शेनकोरा अर्रेती मरियम गिरजाघर में उस समय हुई, जब लोग सेंट मैरी के वार्षिक समारोह के लिए एकत्र हुए थे। एक स्थानीय अस्पताल के चिकित्सक सेयूम अल्ताये ने बताया कि पीड़ितों में कुछ बच्चे और बुजुर्ग भी शामिल हैं। उन्होंने कहा, अब तक हमने 25 लोगों की मौत होने और सौ से अधिक घायलों की पुष्टि की है।

### अफगानिस्तान में इंटरनेट प्रतिबंध नहीं

**इस्लामाबाद।** तालिबान सरकार ने अफगानिस्तान में इंटरनेट पर राष्ट्रव्यापी प्रतिबंध लगाए जाने की खबरों को खारिज करते हुए कहा कि पुराने फाइबर ऑप्टिक केबल खराब हो गए हैं और उन्हें बदला जा रहा है। यह घोषणा संचार ब्लैकआउट पर तालिबान का पहला सार्वजनिक बयान है जिसके कारण बैंकिंग, वाणिज्य और विमानन क्षेत्र को बाधित हुए है। पिछले महीने, कई प्रांतों ने अनैतिकता से निपटने के लिए तालिबान नेता हिबतुल्लाह अखुंदजादा के एक आदेश के कारण इंटरनेट बंद होने की पुष्टि की थी। तालिबान अधिकारियों ने बयान में कहा, यह अफवाह फैलाई जा रही है कि हमने इंटरनेट पर प्रतिबंध लगा दिया है।

### फेडरल रिजर्व गवर्नर बनी रहेंगी लिसा कुक

**वाशिंगटन।** अमेरिका के उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को लिसा कुक को फिलहाल फेडरल रिजर्व गवर्नर बने रहने की अनुमति दे दी तथा उन्हें केंद्रीय बैंक से तत्काल हटाने संबंधी ट्रंप प्रशासन के अनुरोध पर कार्रवाई करने से इनकार कर दिया। एक अहस्ताक्षरित आदेश में, उच्चतम न्यायालय ने कहा कि वह जनवरी में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा कुक को फेड बोर्ड से हटाने के अनुरोध पर दलीलों को सुनेगा।

### नेपाल में मिट्टी ढहने से चार लोगों की मौत

**काठमांडू।** नेपाल के दक्षिणी मधेश प्रांत में बुधवार को मिट्टी ढहने से तीन बच्चों समेत चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, हरिपुरवा नगर पालिका-1 में हर्दीखोला नदी के किनारे से मिट्टी लेने गए तीन बच्चों और एक बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि त्योहार के लिए मिट्टी निकालने गए छह लोग फावड़े से नदी किनारे खुदाई कर रहे थे, तभी मिट्टी का ढेर ढह गया और चार लोग उसमें दब गए।

# ट्रंप के प्रस्ताव पर हमास ने नहीं दिया जवाब

## कतर, मिस्र और तुर्किए ने किया समझौता स्वीकार करने का आग्रह, पोप लियो ने भी की अपील

दीर अल बलाह/मॉस्को एजेंसी

गाजा में शांति स्थापित करने और इजराइल-हमास के बीच युद्ध विराम के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से पेश 20-सूत्रीय शांति योजना पर अबतक हमास ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। इस बीच कतर, मिस्र और तुर्की ने हमास से अमेरिकी राष्ट्रपति की गाजा में युद्धविराम की योजना को स्वीकार करने का आग्रह किया है। पोप लियो ने भी हमास की ओर से सात अक्टूबर 2023 को बंधक बनाए गए लोगों की रिहाई के साथ तुरंत युद्धविराम की अपील दोहराई है।

ट्रंप ने सोमवार को गाजा में युद्धविराम के लिए 20 सूत्री योजना का प्रस्ताव पेश किया था। इस पर इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भी सहमति जताई थी। इस प्रस्ताव में समझौते के कई अन्य बिंदुओं के साथ तत्काल युद्धविराम और 72 घंटों के भीतर दोनों ओर से सभी बंधकों की रिहाई की बात कही गई है। प्रस्तावित योजना में यह भी निर्धारित किया गया है कि हमास और अन्य समूहों को गाजा शासन में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से भागीदारी छोड़नी होगी।

प्रस्ताव के मुताबिक गाजा का शासन एक तकनीकी, गैरराजनीतिक फिलिस्तीनी समिति द्वारा किया जाएगा जिस पर ट्रंप के नेतृत्व में एक अंतरराष्ट्रीय निकाय नजर रखेगा।

कतर के प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी और मिस्र के खुफिया प्रमुख हसन राशद ने दोहा में सोमवार की रात हमास नेताओं के आगे ट्रंप की योजना प्रस्तुत की थी। अल थानी ने कहा कि हमास को इससे बेहतर समझौता नहीं मिलेगा और विश्वास व्यक्त किया कि अमेरिकी राष्ट्रपति वास्तव में युद्ध को समाप्त करने का इरादा रखते हैं। मंगलवार को अल थानी और हसन राशद ने फिर से हमास सदस्यों के साथ मुलाकात की। इस बार उनके साथ तुर्किए के खुफिया प्रमुख इब्राहिम कालिन भी थे। हालांकि हमास के नेताओं की ओर से अभी ट्रंप के प्रस्ताव पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है।

इस बीच पोप लियो ने भी मंगलवार देर रात केस्टल गेंडोल्फो स्थित अपने पैतृक निवास से प्रस्थान करते हुए युद्ध को समाप्त करने की योजना को लेकर आशा व्यक्त की। उन्होंने कहा, ऐसा लगता है कि यह एक यथार्थवादी प्रस्ताव है। पोप ने कहा, कुछ ऐसे तत्व हैं जो मुझे बहुत दिलचस्प लगते हैं, और मुझे आशा है कि हमास इसे निर्धारित समय सीमा में स्वीकार कर लेगा।



इजराइल के शहर तेल अवीव में हजारों लोगों ने बंधकों की रिहाई और तुरंत युद्धविराम की मांग करते हुए प्रदर्शन किया।

### गाजा पर इजराइली हमले में 16 फिलिस्तीनियों की मौत

**दीर अल बलाह।** इजराइल ने गाजा में अपनी सैन्य कार्रवाई बुधवार को भी जारी रखी, इसमें कम से कम 16 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। स्थानीय अस्पतालों के अधिकारियों के मुताबिक, इजराइली हमले में मारे गए लोगों में वे भी शामिल हैं, जिन्होंने गाजा शहर में विस्थापितों के लिए बने एक स्कूल में शरण ली हुई थी। अल-अहली अस्पताल के अधिकारियों के मुताबिक, शहर के पूर्वी जितून इलाके में स्थित अल-फलाह स्कूल पर कुछ ही मिनटों के अंतराल पर दो बार हमले हुए। हताहतों में पहले हमले के बाद मदद के लिए पहुंचे लोग भी शामिल हैं। अस्पताल ने बताया कि बुधवार सुबह गाजा शहर के पश्चिमी हिस्से में एक पेयजल टैंक के आसपास जमा लोगों पर हुए हमले में पांच फलस्तीनी मारे गए।

### हूती विद्रोहियों ने डच जहाज को बनाया मिसाइल का निशाना

**दुबई।** यमन के हूती विद्रोहियों ने बुधवार तड़के अदन की खाड़ी में एक डच ध्वज वाले मालवाहक जहाज पर हमले की जिम्मेदारी ली। हमले में जहाज बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इस हमले से हूती विद्रोहियों के हथियारों की क्षमता और इजराइल-हमास युद्ध के दौरान जहाजों को निशाना बनाने के अभियान की पुष्टि हुई है। सोमवार को लाल सागर से कुछ दूरी पर 'मिनर्वाग्रॉट' पर हुआ हमला अदन की खाड़ी में ईरान समर्थित हूतियों का सबसे भीषण हमला था। हूतियों ने इसी जगह नवंबर 2023 से अब तक चार जहाजों को नष्ट किया है। हमला ऐसे समय में हुआ है जब इजराइल गाजा शहर को निशाना बनाकर जमीनी हमले कर रहा है जबकि युद्धविराम के प्रयास फिर अधर में लटक गए हैं। इस बीच, संयुक्त राष्ट्र की ओर से ईरान पर उसके परमाणु कार्यक्रम को लेकर फिर से प्रतिबंध लगाने के बाद पश्चिम एशिया में भी तनाव है। हूती विद्रोहियों ने अमेरिकी तेल कंपनियों को निशाना बनाने के लिए सभी उपकरणों का इस्तेमाल करने की धमकी भी दी। हूती सैन्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल याह्या सारी ने कहा कि हूतियों ने एक क्रूज मिसाइल दागी जिसने 'मिनर्वाग्रॉट' को निशाना बनाया और उस पर हमला किया। सारी ने जहाज के मालिक, एम्स्टर्डम स्थित कंपनी स्प्लिएथॉफ पर कब्जे वाले फिलिस्तीन के बंदरगाहों में प्रवेश पर लगे प्रतिबंध का उल्लंघन करने का आरोप लगाया।

# झाड़ू-पोंछा करने वाली मां के बेटे ने ब्रिटेन में जीता एक लाख अमेरिकी डॉलर का ग्लोबल स्टूडेंट अवार्ड

**लंदन।** गरीबी में पले-बढ़े 18 वर्षीय छात्र/अन्वेषक आदर्श कुमार को बुधवार को लंदन में एक समारोह में एक लाख अमेरिकी डॉलर के 'ग्लोबल स्टूडेंट प्राइज 2025' का विजेता घोषित किया गया। आदर्श को 148 देशों से प्राप्त लगभग 11,000 नामांकनों और आवेदनों में से इस वार्षिक पुरस्कार के लिए चुना गया। यह पुरस्कार ऐसे असाधारण छात्र को दिया जाता है जिसने शिक्षा और समग्र समाज पर वास्तविक प्रभाव डाला हो।

बिहार के चंपारण में जन्मे आदर्श का पालन-पोषण अकेले उनकी मां ने किया है। उनकी मां ने आदर्श की पढ़ाई का खर्च निकालने के लिए दूसरे के घरों में झाड़ू-पोछा का काम किया। आदर्श जयपुर के जयश्री पेरीवाल इंटरनेशनल स्कूल (जेपीआईएस) में 30 लाख रुपये की पूर्ण छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले पहले छात्र भी हैं और अब वह दूसरों को भी इसे प्राप्त करने के लिए मदद करते हैं। लंदन में पुरस्कार प्राप्त करने के बाद आदर्श ने कहा, यह पुरस्कार जीतना अविश्वसनीय है। उन्होंने कहा, ग्लोबल स्टूडेंट प्राइज जीतने से मुझे और ज्यादा मेहनत करने का आत्मविश्वास मिला है। दूसरों के लिए मेरा संदेश यही है : खुद वह बनिए जो आप देखना चाहते हैं। बदलाव पहले अपने अंदर से शुरू होना चाहिए और फिर दुनिया में। दुनिया उन लोगों का सम्मान करती है जो सपने देखने की हिम्मत रखते हैं, इसलिए कृपया बड़े सपने देखें।



लंदन में ट्रॉफी के साथ आदर्श कुमार।

### महाराष्ट्र के स्कूल को मिलेगा ब्रिटेन में पुरस्कार

**लंदन।** महाराष्ट्र के खेड़ तालुका स्थित प्राथमिक स्कूल जिला परिषद प्राथमिकशाला जलिंदरनगर को लंदन में सर्वश्रेष्ठ स्कूल की श्रेणी में दिए जाने वाले '2025 वर्ल्ड्स बेस्ट स्कूल प्राइज कम्युनिटी च्वॉइस अवार्ड' का विजेता घोषित किया गया है। इस पुरस्कार की स्थापना ब्रिटेन स्थित टी4 एजुकेशन ने कोविड-19 महामारी के मद्देनजर उन स्कूलों को मंच प्रदान करने के लिए की थी जो अपनी कक्षाओं के साथ बाहर भी छात्रों के जीवन में बदलाव ला रहे हैं। आदिवासी बहुल जिले के इस स्कूल को अपनी विषय अनुकूल प्रणाली, मिलजुल कर पढ़ने-पढ़ाने के मॉडल के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण छात्र-नेतृत्व वाली शिक्षा प्रदान करके सरकारी स्कूल शिक्षा में क्रांति लाने के लिए इस पुरस्कार के लिए चुना गया है। अध्ययन अध्यापन के इस तरह के मॉडल में विभिन्न आयु वर्ग के छात्र एक-दूसरे के साथ पढ़ते हैं, एक दूसरे को पढ़ाते और सीखते हैं।

# इंडोनेशिया : स्कूल इमारत के मलबे में दबे 91 से ज्यादा छात्र

जकार्ता, एजेंसी

● अचानक ढह गई थी जर्जर इमारत तीन छात्रों के निकाले गए हैं शव

इंडोनेशिया की आपद प्रबंधन एजेंसी ने बुधवार को कहा कि पूर्वी जावा प्रांत के सिदोअर्जो जिले में 29 सितंबर को एक स्कूल की इमारत ढहने के बाद कम से कम 91 लोग फंस गए हैं। इनमें ज्यादातर स्कूल में पढ़ने वाले छात्र हैं।

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी (बीएनपीबी) के प्रवक्ता अब्दुल मुहरी ने बताया कि कल शाम तक, इस दुर्घटना में तीन छात्रों की मौत हो चुकी थी और 90 से ज्यादा घायल हो गए थे, जबकि 26 अस्पताल में भर्ती हैं। विभिन्न एजेंसियों के सैकड़ों बचावकर्मियों को घटनास्थल पर तैनात किया गया है। भारी मशीनरी के इस्तेमाल से इमारत के ढहने की आशंका की वजह से बचावकर्मियों ने हाथ से खुदाई पर ध्यान केंद्रित किया है। वे मलबे में फंसे लोगों तक खाना और पानी पहुंचा रहे हैं। घटनास्थल पर मौजूद बचावकर्मियों ने कहा कि ढही हुई इमारत के कुछ हिस्सों में जीवन के संकेत मिले हैं और वहीं पर प्रयास केंद्रित किए जा रहे हैं। इस बीच, बीएनपीबी निर्माण विशेषज्ञों के साथ मिलकर सुरक्षित तरीके से मलबा हटाने की योजना तैयार कर रहा है ताकि ज़रूरत पड़ने पर बाद के चरणों में भारी उपकरणों का इस्तेमाल किया जा सके।

# अमेरिका में शटडाउन के साथ शुरू हुआ अनिश्चितता का दौर

## करीब साढ़े सात लाख कर्मचारियों को छुट्टी पर भेजे जाने की आशंका, बड़े पैमाने पर छंटनी की भी चेतावनी

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में सरकारी कार्यक्रम और सेवाएं जारी रखने को लेकर निर्धारित समय सीमा बुधवार को पूरी होने तक राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और संसद के बीच कोई समझौता न हो पाने के बाद शटडाउन (सरकारी वित्तपोषण पर रोक) शुरू हो गया, जिसके चलते अनिश्चितता का वातावरण पैदा हो गया है।

शटडाउन के दौरान संघीय सरकार के लगभग 7,50,000 कर्मचारियों को छुट्टी पर भेजे जाने की आशंका है। शटडाउन के दौरान कई कार्यालय बंद हो जाएंगे। शटडाउन के कारण शिक्षा, पर्यावरण और अन्य सेवाएं ठप पड़ जाएंगी। इसका असर पूरे देश में पड़ने की उम्मीद है। समय सीमा पूरी होने से पहले ट्रंप ने व्हाइट हाउस में कहा, हम शटडाउन नहीं चाहते। हालांकि इस सप्ताह सांसदों से व्यक्तिगत तौर पर मुलाकात करने वाले ट्रंप शटडाउन से बचने के लिए डेमोक्रेटिक और रिपब्लकिन पार्टी के सांसदों के बीच समझौते को लेकर बातचीत कराने के इच्छुक नजर नहीं आ रहे थे। रिपब्लिकन सांसद ने बातचीत से इनकार कर दिया और ट्रंप को किसी भी बातचीत से दूर रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

व्हाइट हाउस में मुलाकात के बाद राष्ट्रपति ने डेमोक्रेटिक नेतृत्व का मजाक उड़ाते हुए एक कार्टूननुमा फर्जी वीडियो पोस्ट किया, जिसे व्यापक रूप से गैर गंभीर और नस्लवादी माना गया। उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने बुधवार को कहा कि रिपब्लिकन सांसद स्वास्थ्य देखभाल से जुड़े उन मुद्दों को सुलझाना चाहते हैं, जिनपर डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसदों ने चिंता जताई है।

### शिक्षा विभाग में 87% कर्मचारी भेजे जाएंगे छुट्टी पर, काम ठप होने की आशंका

अमेरिकी शिक्षा विभाग में सरकारी वित्त पोषण रुकने से कामकाज ठप पड़ने की आशंका है। शिक्षा विभाग का कहना है कि बुधवार से शुरू हो रहे 'शटडाउन' के दौरान हालांकि उसके कई मुख्य कार्य जारी रहेंगे और संघीय वित्तीय सहायता जारी रहेगी, लेकिन छात्र ऋण भुगतान अब भी बकाया रहेंगे। वहीं, नागरिक अधिकारों से जुड़ी शिकायतों की जांच बंद हो जाएगी और विभाग नए संघीय अनुदान जारी नहीं करेगा। विभाग की एक आकस्मिक योजना के अनुसार, उसके लगभग 87 प्रतिशत कर्मचारियों को छुट्टी पर भेज दिया जाएगा।

- प्रशासन ने संकेत दिया है कि शटडाउन से संघीय एजेंसियों में और भी पद समाप्त हो सकते हैं। पिछले शटडाउन में संघीय धन बहाली के बाद छुट्टी गए कर्मचारियों को बुला लिया गया था। इस बार व्हाइट हाउस के प्रबंधन एवं बजट कार्यालय ने कर्मचारियों को बड़े पैमाने पर निकालने की धमकी दी है।
- मई में सदन की विनियोग समिति के समक्ष पेश हुई शिक्षा मंत्री लिंडा मैकमोहन ने कहा कि इस साल की छंटनी ने उनके विभाग को कमजोर कर दिया है और कुछ मामलों में तो बहुत ज्यादा असर पड़ा है।

### लंबे समय तक बना रह सकता है यह संकट


सांसदों के गतिरोध और सरकार को धन मुहैया कराने की समयसीमा चूकने से अमेरिका में लंबे समय तक शटडाउन की आशंका है। रिपब्लिकन पार्टी के सांसदों ने 21 नवंबर तक सरकार को मौजूदा स्तर पर धन मुहैया कराने के लिए एक अल्पकालिक उपाय का समर्थन किया, मगर डेमोक्रेटिक पार्टी ने इसका विरोध किया और जोर दिया कि स्वास्थ्य देखभाल पर उनकी चिंताओं का समाधान होना चाहिए। डेमोक्रेटिक सांसद कुछ समय पहले पारित ट्रंप की 'मेडिकेड' कटौती को बदलना और कर क्रेडिट का विस्तार करना चाहते हैं जो 'अफोर्डेबल केयर एक्ट' द्वारा स्थापित बाजारों के जरिए स्वास्थ्य बीमा लेने वाले लाखों लोगों के लिए प्रीमियम को अधिक किफायती बनाता है।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 2 अक्टूबर, गुरुवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आश्विन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, दशमी 19.10 तक तत्पश्चात एकादशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- दक्षिण, ऋतु- शरद।
चन्द्रबल- मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल- भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- उत्तराषाढ़ा 09.13 तक तत्पश्चात श्रवण।

**मेष:** आज कारोबार में लाभ के बावजूद मन संतुष्ट नहीं रहेगा। यदि किसी लत या बुरी आदत से ग्रसित हैं, तो सावधान रहें। शरीर में स्फूर्ति की कमी हो सकती है। पारिवारिक जीवन अत्यंत आनंदमय रहेगा। हाथ में आए अवसरों को लेकर लापरवाही न करें।

**वृष:** आज पिछले कई दिनों से चली आ रही तनावयुक्त परिस्थितियां सामान्य हो जाएंगी। दूसरों के मामलों में अधिक हस्तक्षेप न करें। ऑनलाइन कारोबार से जुड़े लोगों के लिए दिन विशेष रूप से शुभ है। लोग आपके व्यक्तित्व से आकर्षित रहेंगे।

**मिथुन:** आज आपको किसी कारणवश सहकर्मियों के ताने सुनने पड़ सकते हैं। कारोबार से जुड़े लोगों को अपनी कमियों और गलतियों का मूल्यांकन करना चाहिए। प्रेम-संबंधों को लेकर अधिक भावुक होने की आवश्यकता नहीं है।

**कर्क:** आज कारोबार में बड़ा निवेश कर सकते हैं। माता-पिता आपसे अत्यधिक प्रसन्न रहने वाले हैं। वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा है। नौकरी में परिस्थितियां अत्यंत अनुकूल रहेंगी। अचानक प्राप्त हुए अवसरों से मन में प्रसन्नता होगी।

**सिंह:** आज अधीनस्थ कर्मचारी आपसे किसी कारण नाराज होंगे। अपने खर्चों पर नियंत्रण रखें। मैनेजमेंट से जुड़े लोगों को परेशानी होगी। वैवाहिक जीवन में अनबन हो सकती है। इस समय को शांति और प्रेम पूर्वक बिताएं।

**कन्या:** आज आप अत्यंत तीव्र गति से अपने काम पूरे करेंगे। भविष्य की योजनाओं पर धन खर्च करेंगे। जीवनसाथी का सहयोग आपका मनोबल बढ़ाएगा। नई नौकरी की शुरुआत कर सकते हैं। बुरा समय खत्म होने से चैन की सांस लेंगे।

**तुला:** आज आपको सैद्धांतिक विचारों के साथ व्यावहारिक भी होना पड़ेगा। उच्च अधिकारियों के प्रति मन में नाराजगी रहेगी। उधार लेने से आपको बचना चाहिए। आपको केवल अपने काम पर ध्यान देना चाहिए। परीक्षा परिणाम में आपको सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक:** आज आप सभी कार्यों को एकाग्र होकर करेंगे। मित्रों की सहायता से आपके सभी काम आसानी से पूर्ण हो जाएंगे। आपको मेहनत का सार्थक परिणाम मिलेगा। संतान को लेकर गौरव की अनुभूति होगी। इच्छित प्रेमी को प्रपोज कर सकते हैं।

**धनु:** आज व्यापार में आपका प्रदर्शन बेहतरीन रहने वाला है। आपको जोखिम लेने से बचना चाहिए। अपनी रचनात्मक क्षमता का अच्छा प्रयोग करेंगे। किसी पर भी सहज ही विश्वास न करें। अपने लक्ष्यों को लेकर दृढ़प्रतिज्ञ रहें। पारिवारिक अशांति दूर होगी।

**मकर:** आज जटिल मामलों को आसानी से सुलझा लेंगे। प्रतिस्पर्धियों के ऊपर आप भारी पड़ेंगे। आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। आपको सुखद समाचार मिल सकते हैं। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है। परिवार के लोग आपको सहयोग देंगे।

**कुंभ:** आज कार्यक्षेत्र में थोड़ी कठिनाई का अनुभव करेंगे। अपने विचारों को संकीर्णता के दायरे में सीमित न करें। दूसरों के बजाय स्वयं के निर्णय को अधिक प्रधानता दें। किसी से अधिक अपेक्षा न रखें। दिनचर्या अनियमित हो सकती है।

**मीन:** आज व्यवसाय के दृष्टिकोण से आप अत्यंत भाग्यशाली रहने वाले हैं। रुका हुआ धन आपको प्राप्त हो सकता है। आत्मविश्वास के कारण आप हर जगह बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे। जटिल समस्याओं का समाधान निकालने में सफलता मिलेगी।

## सुडोकू -117

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | 2 | 6 | | 4 | | |
| 9 | | | | | | 5 | | |
| | | | 4 | | | | 1 | 7 |
| | 3 | | | | 8 | | | 4 |
| | | 6 | | | | 7 | | |
| 1 | | | 7 | | | | 9 | |
| | 4 | | | | 3 | | | 8 |
| | | 2 | | | 4 | | | 6 |
| | | 5 | | 7 | | | 4 | |

### सुडोकू - 116 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 1 | 4 | 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 8 |
| 5 | 2 | 9 | 8 | 4 | 1 | 3 | 7 | 6 |
| 7 | 8 | 6 | 5 | 2 | 3 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 5 | 1 | 3 | 7 | 2 | 6 | 8 | 9 |
| 9 | 3 | 8 | 1 | 5 | 6 | 2 | 4 | 7 |
| 2 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 | 1 | 3 | 5 |
| 6 | 7 | 2 | 9 | 3 | 4 | 8 | 5 | 1 |
| 1 | 4 | 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 9 | 2 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 |



हम दमदार क्रिकेट खेलना चाहेंगे। भारत आने वाली किसी भी टीम के लिये चुनौती स्पिन और रिवर्स स्विंग होती है। इन चुनौतियों को ध्यान में रखकर हम ऐसी विकेटों पर खेलना चाहते हैं जो गेंदबाजों और बल्लेबाजों दोनों की मदद करे।

-शुभमन गिल

# भारत ए ने रनों की बारिश कर आस्ट्रेलिया ए को रौंदा



शतक लगाने के बाद जश्न मनाते के कप्तान श्रेयस अय्यर। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कप्तान श्रेयस अय्यर व प्रियांश आर्य ने जड़े शतक, तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त
- भारत ए ने पहले बैटिंग करते 50 ओवर में 6 विकेट पर 413 रनों का स्कोर खड़ा किया

**अमृत विचार।** ग्रीनपार्क स्टेडियम में भारत ए व ऑस्ट्रेलिया ए के बीच होने वाला पहला वनडे मैच मंगलवार को बारिश के कारण रद्द हुआ और बुधवार को खेला गया। दूसरे दिन हुए मैच में चौकों-छक्कों की बारिश हुई और भारत ए टीम ने माहौल रोमांचक बना दिया। भारत ए ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 6 विकेट खोकर 413 रनों का स्कोर खड़ा किया।

जवाब में आस्ट्रेलिया ए की टीम 33.1 ओवर में 242 रन पर लौट गई। भारत ए 171 रन के बड़े अंतर से मुकाबला अपने नाम किया। टॉस जीतकर गेंदबाजी करने उतरी आस्ट्रेलिया ए टीम पर सलामी बल्लेबाजों ने दबाव बनाया। प्रियांश और प्रभसिमरन सिंह ने पहले विकेट के लिए 135 रन की साझेदारी कर मेहमान गेंदबाजों को मैदान पर दौड़ाया। प्रभसिमरन 59 रन बनाकर आउट हुए, जबकि प्रियांश ने 101 रन की शतकीय पारी खेली और 11 चौके व 5 छक्के जड़े। इसके बाद कप्तान श्रेयस अय्यर और रियान पराग ने तीसरे विकेट के लिए 132 रन जोड़े। पराग ने 66 रन बनाए जबकि अय्यर ने 75 गेंदों पर 110 रन की शानदार पारी खेली, जिसमें 12 चौके और 4 छक्के जड़े। अंत में आयुष बडोनी ने केवल 26 गेंदों पर ताबड़तोड़ 50 रन ठोकते हुए टीम का स्कोर 400 के पार पहुंचा दिया। भारत ने निर्धारित ओवरों में 6 विकेट खोकर 413 रन बनाए। आस्ट्रेलिया के लिए विल सदरलैंड ने दो विकेट लिए, पर वह काफी महंगे साबित हुए और 73 रन खर्च किए। टॉम स्ट्रेकर, टॉड मर्फी और लियाम स्कॉट को एक-एक सफलता मिली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आस्ट्रेलिया ए टीम ने भी शुरू में तेजी से रन बटोरे। जैक फ्रेजर ने 23 रन बनाए, लेकिन युद्धवीर सिंह ने उन्हें आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। कूपर कॉनोली ने 33 रन और मैकेंजी हार्वे ने 68 रन बनाए, जिसमें 7 चौके, 2 छक्के शामिल रहे। इसके बाद 181 रन के योग पर चार विकेट गंवा दिए।



शतक लगाने के बाद जश्न मनाते प्रियांश आर्य। अमृत विचार

## हाईलाइट

### सिनर ने चाइना ओपन जीता



**बीजिंग :** इटली के यानिक सिनर ने अमेरिकी युवा लर्नर टियेन को बुधवार को चाइना ओपन में 6-2, 6-2 से हराकर खिताब जीता और शंघाई मास्टर्स टेनिस की अपनी तैयारी पुख्ता की। सिनेर ने इससे पहले एलेक्स डि मिनौर को 6-4, 3-6, 6-2 से हराकर हार्डकोर्ट पर लगातार नौवे फाइनल में प्रवेश किया था। उन्नीस वर्ष के टियेन ने पहली बार फाइनल में प्रवेश किया, जब दानिल मेदवेदेव चोट के कारण रिटायर हो गए थे। उस समय स्कोर 5-7, 7-5, 4-0 था।

### विदर्भ ने शेष भारत के खिलाफ 280 रन बनाए

**नागपुर :** सलामी बल्लेबाज अथर्व ताइडे के नाबाद शतक से विदर्भ ने ईरानी कप मैच के पहले दिन बुधवार को यहां शेष भारत के खिलाफ पांच विकेट पर 280 रन बनाए। ताइडे ने 240 गेंद में 12 चौकों और एक छक्के से नाबाद 118 रन बनाए। यश राठौड़ ने भी 153 गेंद में छह चौकों और एक छक्के की मदद से 91 रन की पारी खेली। दोनों ने चौथे विकेट के लिए उस समय 184 रन की साझेदारी की जब टीम 80 रन पर तीन विकेट गंवाने के बाद संकट में थी। रणजी ट्रॉफी चैंपियन टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम ने सात ओवर में बिना विकेट गंवाए 40 रन बनाए लेकिन इसके बाद जल्द ही तीन विकेट गंवा दिए।

### दिल्ली ई स्पोर्ट्स ओपन का समापन

**नई दिल्ली :** दिल्ली ई स्पोर्ट्स ओपन चैम्पियनशिप 2025 का समापन नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी में सफलतापूर्वक हुआ, इस चैम्पियनशिप ने देश की राजधानी में प्रतिस्पर्धी गेमिंग के नए बेंचमार्क स्थापित किए हैं। दिल्ली-एनसीआर से रिकॉर्ड 4250 प्रतिभागियों ने हिस्सा लेकर इसे गेमिंग बिल पास होने के बाद, पहले राज्य-उन्मुख ई-स्पोर्ट टूर्नामेन्ट्स में से एक बना दिया है। चैम्पियनशिप का आयोजन एक नेशनल ईस्पोर्ट्स संगठन द्वारा 27 राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों की उपस्थिति के साथ फेडरेशन ऑफ इलेक्ट्रॉनिक स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया किया गया।

### विश्व चैंपियनशिप में मीराबाई से उम्मीदें

**फोर्डे (नॉर्वे) :** वापसी की कोशिश में जुटीं पूर्व चैंपियन मीराबाई चानू बृहस्पतिवार से यहां शुरू हो रही विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप में एक बार फिर भारत की पदक की उम्मीदों को लेकर नए 48 किग्रा वर्ग में खुद को परखने की कोशिश करेंगी। भारत ने 12 सदस्यीय टीम उतारी है लेकिन 2017 की विश्व चैंपियन और 2022 की रजत पदक विजेता मीराबाई देश की एकमात्र पदक दावेदार हैं।

# वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत का पलड़ा भारी

## दो टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला आज से, विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के मिलेंगे अंक

अहमदाबाद, एजेंसी

विवादों से घिरा एशिया कप जीतने के बाद भले ही लंबा ब्रेक नहीं मिल सका हो, लेकिन शुभमन गिल की टीम का पलड़ा खराब फॉर्म से जूझ रही वेस्टइंडीज के खिलाफ बृहस्पतिवार से हरी भरी पिच पर शुरू हो रहे पहले टेस्ट में भारी रहेगा।

कप्तान गिल समेत भारतीय टीम के अधिकांश सदस्य और मुख्य कोच गौतम गंभीर दुबई से यहां पहुंच गए हैं और लाल गेंद के प्रारूप में खेलने की तैयारी में जुट गए हैं। इस सीरीज की अहमियत इसलिए भी है क्योंकि इससे विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अंक भी मिलने हैं। इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज 2-2 से ड्रॉ कराने के बाद गिल की टीम तीसरे स्थान पर है जबकि इंग्लैंड एक अंक पीछे है।

वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला समेत भारत को चार घरेलू टेस्ट खेलने हैं जिनसे अधिक से अधिक अंक लेने की कोशिश होगी। अहमदाबाद में इस बार खेलने की परिस्थितियां अलग है और पिच हरी भरी दिख रही है। मौसम उमस भरा है और टेस्ट मैच के दौरान थोड़ी बहुत बारिश की भी संभावना है। दूसरी ओर वेस्टइंडीज टीम 2025 . 27 डब्ल्यूटीसी चक्र में तीन टेस्ट हार चुकी है। ऐसे में दोनों टीमों के बीच मुकाबले से ज्यादा रूचि यह जानने में है कि भारत की अंतिम एकादश क्या होगी। पहले टेस्ट में पिच पर घास होने से भारतीय टीम संयोजन में बदलाव हो सकता है। पिछले सत्र में न्यूजीलैंड के खिलाफ टर्निंग पिचें बनाने से भारत को नुकसान हुआ था। अक्टूबर 2024 में भारत में आखिरी टेस्ट खेलने के बाद से टीम में बहुत कुछ बदला है। विराट कोहली, रोहित शर्मा और रविचंद्रन अश्विन जैसे दिग्गज पारंपरिक प्रारूप से विदा ले चुके हैं। अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी भी अब टीम में नहीं हैं। भारत की बल्लेबाजी और गेंदबाजी ईकाई संतुलित है और यह देखना होगा कि देवदत्त पडिक्कल के रूप में अतिरिक्त बल्लेबाज को उतारा जाता है या तेज गेंदबाजी हरफनमौला नितीश रेड्डी को मौका मिलता है। रविंद्र जडेजा और कुलदीप यादव स्पिन गेंदबाजी का जिम्मा संभालेंगे लेकिन भारत वॉशिंगटन सुंदर या अक्षर पटेल को भी मौका दे सकता है। वॉशिंगटन ने हैंपशर के लिये काउंटी क्रिकेट खेलने के बाद यहां पहुंचकर टीम के साथ अभ्यास किया। करुण नायर तीसरे नंबर की जगह लेने में नाकाम रहे और अब बी साई सुदर्शन का उस क्रम पर खेलना तय है।



भारत के कप्तान शुभमन गिल व यशस्वी जायसवाल टेस्ट मैच से पहले अभ्यास सत्र के दौरान। एजेंसी

**समय : पूर्वाह्न 9:30 से**

### टीमें

**भारत :** शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, ध्रुव जुरेल, एन जगदीशन, देवदत्त पडिक्कल, बी साई सुदर्शन, रविंद्र जडेजा, नितीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा।

**वेस्टइंडीज :** रोस्टन चेस (कप्तान), केवलोन एंडरसन, एलिक अथानाजे, जॉन कैंपबेल, तेजनारायण चंद्रपॉल, शाई होप, टेविन इमलाच, ब्रेंडन किंग, जस्टिन ग्रीव्स, जोहान लेन, खारी पियरे, जोमेल वारिकन, जेडेन सील्स, एंडरसन फिलिप, जेडिया ब्लेड्स।

### गेंदबाजों और बल्लेबाजों दोनों की मददगार पिच चाहते हैं हम : गिल

**अहमदाबाद :** भारत के टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने बुधवार को कहा कि टीम घरेलू मैचों में टर्निंग पिचों को तरजीह देने की बजाय ऐसी पिचों पर खेलना चाहती है जो बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों की मदद करे। वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में गिल ने कहा कि टीम पहले मैच में तीसरे तेज गेंदबाज को मौका दे सकती है चूंकि पिच पर घास जमी है और मौसम भी उमस भरा है। गिल ने कहा मेरे आने (बतौर कप्तान) से पहले क्या बात हुई थी, मैं उसके बारे में नहीं बोल सकता। लेकिन हम ऐसी पिचों पर खेलना चाहते हैं जो गेंदबाजों और बल्लेबाजों दोनों की मददगार हो। उन्होंने कहा भारत आने वाली किसी भी टीम के लिए चुनौती स्पिन और रिवर्स स्विंग होती है। इन चुनौतियों को ध्यान में रखकर हम ऐसी विकेटों पर खेलना चाहते हैं जो गेंदबाजों और बल्लेबाजों दोनों की मदद करे। उन्होंने कहा आपको संयोजन के बारे में कल पता चल जायेगा। मौसम और हालात को देखते हुए तीसरे तेज गेंदबाज को उतार सकते हैं लेकिन फैसला कल लेंगे। गिल ने कहा कि भारतीय टीम अपनी धरती पर दमदार क्रिकेट खेलना चाहेगी। उन्होंने कहा हम दमदार क्रिकेट खेलना चाहेंगे।

### गार्डनर के शतक से ऑस्ट्रेलिया का विशाल स्कोर

**इंदौर :** अनुभवी हरफनमौला एशले गार्डनर ने बुधवार को यहां आईसीसी वनडे विश्व कप मुकाबले में न्यूजीलैंड के खिलाफ 115 रन की शतकीय पारी खेलकर ऑस्ट्रेलियाई टीम को 326 रन के विशाल स्कोर तक पहुंचने में मदद की। ऑस्ट्रेलिया की पूरी टीम 49.3 ओवर में सिमट गई। गार्डनर ने अपनी पारी के दौरान 83 गेंद का सामना करते हुए 16 चौके और एक छक्का लगाया।

उनके अलावा फोबे लिचफील्ड ने 45 रन, किम गार्थ ने 38 रन और एलिस पैरी ने 33 रन का योगदान दिया। न्यूजीलैंड के लिए जेस केर और लिया ताहुहु ने तीन तीन जबकि ब्री इलिंग और अमेलिया केर ने दो दो विकेट झटके। गार्डनर 19वें ओवर में क्रीज पर उतरीं, तब ऑस्ट्रेलिया का स्कोर चार विकेट पर 113 रन था। उन्होंने महज 77 गेंद में अपना दूसरा वनडे शतक जड़ दिया और टीम के बड़े स्कोर की नींव रखी। इससे पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया ने तेज शुरूआत की लेकिन चार ओवर में 20 रन पर तीन विकेट गंवा दिए। कप्तान एलिस हीली (19) और फोबे लिचफील्ड (45) ने शानदार शुरुआत करते हुए आसानी से बाउंड्री लगाईं।

# अभिषेक टी-20 रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार

दुबई, एजेंसी

तेजी से उभरते हुए भारत के स्टार बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने बुधवार को जारी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की टी-20 बल्लेबाजी रैंकिंग में इतिहास के सर्वश्रेष्ठ रेटिंग अंक के साथ शीर्ष पर अपनी स्थिति और मजबूत की जबकि वरुण चक्रवर्ती भी गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार हैं। पाकिस्तान के सईम अयूब हालांकि टी20 अंतर्राष्ट्रीय ऑलराउंडर की सूची में भारत के हार्दिक पंड्या को पछाड़कर शीर्ष पर पहुंच गए। हाल में यहां संपन्न एशिया कप में भारत की खिताबी जीत के बाद अभिषेक ने इतिहास के सर्वश्रेष्ठ 931 अंक के साथ लगभग पांच साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ा। आईसीसी ने बताया कि 25 साल के अभिषेक ने 2020 में बनाए इंग्लैंड के दाएं हाथ के बल्लेबाज डेविड मलान के 919 रेटिंग अंक के रिकॉर्ड को तोड़ा।



अभिषेक शर्मा।

एशिया कप के दौरान 200 से अधिक के स्ट्राइक रेट से रन बनाकर टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने अभिषेक ने टीम के अपने साथियों सूर्यकुमार यादव (912) और विराट कोहली (909) के पिछले सर्वश्रेष्ठ रेटिंग अंक को भी पीछे छोड़ा। पिछले साल अंतरराष्ट्रीय पदार्पण करने वाले अभिषेक ने एशिया कप के सात मैच में 44.85 के औसत से 314 रन बनाए। अभिषेक दूसरे स्थान पर चल रहे इंग्लैंड के फिल सॉल्ट से 82 रेटिंग अंक आगे हैं।

टीम इंडिया के उनके साथी तिलक वर्मा तीसरे स्थान पर हैं। वर्मा ने एशिया कप में 213 रन बनाए। श्रीलंका के दाएं हाथ के बल्लेबाज पथुम निसांका एशिया कप में 261 रन की बदौलत दो स्थान के फायदे से करियर के सर्वश्रेष्ठ पांचवें स्थान पर पहुंच गए। टीम के उनके साथी कुसाल परेरा (दो स्थान के फायदे से नौवें), पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान (11 स्थान के फायदे से 13वें पायदान पर) और भारत के संजू सैमसन (आठ स्थान के फायदे से 31वें पायदान पर) की रैंकिंग में भी एशिया कप में अच्छे प्रदर्शन के बाद सुधार हुआ है।

### जूनियर निशानेबाजी विश्व कप में मुकेश ने जीता स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली :** मुकेश नेलावल्ली ने बुधवार को यहां आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप के अंतिम दिन पुरुषों की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता जबकि तेजस्विनी सिंह ने इसी स्पर्धा में महिला वर्ग में रजत पदक हासिल किया जिससे भारत पदक तालिका में शीर्ष पर रहा।

जूनियर विश्व चैंपियन मुकेश नेलावल्ली ने गैर ओलंपिक स्पर्धा में कुल 585 का स्कोर बनाकर स्वर्ण पदक जीता।

# सूर्यवंशी ने अंडर-19 टेस्ट में भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचाया

ब्रिसबेन, एजेंसी

वैभव सूर्यवंशी ने टी-20 शैली में 86 गेंद में 113 रन बनाए, जबकि वेदांत त्रिवेदी ने 140 रन की पारी खेलकर भारत की अंडर 19 टीम को मेजबान आस्ट्रेलिया ए के खिलाफ पहले युवा टेस्ट में बुधवार को 185 रन की बढ़त दिला दी।

भारत की अंडर 19 टीम ने 81.3 ओवर में 428 रन बनाए। आस्ट्रेलिया अंडर 19 टीम ने पहली पारी में 243 रन बनाए थे। दूसरी पारी में उसने दूसरे दिन एक विकेट पर आठ रन बना लिए थे। अभी भी वह भारतीय टीम से 177 रन पीछे है। चौदह वर्ष की उम्र में आईपीएल में शतक जमाने वाले सूर्यवंशी ने पारी के पहले ही ओवर में हेडन शिलेर को चौका जड़ा था।

उन्होंने त्रिवेदी के साथ 152 रन की साझेदारी करके बड़े स्कोर की नींव रखी। सूर्यवंशी ने अपनी पारी में आठ छक्के और नौ चौके लगाए। उन्होंने बाएं हाथ के स्पिनर आर्यन शर्मा को बेहतरीन कवर ड्राइव लगाकर अपना शतक पूरा किया।

# डेब्रनर ने स्वर्ण पदकों की हैट्रिक पूरी की

**विश्व पैरालंपिक**

नई दिल्ली, एजेंसी

इंडियनऑयल नई दिल्ली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में महिलाओं की 5000 मीटर टी54 और 800 मीटर टी53 स्पर्धाओं में पहले ही स्वर्ण पदक जीत चुकीं कैथरीन डेब्रनर ने बुधवार सुबह 3:16.81 मिनट के चैंपियनशिप रिकॉर्ड समय के साथ 1500 मीटर टी54 का खिताब भी अपने नाम किया। इसी के साथ वह इस चैंपियनशिप में तीन स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली एथलीट बनीं।

गत चैंपियन झोउ झाओकियान (चीन) 800 मीटर के बाद दूसरी बार दूसरे स्थान पर खिसक गईं। चीनी खिलाड़ी अगले कुछ दिनों में 100 मीटर और 400 मीटर स्प्रिंट में डेब्रनर को मात देने की उम्मीद कर रही होंगी, लेकिन डेब्रनर के पास पेरिस 2024 पैरालंपिक खेलों में चार स्वर्ण पदक जीतने का अनुभव है और वह इस बार भी बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगी।

पुरुषों की शॉट पुट एफ36 स्पर्धा में व्लादिमीर स्विरिडोव (न्यूट्रल पैरा एथलीट) ने अपने अंतिम प्रयास में 17.01 मीटर का शानदार थ्रो फेंककर स्वर्ण पदक जीता। पिछली बार सर्कल में प्रवेश करने पर, रूस में जन्मे इस एथलीट ने 16.93 मीटर का थ्रो फेंककर गत चैंपियन यासीन गुएनिची (ट्यूनीशिया) से बढ़त हासिल की थी, लेकिन आखिरी प्रयास में गुएनिची उनसे आगे निकल गए। गुएनिची पहले दो राउंड के बाद 16.57 मीटर और 16.74 मीटर के थ्रो के साथ आठ एथलीटों के समूह में सबसे आगे थे, लेकिन पाँचवें राउंड में स्विरिडोव के आगे निकलने के बाद, ट्यूनीशियाई एथलीट ने अपने छठे प्रयास में 16.93 मीटर का थ्रो फेंककर काउंटबैक में बढ़त बना ली और रूस में जन्मे दो बार के पैरालंपिक खेलों के चैंपियन पर अपनी पहली जीत दर्ज की।



भारत की सुचित्रा परिदा महिला भाला फेंक एफ56 फाइनल के दौरान। एजेंसी

### चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स में खराब प्रदर्शन से बुरी तरह टूट गई थी : वैशाली

**नई दिल्ली :** चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स टूर्नामेंट में लगातार सात हार के बाद ग्रैंडमास्टर आर वैशाली बुरी तरह से टूट गईं थी और उन्होंने ग्रैंड स्विस टूर्नामेंट से हटने का मन बना लिया था लेकिन परिवार के समर्थन के बाद उन्होंने इस टूर्नामेंट में हिस्सा लिया और खिताब जीतकर अगले साल होने वाले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया। दिव्या देशमुख और कोनेरू हंपी के बाद अगले साल होने वाले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने वाली तीसरी भारतीय वैशाली ने कहा कि उनका परिवार, विशेषकर छोटे भाई आर प्रज्ञानानंदा उन्हें मजबूती देते हैं और मुश्किल समय से उबरने में मदद करते हैं। वैशाली ने फिडे (अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ) को दिए साक्षात्कार में कहा चेन्नई में (इस साल) हुए टूर्नामेंट में मैंने लगातार सात बाजियां गंवाईं।

**अकड़ जारी** बोले- एशिया कप ट्रॉफी तभी मिलेगी जब टीम सीधे उनसे लेगी

# भारत मुझसे ट्रॉफी ले सकता है : नकवी

दुबई, एजेंसी

एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष मोहसिन बीसीसीआई से कभी माफी नहीं मांगीने ज़ोर देकर कहा है कि भारत को एशिया कप ट्रॉफी तभी मिलेगी जब टीम सीधे उनसे लेगी।

नकवी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा एसीसी अध्यक्ष होने के नाते, मैं उसी दिन ट्रॉफी सौंपने के लिए तैयार था और अब भी तैयार हूं। अगर वे सचमुच इसे चाहते हैं, तो वे एसीसी कार्यालय आकर मुझसे इसे ले सकते हैं। नकवी की यह टिप्पणी कल दुबई में हुई एसीसी बैठक के बाद आई है, जिसकी अध्यक्षता उन्होंने की थी और बीसीसीआई का प्रतिनिधित्व उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला और पूर्व कोषाध्यक्ष आशीष शेलार ने किया था।

इस बात पर कोई निर्णय नहीं हो पाया कि सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय टीम ट्रॉफी और विजेता पदक प्राप्त करेगी या नहीं। यह गतिरोध एशिया कप फ़ाइनल में भारत की जीत के बाद एक तनावपूर्ण क्षण से उपजा है, जब नकवी, जो पीसीबी अध्यक्ष और पाकिस्तान के गृह मंत्री भी हैं, पुरस्कार वितरण के लिए पोडियम पर आए। हालाँकि, भारतीय टीम ने उनसे ट्रॉफी और पदक स्वीकार करने से इनकार कर दिया, जिससे समारोह में एक घंटे से ज्यादा की देरी हुई। अंत में, कुलदीप यादव, तिलक वर्मा और अभिषेक शर्मा ने अन्य गणमान्य व्यक्तियों से अपने-अपने पुरस्कार प्राप्त किए, जबकि ट्रॉफी को एसीसी के एक अधिकारी अपने साथ ले गए।

भारतीय खिलाड़ियों ने मंच पर जश्न मनाया, लेकिन बिना किसी पदक के। यह विवाद टूर्नामेंट के दौरान भारत और पाकिस्तान के बीच हफ्तों से चल रहे तनावपूर्ण संबंधों का एक और उदाहरण है, जिसमें मैदान पर तनाव पहलगाम आतंकवादी हमले, भारत द्वारा सीमा पार हमलों के लिए ऑपरेशन सिंदूर शुरू करने और दोनों देशों के बीच चार दिनों तक चले सैन्य गतिरोध के बाद द्विपक्षीय संबंधों में आई कड़वाहट को दर्शाता है।



### बीसीसीआई से कभी माफी नहीं मांगी

नकवी ने कहा मैं यह साफ कर देना चाहता हूं : मैंने कुछ गलत नहीं किया और मैंने बीसीसीआई से कभी माफी नहीं मांगी और ना ही कभी मांगूंगा। आशीष शेलार और राजीव शुक्ला ने एसीसी की एजीएम में बीसीसीआई का प्रतिनिधित्व किया था जहां उन्होंने सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम को ट्रॉफी नहीं देने पर कड़ी आपत्ति जताई थी। भारतीय टीम ने फाइनल में पाकिस्तान को हराया था। नकवी ने मंगलवार को बीसीसीआई अधिकारियों से कहा था कि वह ट्रॉफी भारतीय टीम को देने के लिए तैयार हैं। हालांकि एजीएम में इस मुद्दे पर कोई फैसला नहीं लिया गया जिससे बीसीसीआई के शीर्ष अधिकारी और नाराज हो गए। बीसीसीआई इस मामले को आईसीसी के सामने रखेगा।